सुप्रभात

रांची, बुधवार

14.06.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 329



12 विजय वर्मा से अफेयर की चर्चाओं पर तमन्ना ने तोड़ी चुप्पी

## न्यूज डायरी

### कश्मीर में घुसपैठ कर रहे दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। सुरक्षा बलों ने एक बार फिर आतंकियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा से लगी नियंत्रण रेखा के पास सेना और पुलिस के साझा ऑपरेशन में दो आतंकियों को ढेर कर दिया है।

### जेलेंस्की के गृहनगर पर हमला, 10 की मौत

**मास्को।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के गृहनगर में रूसी मिसाइलों का कहर टूटा है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है, वहीं 28 लोग घायल हो गये। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में यूक्रेन पर रूस के हमले में रक्तपात की यह ताजा घटना है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट से विपक्ष को झटका

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल में विपक्षी पार्टियों को कलकत्ता हाईकोर्ट के बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पंचायत चुनावों की तारीखों को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि नामांकन की तारीख को आगे नहीं बढ़ाया जायेगा। राज्य में पंचायत चुनाव का ऐलान कर दिया गया है।

### पलामू पुलिस लाइन में दो जवानों की मौत

**मेदिनीनगर।** जिले के पुलिस लाइन में दो जवानों की मौत हो गयी है। दोनों बिहार के रहनेवाले थे और हार्ट अटैक से मौत बतायी जा रही है। जानकारी मिलने पर पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर अनीष मोमित कुजूर पहुंचे और मामले की छानबीन किये।

### 11वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 98.15% सफल

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 11वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें 98.15 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। छात्रों के मुकाबले छात्राओं का रिजल्ट बेहतर रहा है। परीक्षा में 3,68,402 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 3,61,615 विद्यार्थी पास हुए हैं।

### बिहार में विधायकों का फंड बढ़ाया गया

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता बिहार कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने विधायकों-विधान पार्षदों को हर साल मिलने वाले फंड में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। अब विधायक और एमएलसी चार करोड़ तक की योजनाओं की अनुशंसा कर सकेंगे।

### नीतीश को झटका मांझी पुत्र का इस्तीफा

**पटना।** बिहार की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन ने नीतीश मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। सरकार में शामिल हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन नीतीश कैबिनेट में अनुसूचित जाति /जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री थे। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी का अस्तित्व खतरे में था, पार्टी को बचाने के लिए हमने इस्तीफा दिया है। उनके इस्तीफे 23 को होनेवाली विपक्षी दलों की बैठक को कड़ा झटका लगा है।

### देश के कई इलाकों में भूकंप के तेज झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप के झटके हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब और आसपास के इलाकों में महसूस किये गये।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड में उमड़ने लगे बादल, मानसून की दस्तक शीघ्र

- 17 तक हीटवेव की चेतावनी और 18 को बारिश की संभावना प्रबल
- कहीं-कहीं गर्जन/वज्रपात के साथ तेज हवा चलने की संभावना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मानसून देश के पूर्वोत्तर के राज्यों समेत पश्चिम बंगाल होते हुए बिहार के फारबिसगंज तक प्रवेश कर झारखंड की दहलीज तक पहुंच चुका है। अगले तीन से चार दिनों में यह कभी भी झारखंड में प्रवेश कर सकता है। झारखंड में बादल उमड़ने-घुमड़ने लगे हैं, जो शीघ्र मानसून के आने के संकेत दे रहे हैं। झारखंड में मानसून के पूर्व मौसम बदलाव की प्रक्रिया में तेजी आयी है। आसमान में बादल छा रहे हैं और राज्य के पूर्वोत्तर समेत कुछ हिस्सों में बारिश भी हो रही है।

### 18 जून से बारिश के आसार

मौसम विभाग के विशेषज्ञ अभिषेक आनंद ने बताया कि आनेवाले दिनों में बारिश की संभावना बन रही है। बादलों के मजबूत होने पर बारिश हो सकती है। 18 जून से बारिश की प्रबल संभावना बन रही है। 18 एवं 19 जून को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने झारखंड में 17 जून तक हीट वेब की चेतावनी जारी की है। जारी येलो अलर्ट में कहा गया है कि 14 और 15 जून को राज्य के दक्षिणी (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां) तथा उत्तरी-पश्चिमी (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा) भागों में कहीं-कहीं उष्ण लहर की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं, राज्य के उत्तर-पूर्वी (देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज), दक्षिणी (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा

### राज्य के कई जिलों का तापमान 40 के पार



सरायकेला खरसावां) तथा मध्य (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़) भागों में कहीं कहीं गर्जन/वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति 30-40 किमी/घंटा) चलने की संभावना है।

इसके साथ ही 16 एवं 17 जून को राज्य के दक्षिणी (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां) तथा उतर पश्चिमी (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा) भागों में कहीं-कहीं उष्ण लहर की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं राज्य के पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं कहीं गर्जन/वज्रपात के साथ तेज सतही हवा चलने की संभावना है। राज्य में 16 जून तक रहेगा गर्मी का प्रकोप मानसून आगमन से पूर्व राज्य के पूर्वोत्तर भाग समेत कई हिस्सों में बादल छाए रहे।

> राज्य में मानसून आगमन के पूर्व मौसम में अनुकूल बदलाव आ रहे हैं। अरब सागर में बने तूफान बिपारजॉय से भी मानसून प्रभावित है। इसके कमजोर होने के बाद मानसून की रफ्तार में तेजी आयेगी और यह झारखंड में प्रवेश करेगा। - **अभिषेक आनंद, मौसम वैज्ञानिक मौसम विभाग रांची**

झारखंड में छिटपुट बारिश के बीच हीटवेव 17 जून तक जारी रहेगा।

राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। मंगलवार को राज्य के उत्तरी-पूर्वी, दक्षिणी तथा मध्य भागों में हल्की बारिश हुई। बावजूद इन इलाकों में हीट वेब रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इन सब के बावजूद झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बिहार में मॉनसून पूर्णिया के रास्ते प्रवेश कर गया है। इसका आंशिक असर झारखंड के संताल परगना इलाके में दिखने लगा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार झारखंड में मानसून आने में तीन से चार दिन लग सकता है। प्रवेश के बाद तीन से चार दिन में पूरा फैल जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

# भयंकर तबाही ला सकता है चक्रवाती तूफान, सेना अलर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अरब सागर में बना चक्रवाती तूफान बिपरजॉय ने भयंकर रूप ले लिया है। आइएमडी ने आशंका जतायी है ति भयंकर तबाही मचा सकता है चिक्रवाती तूफान। आइएमडी ने कहा है कि 15 जून तक यह गुजरात पहुंच जायेगा। इस तूफान से कई जिलों में भयंकर तबाही मच सकती है। गुजरात के कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव दिखेगा। मंगलवार को अत्यंत गंभीर चक्रवात से कमजोर होकर बेहद गंभीर चक्रवात में बदल गया है। इस दौरान अधिकतम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। एहतियात के तौर पर सेना को अलर्ट कर दिया गया है। तबाही की आशंका को ले कर पीएम मोदी ने सोमवार को हाईलेवल बैठक की थी। गृह मंत्री अमित शाह लगातार स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। राज्य सरकारों के साथ संपर्क में हैं।

आईएमडी के अनुसार राजकोट, मोरबी और जूनागढ़ में भारी से अति भारी बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। तेज हवाओं और बारिश से खड़ी फसलों, घरों, सड़कों, बिजली और संचार के खंभों को व्यापक नुकसान हो सकता है और निकासी मार्गों में बाढ़ आ सकती है। फिलहाल चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अरब सागर में ही हैष यह तेजी से पाकिस्तान और भारत के तटीय इलाकों में बढ़ रहा है।



### सेना ने कसी कमर

बिपरजॉय तूफान की भयावकता को देखते हुए भारतीय सेना ने भी कमर कस ली है। गुजरात में भयंकर तूफान बिपरजॉय के आने के बाद स्थानीय लोगों को सहायता देने के लिए सेना ने पूरी तैयारी कर ली है। भुज, जामनगर, गांधीधाम, धरंगधरा, वडोदरा और गांधीनगर के साथ-साथ नलिया, द्वारका और अमरेली में बाढ़ राहत स्तंभों का पूर्वाभ्यास किया गया है।

## रोजगार मेले में पीएम ने कहा, भ्रष्टाचार पुरानी सरकारों की पहचान

# नौजवानों के भविष्य को सेफगार्ड कर रही भाजपा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद विचारधारा की राजनीतिक पार्टियां, भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर चलती हैं और युवाओं, आम लोगों की तरक्की के अवसरों के 'रेट कार्ड' बनाती हैं। जबकि भाजपा नौजवानों के भविष्य को 'सेफगार्ड' करती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पिछली सरकारों की पहचान रही है। पीएम मोदी सुबह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए नवनियुक्त सदस्यों को लगभग 70,126 नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे।

नवनियुक्त सदस्यों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सरकारी भूमिकाओं में कदम रखने वालों के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण अवधि है क्योंकि 'आजादी का अमृत काल' शुरू हो गया है, जहां नये नियुक्त व्यक्ति अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य लेकर चलेंगे। इससे पहले 16 मई 2023 को पीएम मोदी ने 71 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे थे।

**लालू की भी चर्चा :** पीएम मोदी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बिना कहा, कुछ दिन पहले एक और मामला सामने आया था। रेलवे के एक मंत्री ने नौकरी देने के बदले में गरीब किसानों की जमीनें लिखवा ली थीं। नौकरी के बदले में जमीन प्रणाली वो भी केस केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अदालत में चल रहा है। ये भाई-भतीजावाद वाली पार्टियां देश के सामान्य लोगों से आगे बढ़ने के अवसर छीन लेती हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### रेट कार्ड, कट मनी में नौजवान आखिर कहां जायेगा



पीएम मोदी ने नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा, अभी आपने एक दो दिन पहले मीडिया में आयी रिपोर्ट देखी होगी। एक राज्य की उसमें चर्चा है, और चर्चा क्या है, नौकरी के लिए नकदी घोटाले की जांच में जो बातें बाहर निकल करके आई हैं, वो देश के नौजवानों के लिए बहुत बड़ा चिंता का विषय ले करके आयी हैं। कहा कि हमारे सामने दो चीजें साथ हैं, एक तरफ परिवारवादी वो पार्टियां, भाई-भतीजावाद करने वाली वो पार्टियां, भ्रष्टाचार में रोजगार के नाम पर देश के नौजवानों को लूटने वाली पार्टियां, जॉब रेट कार्ड, हर चीज में रेट कार्ड, हर चीज में कट मनी, दलाली। उन्होंने कहा, आप सोचिए जहां हर पद के लिए उस राज्य में 'रेट कार्ड' चला करता है और कट मनी का कारोबार चलता है। देश का नौजवान कहां जायेगा। ये स्वार्थी राजनीतिक दल, रोजगार के लिए 'रेट कार्ड' बनाते हैं। अगर आप सफाई कर्मी की नौकरी चाहिए, तो उसके लिए आपको ये रेट रहेगा, भ्रष्टाचार में इतना देना पड़ेगा। अगर आपको ड्राइवर की नौकरी चाहिए तो ड्राइवर की नौकरी के लिए ये रेट रहेगा, अगर आपको क्लर्क की नौकरी चाहिए, टीचर की नौकरी चाहिए, नर्स की नौकरी चाहिए तो आपको ये रेट रहेगा।

## स्वीमिंग पूल में नहाने के दौरान डूबे आइएसएम के प्रोफेसर, मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम धनबाद में एक असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है। स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। वह ओडिशा के रहने वाले थे। वो अपने साथियों के साथ आईएसएम में ही स्विमिंग कर रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार आईआईटी आईएसएम के असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है। बताया जा रहा है कि वो अपने दोस्तों के साथ हर रोज की तरह आईएसएस परिसर में ही स्विमिंग कर रहे थे। स्विमिंग पूल में दो साइड बने हुए हैं। एक साइड से स्विमिंग पूल में सीधे नीचे उतरा जा सकता है, जबकि दूसरी तरफ स्वीमिंग पूल में सीधे छलांग लगाने के लिए व्यवस्था बनी हुई है। यशवंत ने स्विमिंग पूल में छलांग लगायी। जिसके बाद वह सीधे पानी के नीचे चले गये। उनके कुछ साथियों ने पानी के अंदर से उन्हें निकाला और अस्पताल ले गये। तबतक मौत हो चुकी थी।

# हर सक्षम नागरिक को वोटर बनाये जाने पर आयोग का जोर

### कैंप और हर घर में स्टीकर लगा कर जोड़े जायेंगे नाम : के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची से छूटे हर नागरिक को सूची से जोड़ा जायेगा। इसके लिये वृहद कार्यक्रम बनाया गया है। चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि हर नागरिक प्रजातंत्र के उत्सव चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका निभाये। वे मंगलवार को चुनाव आयोग कार्यालय में पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे।

**खुद भी सूचीबद्ध हो सकते हैं :** उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मतदाताओं को सूची से जोड़ने की कवायद तो कर ही रहा है, आम नागरिक भी वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड कर खुद को मतदाता के रूप में सूचीबद्ध कर सकते हैं। चुनाव आयोग स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनका वोटर आईडी कार्ड उनके पते पर भेज देगा। वहीं, पोर्टल पर जाकर वोटर आईडी मे नाक सुधार फोटो सुधार, पता सुधार आदि भी सहज तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिये जहां विशेष कैंप का आयोजन होगा, वहीं हर घर का सर्वे कर मतदाताओं को सूची से जोड़ा जायेगा। साथ ही, त्रुटियों का सुधार भी होगा। यह कार्य 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इसमें 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज करा सकेंगे।




(शेष पेज 11 पर)

# चेशायर होम रोड जमीन मामले में विष्णु अग्रवाल से 21 को पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जमीन घोटाला मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को समन भेज कर 21 जून को हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले आठ मई को भी जमीन घोटाले मामले में विष्णु अग्रवाल को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था, पर बीमारी के कारण पूछताछ नहीं हुई थी। अब इडी चेशायर होम स्थित जमीन घोटाले के मामले में विष्णु अग्रवाल से पूछताछ होगी। इडी ने जमीन घोटाले को लेकर 11 जून को ही 11 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इनमें शहर के चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल का नाम भी शामिल है। गौरतलब हो कि इडी गलत तरीके से जमीन की खरीद-फरोख्त मामले में विष्णु अग्रवाल से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। लेकिन, ऑपरेशन का हवाला देते हुए इडी ऑफिस से विष्णु अग्रवाल ने समय मांगा था।

**विदेशी करेंसी मामले में पूजा के पति को समन करेगा इडी :** मनी लॉड्रिंग केस के आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा इडी को ऑस्ट्रेलिया से विदेशी करेंसी कैसे लाये, इसका प्रमाण नही दे सके हैं। पैसे लाने का जरिया क्या था, यह भी वह नहीं बता सके। इस मामले में इडी की ओर से एक बार फिर अभिषेक झा को समन भेजा जायेगा। ऑस्ट्रेलियन डॉलर 2009 और 2011 के बीच का है। उस वक्त पूजा सिंघल पलामू की डीसी थीं। हालांकि, अभिषेक का दावा है कि ऑस्ट्रेलिया से सात बार 74450 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर को भारत लाया था। जिसकी वैल्यू इंडिया में 31 लाख 89 हजार है। डॉलर लाते समय उन्होंने करेंसी डिक्लेरेशन फॉर्म भी नहीं भरा था। इडी ने अपनी जांच में पाया है कि सबसे ज्यादा पैसे पलामू में जमा किया गया। जहां पूजा सिंघल 19 जुलाई 2010 से लेकर आठ जून 2013 तक पलामू की डीसी थीं।

(शेष पेज 11 पर)

## अपने बयान से फिर चर्चा में आये फुरकान अंसारी, कहा

# पहले हमलोग यादव थे, सामंतों ने बनाया मुस्लिम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, गोड्डा।** हमेशा चर्चा में रहनेवाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फुरकान अंसारी अपने बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा है कि हमलोगों का धर्मांतरण हुआ था। पहले हमलोग यादव थे। मंडल थे, लगातार सामंती अत्याचार में कुचले जाने के कारण हमलोग मुस्लिम बने हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सामंती लोगों के अत्याचार और जुल्म की वजह से हमारे दादा-परदादा ने ऐसा किया। श्री अंसारी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय में जो मंडरिया जाति है वह पहले मंडल सरनेम लिखने वाला समाज था। पहले के सामंतवादी लोगों ने इतना अत्याचार किया कि हमलोग मुस्लिम बन गये। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने जबरन हमारा धर्मांतरण नहीं कराया बल्कि बहुत सौहार्दपूर्ण तरीके से हमारा कन्वर्जन हुआ है क्योंकि हिंदू समाज में हमारे साथ बहुत ज्यादती हो रही थी। उन्होंने कहा कि उस समय बहुत सारे यादव, महतो और मंडल लोग कन्वर्जन द्वारा मुस्लिम बन गये और यह तलवार के बल पर नहीं बल्कि स्वेच्छा से हुआ।

**हमें बहुत सताया जाता था :** फुरकान अंसारी ने कहा कि सामंतों ने गरीबों को बहुत सताया। बहुत जुल्म किये। गरीबों की बहू-बेटी को अपनी बहू-बेटी नहीं समझा और उनका शोषण किया। गरीबों को मंदिर नहीं जाने दिया। मोदी सरकार के राज में एक दलित राष्ट्रपति के मंदिर जाने पर 5 टैंकर गंगाजल से मंदिर को धोया गया। यही सामंती सोच है। यही भाजपा की सोच है। हम में से अधिकांश लोग पहले यादव या मंडल थे और बाद में कन्वर्जन से मुस्लिम बने क्योंकि वहां सामंती लोग हमें परेशान करते थे। फुरकान ने कहा कि सामंतों ने इंसान को इंसान नहीं समझा। गरीबों को हक नहीं दिया।



### कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के पिता हैं फुरकान

गौरतलब है कि फुरकान अंसारी झारखंड कांग्रेस के कद्दावार नेताओं में शुमार हैं। फुरकान अंसारी के बेटे डॉ इरफान अंसारी इस समय जामताड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं। चर्चा है कि फुरकान अंसारी अगले लोकसभा चुनाव में फिर से गोड्डा लोकसभा सीट से किस्मत आजमा सकते हैं। गोड्डा सीट फिलहाल भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे के कब्जे में है। हाल ही में इरफान अंसारी ने कहा था कि गोड्डा में कोई अंसारी ही भाजपा को टक्कर दे सकता है। इससे पहले महागामा को मिनी पाकिस्तान बताने वाला उनका बयान काफी सुर्खियों में रहा था। हालांकि, बाद में इरफान ने बयान से पल्ला झाड़ लिया था।

# भ्रष्टाचार के कारण झारखंड देश भर में बदनाम : वसुंधरा राजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड भाजपा में जान फूंकने तीन दिन के दौरे पर राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे मंगलवार को देवघर पहुंचीं। उन्होंने झारखंड सरकार सरकार पर जम कर निशना साधा। कहा कि अकूत खनिज संपदा वाला झारखंड भ्रष्टाचार के कारण पूरे देश में बदनाम हो रहा है। अपने दौरे के पहले दिन वह देवघर में जमसभा को संबोधित कर रही थीं। इसमें एक तरफ जहां उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायी तो दूसरी तरफ जारखंड सरकार पर निशाना साधा। भाजपा आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से जुट गयी है। इसी अभियान के तहत भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया झारखंड आयी हैं। अपने संबोधन में राजस्थान की पूर्व सीएम ने कहा कि हर तरफ झारखंड की चर्चा विकास कार्यों को लेकर नहीं बल्कि भ्रष्टाचार को लेकर हो रही है। अधिकारी जेल जा रहे हैं। सीएम भी खदानों को लेने के मामले में जांच के घेरे में हैं।



## राज्य सरकार को एक सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि झारखंड में वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गयी। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को एक सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए जेटेट परीक्षा से संबंधित हाईकोर्ट में दायर अन्य याचिकाओं को भी इस याचिका के साथ संलग्न कर इसकी सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुशल कुमार, विशाल कुमार ने पैरवी की।

बता दें कि प्रार्थी ने राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र लेने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि बीते सात वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है। प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाये। क्योंकि राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले सात साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्रार्थी की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया है कि वर्ष 2016 के बाद से राज्य में जेटेट की परीक्षा राज्य में नहीं ली गयी है। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार वर्ष 2016 के बाद से बिना जेटेट की परीक्षा लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है, जिससे करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जायेंगे। यहां यह भी बता दें कि सूरज बिहार मंडल एवं अन्य की ओर से भी सीटेट परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी है।

## हाईकोर्ट ने चतरा में अधूरे निर्माण पर पूरी राशि की निकासी मामले में सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** चतरा जिले में मनरेगा के तहत अधूरा काम कर पूरी राशि की निकासी कर लेने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस संबंध में चिंतामणि साव ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि चतरा जिले में मनरेगा के तहत कई निर्माण कार्य कराया जाना है लेकिन अधूरा निर्माण करा कर छोड़ दिया गया है और पूरी राशि की निकासी कर ली गयी है।

## विधानसभा में अवैध नियुक्ति मामला : विस सचिव को जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करनेवाली शिवशंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में विधानसभा सचिव की ओर से स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल किया गया। कोर्ट ने मामले में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट विधानसभा सचिव को शपथ पत्र के माध्यम से अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की। सुनवाई के दौरान झारखंड विधानसभा के सचिव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षतावाली कमीशन की रिर्पोट अबतक नहीं आयी है। कमीशन का कार्यकाल 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। रिपोर्ट तैयार किये जाने की प्रक्रिया जारी है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट से कहा कि मामले में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आयी थी, अब इस रिपोर्ट को जांचने के लिए दूसरी कमीशन बनायी गयी है। यह उचित प्रतीत नहीं होता है। जिस पर कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? यह रिपोर्ट कब तक आयेगी। प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांचकर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी गयी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन 2021 के बाद से अबतक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

## मनरेगा कर्मियों के बकाये भुगतान मामले में हजारीबाग के उपश्रमायुक्त हाईकोर्ट में हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वर्ष 2009-2010 में रामगढ़ के गोला प्रखंड में मनरेगाकर्मियों के बकाया भुगतान के मामले में राकेश कुमार की अपील की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान हजारीबाग के डिप्टी लेबर कमिश्नर कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी कब और कहां-कहां पदस्थापित थे। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस संबंध में सक्षम पदाधिकारी रामगढ़ उपायुक्त हैं। जिस पर कोर्ट ने मामले में प्रार्थी को रामगढ़ के उपायुक्त को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

अगली सुनवाई 27 जून को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, प्रार्थी ने अपील याचिका दायर कर एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी है। प्रार्थी तत्कालीन जूनियर इंजीनियर है। उन्होंने एकल पीठ के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। अपील याचिका में कहा गया है कि मनरेगाकर्मियों के बकाये का मामला उनके समय का नहीं है। उस समय वह पदस्थापित भी नहीं थे। बकाया का भुगतान नहीं होने के लिए वह जिम्मेवार नहीं है।

## भाजपा के महासंपर्क अभियान को मिल रहा है जनता का समर्थन : सरोज पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री, जनसंपर्क अभियान की प्रभारी सह सांसद सरोज पांडेय मंगलवार को एकदिवसीय दौरे पर रांची पहुंची। प्रदेश मुख्यालय में शाम छह बजे उन्होंने महासंपर्क अभियान की प्रदेश टोली की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश भर में महासंपर्क अभियान को जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संपर्क अभियान सर्व व्यापी व स्र्व स्पर्शी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री नमो को अपार समर्थन के साथ प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पास कोई उपलब्धि नहीं है। इसलिए महासंपर्क अभियान से महागठबंधन सरकार डरी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में आम जनता महागठबंधन सरकार को सबक सीखाने के लिये तैयार है। बैठक में प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, गंगोत्री कुजूर ने अंगवस्त्र एवं पुस्तक देकर स्वागत किया। बैठक में गणेश मिश्रा, विधायक बिरंची नारायण, मनोज सिंह, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अमित कुमार सिंह, राजश्री जयंती, चंदन कुमार, डॉ उमाशंकर केडिया आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के संयुक्त सम्मेलन में शामिल हुईं सरोज पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री सरोज पांडेय ने कहा है कि मोदी जी को पूरा विश्व अपना नेता मानता है। सरोज पांडेय मंगलवार को धुर्वा स्थित वाइबीएन स्कूल में संयुक्त सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगभग 140 से अधिक योजनायें चला रही है। इन योजनाओं से गरीबों की स्थिति में सुधार हो रहा है। झारखंड में भी पिछले 9 सालों में कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मोदी जी ने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने में सफलता पायी है। उन्होंने कहा कि 9 साल की उपलब्धियों को जन-जन तक



पहुचाने की आवश्यकता है। प्रदीप वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद उसकी रिर्पोटिंग भी करें। बालमुकुंद सहाय व विधायक नवीन जायसवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, नरेंद्र पांडेय, बलसायी महतो, गणेश मिश्रा, सीमा शर्मा, नीरज सिंह, सुबोध, सिंह गुडडू, अनिता वर्मा, रामलगन राम, रामजी प्रसाद, बीना मिश्रा, सीमा पासवान, संजय यादव , सचिन साहू थे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नवनियुक्त युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 151 युवाओं को मंगलावार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर में रोजगार मेला के तहत आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के छठवें चरण में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 25 युवाओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इन युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण में वे अपना योगदान दें। डाक विभाग, रेलवे, अलग-अलग बैंकों सहित अन्य विभागों में नवनियुक्त कुल 151 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित थे। बता दें कि रोजगार मेले के तहत आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण के छठे चरण तक देशभर में लगभग 70,000 को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, वित्तीय सेवाएं विभाग के आर्थिक सलाहकार सुधीर श्याम, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के महाप्रबंधक मनोज कुमार, उप महाप्रबंधक रणवीर सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के रांची अंचल के संजीव कुमार सिंह, एसएलबीसी के महाप्रबंधक मनोज कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक भरत लाल पुनिया मौजूद थे।

## ब्राजील में राजनायिकों के साथ बैठक में शामिल हुए संजय सेठ

### ब्राजील भारत के राजनायिक संबंध के 75 वर्ष पूरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय संसदीय दल की ब्राजील यात्रा के दूसरे दिन वहां के राजनयिकों के साथ बैठक हुई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाल जोशी के नेतृत्व में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पूर्व बैठक में किसानों की आय दोगुनी करने, खाद्य सुरक्षा, उर्जा सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। श्री सेठ ने बताया कि भारत व ब्राजील के बीच राजनयिक संबंध का 75 वर्ष पूर्ण हो गया। दोनों देशों के बीच विभिन्न संगठनों के माध्यम से गहरा लगाव है।

# जैक ने जारी किया 11 बोर्ड का रिजल्ट कोडरमा जिले के विद्यार्थी रहे अव्वल

### 98.15 फीसदी बच्चे पास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद ने मंगलवार को 11वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। इस परीक्षा में 98.15 फीसदी उर्त्तीण घोषित किये गये हैं। हालांकि 11वीं की परीक्षा में 6780 बच्चे फेल कर गये हैं। बोर्ड की ओर से आयोजित 11वीं की परीक्षा में कोडरमा के बच्चों ने पूरे राज्य में टॉप किया है, जबकि रांची के बच्चे 23वें स्थान पर यानि नीचे से दूसरे स्थान पर रहे हैं। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने ऑनलाइन

### हजारीबाग दूसरे नंबर और रांची के बच्चे 23वें स्थान पर



रिजल्ट जारी करते हुए कहा कि सभी जिले के परिणाम अच्छा रहा है परंतु और बेहतर की उम्मीद के साथ कोशिश होनी चाहिए।

इस परीक्षा में 3,78,376 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 3,68,402 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए और 3,61,615 बच्चे पास कर गये। वहीं इस परीक्षा में 9984 बच्चे अनुपस्थित रहे हैं। परिणा के लिहाज के पूरे राज्य में कोडरमा के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यह जिला टॉप पर रहा है। यहां के रिजल्ट का प्रतिशत 99.74 रहा है। दूसरे स्थान पर रहे हजारीबाग जिले के बच्चों के पास का प्रतिशत 99.51 है। वहीं, 99 फीसदी से अधिक रिजल्ट देनेवाले जिलों में बोकारो, सिमडेगा, लातेहार और गुमला शामिल है। सबसे नीचले पायदान में रांची और पश्चिमी सिंहभम रहा है। रांची का रिजल्ट 96.65 और पश्चिमी सिंभूम 96.20 फीसदी रहा है।

### फेल छात्रों को नहीं मिलेगा कोई मौका

जैक के अनुसार 11वीं की परीक्षा में फेल छात्रों को उन्हें कोई दूसरा मौका नहीं मिलेगा। उन्हें अगले साल 11वीं की पीरक्षा में शामिल होना होगा। बोर्ड का कहना है कि 9वीं और 11वीं के फेल छात्रों को कोई दूसरा मौका नहीं दिया जायेगा। बताते चलें कि 8वीं, 9वीं और 11वीं की परीक्षा में काफी फेल कर गये हैं। बोर्ड की मानें तो सभी बच्चों को सेम क्लास में रिपिट करना होगा।

## भाजपा आलाकमान को झारखंड के नेताओं पर भरोसा नहीं: राकेश सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को अब झारखंड के नेताओं पर भरोसा नहीं रहा इसलिए केन्द्र से नेता भेजे जा रहे हैं। नौ साल भाजपा को जनता याद नहीं आयी अब चुनावी साल में उनको मनाने में जुटे हुए हैं।

राकेश सिन्हा ने कहा कि मोदी जी के नौ साल देश के लोग मुद्रास्फिती, बेरोजगारी और तानाशाही फैसलों का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जो जुमलों के दम पर सत्ता में आयी और सत्ता में आने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं किया। झारखंड दौरे पर आये भाजपा के केन्द्रीय नेता यह बतायें कि 2022 तक किसानों की आया दुगुनी हुई, हर साल दो करोड़ नौकारियों का वादा क्या हुआ, उन्होंने कहा कि नोटबंदी ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। लोग बैंक के लाइनों में मर गए। इस भयावह दृश्य को देश की जनता भूल नहीं सकती।

उन्होंने कहा कि नौ साल जनता की आवाज को उठाने वाले लोगों को दबाव, कुचलो, बुलडोजर चलाओ, ईडी , सीबीआई का डर दिखाओ, अगर सरकार नहीं है तो पैसे के बल पर सत्ता खरीदों और लोकतंत्र की हत्या करो। यह नौ साल के विफलता का प्रतीक है। जनता अब भाजपा को स्वीकार करने वाली नहीं है।

## मूलभूत सुविधाओं से महरूम ग्रामीणों तक पहुंच रही सुविधा

# सौर उर्जा से पश्चिमी सिंहभूम के गांव हो रहे रोशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश में पश्चिमी सिंहभूम के सुदूरवर्ती गांव में निवास करने वाले ग्रामीणों को अब मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलने लगा है। इससे वे दशकों तक वंचित थे। सरकार की संवेदनशीलता की वजह से यह संभव हो सका है। अब दुरूह गांव तक सरकार और सरकार की योजनायें भी पहुंच रही है। नक्सल प्रभाव में रहे चाईबासा की आबो हवा को बदलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

जिले में दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में संचालित पुलिस पिकेट एवं सीआरपीएफ कैंपों में बिजली सुविधा की अनुपलब्ध्ता को दृष्टिगत रखते हुये 13 कैम्पों में 25 केवी क्षमता के सौर उर्जा आधारित ऑफ ग्रिड प्लांट लगाया गया है। दुर्गम क्षेत्रों क्रियान्वित कैंप एवं पुलिस पिकेट में बिजली की उपलब्धता बहाल रहने से बिजली चालित उपकरणों का बेहतर क्रियान्वय तथा वहां मौजूद जवानों को कर्तव्य निष्पादन में सहुलियत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। वहीं, दूसरी ओर चाईबासा के घोर नक्सल प्रभावित एवं सुदूर गांवों में जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंजदबेडा, टोन्टो, तगातुम्बाहाका जैसे दर्जनों गांव हैं जहां कैप का आयोजन विगत दिनों हुआ है। इसमें सदर अस्पताल के टीम ने विभिन्न बीमारियों से ग्रसित ग्रामीणों का इलाज किया गया। वृद्ध एवं बच्चों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध करायी गयी है।

### आम लोगों के लिए पोर्टल की सुविधा

पश्चिमी सिंहभूम के दूरदराज क्षेत्रों में वासित जनमानस जिन्हें अपने समस्या के समाधान के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता था। उन सभी को अपनी बातों को जिला प्रशासन के समक्ष रखने के लिये पब्लिक हेल्प लाइन का शुभारंभ किया गया है। इससे पोर्टल पर दर्ज समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने में जिला प्रशाासन को काफी मदद मिल रही है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पोर्टल के माध्यम से संपर्क करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा। युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक तौर पर दक्ष बनाने के उद्देश्य से कल्याण विद्यालय, कस्तुरबा विद्यालय, झारखंड बालिका विद्यालय, औद्योगिक संस्थान में ओपन जिम की स्थापना की गयी है। चाईबासा वासियों को सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ एवं मूलभूत सुविधाओं से आच्छातिद किया जा रहा है।

## 16 को रांची में भाकपा राज्य कार्यकारिणी की होगी बैठक

### राष्ट्रीय महासचिव डी राजा समेत पांच राष्ट्रीय सचिव लेंगे भाग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 2024 में होनेवाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए सीटों को चिन्हित करने, राज्य में जल, जंगल, जमीन की हिफाजत एवं लूट एवं भ्रष्टाचार के विरोध में जन आंदोलन की तैयारी के लिए 16 जून को रांची स्थित सीपीआई कार्यालय में राज्य कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद डी राजा के अलावा पार्टी के झारखंड प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान समेत पांच राष्ट्रीय सचिव भी भग लेंगे। वहीं रामगढ़ में होनेवाले कार्यकर्त्ता सम्मेलन एवं दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक में भी इन नेताओं के भाग लेने की संभावना है। इस आशय की जानकारी भाकपा के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक एवं जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।




महेन्द्र पाठक ने बताया है कि राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद्र कांगो, कामरेड नारायणा, पूर्व सांसद नागेन्द्र नाथ ओझा भी रांची आ रहे है। इसके अलावा रांची से रामगढ़ तक बड़े काफिले के साथ राष्ट्रीय नेताओं की स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी पर मंथन होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाने के पक्ष में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व लगातार देश के सभी राज्यों में जाकर सांगठनिक राजनीतिक स्थिति का जायजा लेते हुए चुनाव की तैयारी कर रहा है। राज्य में सांगठनिक राजनीतिक चर्चा के लिए केंद्रीय नेतृत्व तीन दिन झारखंड में रहेगा। इस दौरान धर्मवीर सिंह मौजूद थे।

## कोविड टीकाकरण का डेटा लीक होने के मामले की हो जांच : माकपा

**रांची।** माकपा ने कोविड टीकाकरण से संबंधित नागरिकों की सूचनाएं लीक होने के मामले की केंद्र सरकार से जांच कराने की मांग की है। केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रकाश विप्लव ने कहा कि सूचनाएं लीक होने से संबंधित मीडिया में आई रिर्पोट हैरान करने वाली है क्योंकि कोविड के समय टीकाकरण के निबंधन के लिए अधिकृत पोर्टल कोविन द्वारा आधार कार्ड समेत सभी तरह की दर्ज सूचनाएं इसमें लीक होने की बात सामने आ रही है। इसका अर्थ है कि लोगों का व्यक्तिगत मेगा डाटा लीक हो गया है। कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने साल 2021 के जून महीने में ऐसे आरोपों से इंकार किया था लेकिन उसने आरोपों की जांच के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया कि कोविन कंप्यूटर प्रणाली की आपात देख-रेख और हैकिंग रोकने को अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक और सूचना तकनीक मंत्रालय ने जांच कराने और भारतीय नागरिकों के व्यक्तिगत सूचनाओं की सुरक्षा को कमजोर करने के जिम्मेवार लोगों को चिन्हित कर उन्हें सजा दिये जाने की मांग करता है।

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने किया एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में नये अस्पताल का निरीक्षण

## निर्माण कार्य संतोषजनक : रघुवर दास

## नये अस्पताल में होंगे 500 बेड



प्राचार्य कक्ष में प्रोजेक्ट का अपडेट लेते रघुवर दास।



निर्माणाधीन अस्पताल का जायजा लेते रघुवर दास।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डिमना स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज केंपस में 386 करोड़ की लागत से बन रहे 500 बेड के नए अस्पताल का मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा निर्देशित कार्यक्रम विकास तीर्थ यात्रा के तहत रघुवर दास ने अस्पताल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। रघुवर दास ने अस्पताल के तीन ब्लॉक का पैदल निरीक्षण किया।

वहीं, उन्होंने निर्माण कार्य कर रहे संवेदक एल एंड टी के अधिकारियों से अस्पताल के कार्य प्रगति की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री ने अस्पताल के बिल्डिंग में जाकर बन रहे 500 बेड के अतिरिक्त इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू, सीसीयू समेत चिकित्सक कक्ष का अवलोकन किया। निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों ने पूर्व सीएम रघुवर दास को अस्पताल का नक्शा दिखाकर सम्पूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा प्रो केदारनाथ सिंह से भी मुलाकात कर कई आवश्यक चर्चाएं की। वहीं, उन्होंने अस्पताल के निर्माण कार्य को संतोषप्रद बताते हुए रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में के केंद्र सरकार ने देश के कई राज्यों में नए एम्स और नए अस्पताल की स्थापना की। पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार ने पंद्रह नए एम्स के साथ 225 नए मेडिकल कलेज बनाये। उसी क्रम, में जमशेदपुर में 500 बेड के अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास वर्ष 2019 में किया गया। रघुवर ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और चिकित्सा मिले, इस ध्येय के साथ वर्ष 2019 में भाजपा की डबल इंजन सरकार में दुमका, हजारीबाग, पलामू और जमशेदपुर के चार अस्पताल का शिलान्यास किया गया था।

उन्होंने कहा कि झारखंड में आजादी के 67 वर्ष बाद भी एमजीएम, रिम्स और पाटलिपुत्र पीसीएमएच धनबाद के रूप में तीन मेडिकल कॉलेज ही थे। तो वहीं, भाजपा की डबल इंजन सरकार में पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई। जिसमें भाजपा सरकार के दौरान तीन मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इसके अतिरिक्त दो और अन्य मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। जिसमें पलामू, हजारीबाग, दुमका, कोडरमा और चाईबासा शामिल हैं। दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये हैं। कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में बाबा नगरी देवघर में एम्स की स्थापना की गयी। जिसमें ओपीडी सेवा प्रारंभ हो गयी है। इसके अतिरिक्त, पीपीपी मडल पर जमशेदपुर में टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज एवं पलामू में चंद्रवंशी मेडिकल कलेज का निर्माण कार्य किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एमजीएम के नए अस्पताल में हार्ट, किडनी, लीवर समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज आधुनिक तरीके से करने की व्यवस्था की गई है। अभी तक इन बीमारियों से पीड़ित आम मरीजों को रिम्स रांची अथवा निजी अस्पतालों में जाना पड़ता था। इस नए अस्पताल के प्रारंभ होने से कोल्हान ही नहीं बल्कि आसपास के मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्तमान हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के विकास विरोधी मानसिकता के कारण चाईबासा और कोडरमा में अस्पताल अब तक नही बन पाए हैं।

इस दौरान भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विकास सिंह, भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह, जटाशंकर पांडेय, भूपेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, नितिन त्रिवेदी, सुशील पांडेय, पुरुषोत्तम मिश्रा, शिव प्रकाश शर्मा, नित्यानंद सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, तन्मय झा, नंदकिशोर सिंह, कल्लू, रितु विश्वकर्मा, अंकेश श्रीवास्तव, मनोज गिरी, विजय सोय समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चांडिल : मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर हुई बैठक



एसडीओ रंजीत लोहरा।

**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रंजीत लोहरा की अध्यक्षता में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक किया गया। इस बैठक में सभी दलों को जानकारी दिया गया कि 1 जून से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं सुधार का कार्य चल रहा है। सभी राजनीतिक दलों को अविलंब बूथ लेवल एजेंट प्रतिनियुक्ति करते हुए उसकी सूची अनुमंडल कार्यालय में देने को कहा गया।

## पिंकी बनी सरायकेला-खरसावां झामुमो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष



पिंकी मंडल।

**गम्हरिया।** कांड्रा के डुमरा निवासी जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल को सरायकेला-खरसावां झामुमो महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जिला कमेटी की ओर से केंद्रीय कमेटी कोअनुशंसा किए जाने के बाद उपरोक्त पद पर उनके मनोनयन की स्वीति प्रदान की गई। तत्पश्चात, झामुमो जिला कमेटी की ओर से महिला के कमेटी की घोषणा की गई जिसमें जिलाध्यक्ष पिंकी मंडल, उपाध्यक्ष ललिता महतो, पार्वती गागराई व पिंकी लायक, सचिव रानी हेम्ब्रम, संगठन सचिव अनिता टुडू व श्वेता महतो, संयुक्त सचिव लक्ष्मी गागराई, मालती हेंब्रम व सुलेखा हांसदा तथा कोषाध्यक्ष गणेश्वरी महतो को बनाया गया है। जिले के कई कार्यकर्ताओं ने नए टीम के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## आनंद मार्ग का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आनंद मार्ग का मासिक रक्तदान शिविर 14 जून को एम,जी,एम ब्लड बैंक साकची में एवं 24 जून को जमशेदपुर ब्लड बैंक में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने दी है।

## जनता दरबार में डीसी के सख्त तेवर का असर दिखा

**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने छोटा गोविंदपुर क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर पेयजल पाइपलाइन मरम्मती का कार्य शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि सोमवार को छोटा गोविंदपुर में आयोजित उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पाइप लिकेज के कारण हो रही पानी की बर्बादी का मामला संज्ञान में लाया था। उपायुक्त ने मौके पर कार्यपालक अभियंता को पाइपलाइन मरम्मती के निर्देश दिए थे जिसके बाद आज से काम शुरू हो गया। गोविंदपुर क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान को लेकर धालभूम के एसडीओ पीयूष सिन्हा ने जनता दरबार के बाद ही हुडको में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया था।

## समस्याओं को लेकर डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग

# कचरा प्रबंधन की योजना कंपनी बनायेगी अगले महीने से देना होगा पानी का शुल्क

### बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कंपनी प्रतिनिधि रहे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक करती डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत एक बैठक में उपायुक्त विजया जाधव ने गोविंदपुर क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को सीएसआर के तहत सड़कों की मरम्मती, ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए उपयोगी सामग्रियों के वितरण की बात कही।

बैठक में धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पीयूष सिन्हा, बीडीओ जमशेदपुर प्रवीण कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अभय टोप्पो, एसडीओ पेयजल स्वच्छता अनुज कुमार, जेई आकाश जयसवाल, जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, जुस्को के कैप्टन धनंजय मिश्रा, टाटा मोटर्स के रजत कुमार, नुवोको के प्लांट हेड बी उमा सूर्यम, टाटा कमिंस के प्लांट हेड राम पाल नेहरा, मनीष जैन, स्टील स्ट्रिप्स के धर्मेंद्र कुमार, मोना, मुखिया रंजीत सिंह सरदार, सोनका सरदार, राखी सिंह, सरदार पंचायत समिति सदस्य सतवीर सिंह बग्गा एवं संवेदक अरुण सिंह तथा अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पांचों पंचायत के ग्रामीणों के साथ जनसभा कर कचरा उठाव के लिए निम्नतम दर भुगतान पर सहमति बनाने की बात कही गई। कंपनी प्रतिनिधि को जल्द से जल्द कचरा प्रबंधन पर प्लान बनाने, अलग-अलग कंपनियों को प्रत्येक दिन के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण को लेकर आवश्यक कदम उठाने का निदेश दिया गया। पेयजल स्वच्छता विभाग को एक सप्ताह के अंदर एमवीडब्ल्यूएससी की बैठक कर शुल्क निर्धारित कर जुलाई माह से पेयजल शुल्क लेने का निर्देश दिया। युद्ध स्तर पर पेयजल लीकेज बंद करने, कैंप लगाकर नया कनेक्शन देने, बची हुई बस्तियों में जल्द पाइप लाइन बिछाने, हरेक 15 दिन पर पेयजल की गुणवत्ता जांच करने, पानी टंकी की नियमित सफाई करने, जनता की समस्याओं के निपटारा के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने तथा अवैध कनेक्शन को लेकर लोगों के बीच माइकिंग का कराने का निर्देश दिया साथ ही नया पानी कनेक्शन के लिए कैम्प लगाने के भी निर्देश दिए।

## पूर्वोत्तर सरकार के द्वारा दी गई डिग्री कॉलेज की स्वीकृति पर मंगल ले रहे झूठा श्रेय : माणिक महतो

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी बोड़ाम प्रखंड समिति के अध्यक्ष माणिक महतो ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की जुगसलाई विधान सभा अंतर्गत बोडाम डिग्री कालेज की स्वीति पूर्व के सरकार में पूर्व मंत्री सह जुगसलाई विधानसभा के नेता आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुबर दास के द्वारा की गई स्वीकृति पर मंगल कालिंदी श्रेय लेने को आतुर हो रहे है जबकि सच्चाई बोड़ाम की जनता जानती है। डिग्री कालेज का सपना रामचंद्र सहिस ने देखा था और उनके कार्यकाल में और सदन के विशेष चर्चा में इस बात को प्रमुखता से रखा गया था कि आजादी के बाद से राज्य के कई क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए डिग्री कालेज होने चाहिए जिसे कई विधायकों ने ध्वनि मत से पारित किया था, और उस चर्चा पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था की जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में एक डिग्री कालेज की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही उस समय के मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया की हर उस विधानसभा में एक डिग्री कालजे का निर्माण होगा।

## कचरा प्लांट के मुद्दें पर प्रशासन की बैठक का बहिष्कार करेगा ग्राम सभा

### खैरबनी सामुटोला में वृहद ग्राम सभा संपन्न, कहा- कचरा प्लांट नहीं लगने देंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को ग्राम खैरबनी सामुटोला मे हातु मुडां दिकू मेलगांडी की अध्यक्षता मे बृहत ग्राम सभा का अयोजन माझी पारगना माहल धाड़ दिसोम और 12 मौजा मुडां मानकी संघ उपस्थिति मे आयोजित किया गया। मंच का संचालन संग्राम हेम्ब्रम ने किया। ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि वर्ष 2013 मे तत्कालिन राज्य सरकार निर्देश अनुसार खैरबनी मे कचड़ा संयंत्र के लिए आयोजित ग्राम सभा मे रद्द की गई थी। आज पुनः खैरबनी सामुटोला ग्राम सभा मे संकल्प लिया गया किसी भी हालत मे खैरबनी सामुटोला मे कचड़ा संयंत्र बनने नहीं दिया जाएगा। यह भी कि इस क्षेत्र के मुखिया, जिला परिषद, विधायक और सांसद स्पष्ट करे खैरबनी कचड़ा निस्तारण संयंत्र के विरोध मे है या जिला प्रशासन व टाटा कंपनी के साथ है। यह भी कि 14 जून को जिला प्रशासन प्रखंड कार्यालय मे ग्राम सभा से संवाद के लिए बुलाया गया है, ग्राम सभा इसे खारिज करती है। ग्राम सभा पत्र के माध्यम से प्रखंड पदाधिकारी को पत्र देगी और गांव मे आ कर ग्राम सभा मे अपना बात रखे। अगले प्रस्ताव में कहा गया कि भूमि बैंक नीति झारखंड सरकार रद्द करें। भूमि अधिग्रहण संशोधन कानून 2018 रद्द करे झारखंड सरकार। मनपीटा मे हैवी वीकल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर को भी खारिज किया जाता है।

## बच्चों को ऑपरेशन से पूर्व बेहोश करने की तकनीक पर डॉक्टरों ने किया मंथन

### सोसायटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट का सेमिनार संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



प्रजेंटेशन देती डा शिल्पा शेखर।



डा उमेश प्रसाद।

**जमशेदपुर।** एनेस्थिसियोलजी के क्षेत्र में एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) जमशेदपुर सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलजिस्ट द्वारा होटल जे के रेजीडेंसी, साकची में आयोजित किया गया। इस सत्र ने एनेस्थेसियोलजिस्ट को नवजात शिशु और बच्चों के लिए एनेस्थीसिया में हाल की प्रगति पर बहस और चर्चा करने के लिए एक मंच दिया। हाल के वर्षों में रोगियों के इस आयु वर्ग में अधिक से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाएं की जाती हैं और इन सर्जरी के सुरक्षित संचालन के लिए एनेस्थीसिया की इस शाखा का एक अद्यतन ज्ञान यानी बाल चिकित्सा संज्ञाहरण बहुत महत्वपूर्ण है। सोसायटी के डा उमेश प्रसाद ने बताया कि नवजात शिशु से लेकर 15 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को ऑपरेशन से पूर्व बेहोश करने की प्रक्रिया काफी जोखिमपूर्ण होता है किन्तु नवीन शोध एवं विकास के साथ निरंतर प्रशिक्षण ने एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के लिए यह काम बहुत आसान कर दिया है। सेमिनार में डॉ.शिल्पी, डॉ.अमित, डॉ. जोसेफ और डॉ. अशोक जादोन द्वारा चार महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक प्रसिद्ध एनेस्थिसियोलजिस्ट ने भाग लिया और चर्चा में योगदान दिया।

## विधायक सरयू राय की मेजबानी में रामार्चा पूजा 3 व 4 जुलाई को

### भाजमो महिला मोर्चा निभायेगा महत्वपूर्ण भूमिका

### महिला मोर्चा क्षेत्र की योजनाओं की निगरानी भी करेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय बारीडीह क्षेत्र में चर्चित रामार्चा पूजा 3 व 4 जुलाई को करेंगे जिसमें प्रदेश भर से विभिन्न क्षेत्रों के आमंत्रित जनों के साथ जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की जनता भी भोग ग्रहण करेगी। पूजा को लेकर तैयारी शुरु हो गई है। भाजमो की महिला मोर्चा पूजा के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उक्त आशर्य का निर्णय महिला मोर्चा की आज हुई बैठक में लिया गया। भारतीय जनतंत्र मोर्चा, महिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष मंजु सिंह की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कमिटी की महिलाएं और जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की महिला मोर्चा की महिलाएं शामिल हुईं। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी है।

## मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित : शिंदे

### जुगसलाई विधानसभा में भाजपा की संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का हुआ आयोजन

### महाराष्ट्र के विधान पार्षद राम शिंदे ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सम्मेलन को संबोधित करते राम शिंदे। मंच पर उपस्थित सांसद विद्युतवरण महतो व अन्य।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा में मंगलवार को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में महाराष्ट्र के विधान पार्षद राम शिंदे, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री सह महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह क्लस्टर प्रमुख जवाहर पासवान, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव मुख्यरूप से शामिल हुए। सम्मेलन में मौजूद महाराष्ट्र सरकार के विधान पार्षद राम शिंदे ने केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से महाजनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं का आह्वान किया। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में देश में सेवा, सुशासन और सशक्त सरकार के रूप में फिरसे नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जा सके। सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को और मजबूत करें। इसके लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बूथ स्तर पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का काम करें। इस दौरान उन्होंने वर्तमान हेमंत सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार के कई योजनाओं में राज्य सरकार का रवैया निराशाजनक रहा है। भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि पार्टी मोदी सरकार के 9 साल को 'उत्स्टता के 9 साल' के तहत मना रही है जिसमें निर्देशित कार्यक्रम के तहत पार्टी के नेतागण, पदाधिकारी लोगों के बीच जाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत जमशेदपुर महानगर में चलाए जा रहे विभिन्न कर्यक्रमों की जानकारी दी। सम्मेलन के दौरान मंच संचालन जिला मंत्री जितेंद्र राय, स्वागत भाषण किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी ने किया।

## खबर एक नजर में

### जयप्रकाश उद्यान में आज से शहीद आत्मा शांति महायज्ञ



जमशेदपुर। जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर में भागीरथवशी शहीद आत्मा शान्ति महायज्ञ की तैयारी पूरी हो गई है। पंडाल मंडप फुल माला विद्युत से सज धज कर तैयार हो गया है कल सुबह कलश यात्रा के लिए कलश महिलाओं द्वारा सजाकर तैयार कर दिया गया है। स्थल पर कार्यकर्ता एवं दर्शकों का समूह मौजूद है। 14 जून की सुबह 7.30 बजे कलश निकलेगा और शाम से चित्रकूट से आए हुए 400 श्री श्री सीताराम शरण जी महाराज द्वारा भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। आज के तैयारी कार्यक्रम में अध्यक्ष रमेश कुमार महासचिव शिव पुजन सिंह मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव अनिता सिंह मुनमुन चक्रवर्ती इत्यादि मौजूद थे।

### मायुमं सुरभि शाखा के शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह




जमशेदपुर। मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा धातकीडीह स्थित ब्लड बैंक में आयजित रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 100 लोगो ने भाग लिया। लेकिन किसी कारणवश 28 लोगों का रक्तदान नहीं हो पाया। यह कार्यक्रम सीए मनोज चौधरी, पंकज अग्रवाल एवं सुमित मुनका के सौजन्य तथा शाखा सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका अनीता अग्रवाल एवं चंदा अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। मौके पर मौजूद सभी लोगों ने रक्तदान को महादान बताया। साथ ही वहां उपस्थित अन्य लोगों को रक्तदान देने के लिए जागरूक किया कि विपत्ति की घड़ी में इसी ब्लड से लोगों की जान बचाई जाती है। शिविर में भाग लेने वाले डक्टरों ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि सभी को 56 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। इसे सफल बनाने में महावीर गोयल, मोहित शाह, कमल सिंघल, गौरव केडिया, मनीष बंसल, सुशील अग्रवाल सहित शाखा की सदस्यों का योगदान रहा। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### मानगो ट्रैफिक थाना के पास ह्यूमन वेलफेयर द्वारा किया गया शरबत वितरण



**जमशेदपुर।** मंगलवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ओर से पिछले दिनों से चल रहे ठंडे पानी एवम शरबत वितरण के कार्यक्रम जो के गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए किया जा रहा है आज मानगो ट्रैफिक थाना के पास आम नागरिकों की प्यास बुझाने के लिए रसना, शरबत,रूहफजा एवं ठंडा पानी का वितरण किया गया।इस शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर मानगो ट्रैफिक थाना प्रभारी मोहन कुमार एवं आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार उपस्थित हुए और हजारों की संख्या में आए हुए लोगों को अपने हाथों से शरबत पिलाया।थाना प्रभारी राकेश कुमार ने कहा के पिछले कई दिनों से आजादनगर थाना क्षेत्र में तपती गर्मी को देखते हुए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा मानगो के अलग अलग जगह पर इस तरह का शिविर लगाया जा रहा था।उसी क्रम में मानगो चौक ट्रैफिक थाना के निकट ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की तरफ से शरबत का स्टल लगाया गया और उन्होंने कहा के ये संस्था बिना किसी भेद भाव के इस तरह का आयोजन करती है जो के बहुत पुण्य का काम है। आज के इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाजसेवी शफी अहमद साफो भाई और हाजी मोहम्मद ताहिर का बहुत बड़ा हाथ था। आज के इस शरबत वितरण कार्यक्रम में जकीरनगर कब्रिस्तान कमिटी के मकबूल आलम, मीनू आदिल खान, शाहिद परवेज,बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर मतिनूल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, सैयद आसिफ अख्तर,हिंद आईटीआई के डायरेक्टर डक्टर ताहिर हुसैन, तबरेज आलम, अफताब आलम, आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य मोइनुद्दीन अंसारी, फिरोज असलम, प्रेम मुखर्जी, अपूर्व पाल खास तौर से उपस्थित थे।

### जिला सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये राहुल खां



**जमशेदपुर।** झारखंड सफ्ट टेनिस एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक रांची के प्रमोद कुमार ठाकुर की देखरेख में आज पूर्वी सिंहभूम जिला सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के नई कमेटी का विधिवत चुनाव जमशेदपुर के साक्ची स्थित सामुदायिक भवन में काफी संख्या में खेल प्रेमियों और खेल शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ । चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व झारखंड सफ्ट टेनिस एसोसिएशन के शीर्ष पदाधिकारी सह चुनाव पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार ठाकुर ने उपस्थित खेल प्रेमियों और खेल शिक्षकों के बीच सफ्ट टेनिस खेल के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया। उन्होने बताया फिलहाल झारखंड में इस खेल को प्रारंभ हुए 10 वर्ष हुए हैं, वर्तमान झारखंड के 10 जिलों में सफ्ट टेनिस एसोसिएशन कार्यरत है। झारखंड सफ्ट टेनिस एसोसिएशन लगातार प्रयासरत है कि झारखंड के सभी जिलों में इस खेल का समुचित प्रचार-प्रसार हो एवं सभी जिलों में जिला खेल संघ की स्थापना हो। धीरे-धीरे ही सही आम लोगों में यह खेल बहुत ही लोकप्रिय हो रहा है। फिलहाल जिला, राज्य , राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रिय हो रहा है। झारखंड सफ्ट टेनिस एसोसिएशन का प्रयास है पूर्वी सिंहभूम जिला में भी इस खेल का समुचित विकास हो, इस शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है अपार संभावनाएं हैं। उपस्थित लोगों के बीच वीडियो क्लिपिंग के द्वारा खेल की जानकारी दी गई । इसके उपरांत विधिवत चुनाव संपन्न किए गए ।चुनाव के उपरांत पर्यवेक्षक की उपस्थिति में नई कमेटी का घोषणा किया गया मौके पर उपस्थित पर्यवेक्षक में नई कमेटी को बधाई दिया। नव निर्वाचित पूर्वी सिंहभूम जिला सफ्ट टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं: अध्यक्ष : राहुल खां, सचिव : राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष : संजय झा, कार्यकारिणी के सदस्य : 1.सरजू राम 2.विकास कुमार 3.मोहम्मद सहरियार सलीम 4.एम प्रशांत 5.मनोरंजन पुष्टि।

# कतरास हटिया में अवैध निर्माण कर रहे लोगों पर होगी एफआईआर : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता





**कतरास।** कतरास हटिया में हो रहा धड़ल्ले से अवैध निर्माण एवं हाईकोर्ट के आदेश की हो रही अवहेलना का खबर दैनिक खबर मंत्र में प्रमुखता से छपने के बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह ने धनबाद नगर निगम के कतरास अंचल सिटी मैनेजर मोहम्मद शब्बीर आलम को मामले की जांच कर निर्माण कर रहे लोगों को चिन्हित कर मामला दर्ज करने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वह खुद जाकर मामले का निरीक्षण करेंगे एवं सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। बताते चलें कि कतरास मौजा के खाता संख्या 312 में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा यथास्थिति बरकरार रखने की आदेश निर्गत की गई है। वहीं कतरास बाजार की एक 100 साल पुरानी हांट में कुछ लोगों द्वारा जबरन अवैध निर्माण का कार्य किया जा रहा था। खबर प्रकाशित होने के बाद बाघमारा अंचल के अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह रेस हुए हैं, एवं निर्माण कर रहे लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत में बाघमारा अंचल में सरकारी जमीन को लूटने नहीं दिया जाएगा।

## कांड्रा के मो अकरम व भोला गोराई को झरिया सीओ ने पकड़कर भेजा जेल

**सिंदरी ।** गौशाला ओपी क्षेत्र में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को भगाने व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को लगभग डेढ़ बजे दोपहर में झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा ने कांड्रा निवासी मो अकरम, भोला गोराई व अजय सिंह पर गौशाला ओपी में लिखित शिकायत दर्ज किया है। गौशाला ओपी पुलिस ने झरिया सीओ द्वारा पकड़े गए मो अकरम व भोला गोराई को केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। हालांकि इस धरपकड़ के बाद झरिया अंचल क्षेत्र के अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। शिकायत में झरिया सीओ ने बताया है कि कांड्रा बाजार से कांड्रा बस्ती की ओर जा रहे बिना नंबर के 100 सीएफटी अवैध बालू लदे नीले रंग के ट्रैक्टर से पूछताछ की जा रही थी। तभी तीनों आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा डालते हुए ट्रैक्टर व चालक को भगा दिया और सरकारी वाहन का हवा खोलने का प्रयास किया। तत्काल सूचना के आधार पर पहुँची गौशाला ओपी पुलिस को दो आरोपियों को पकड़कर हवाले किया गया है। सूत्रों के अनुसार तीनों आरोपी गौशाला ओपी क्षेत्र में दामोदर नदी से अवैध बालू तस्करी करते थे। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि झरिया सीओ के लिखित शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## स्विमिंग पुल में डुबने से आईआईटी आईएसएम के सहायक प्रोफेसर की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के आईआईटी आईएसएम से मंगलवार को एक बुरी खबर आई। आईआईटी - आईएसएम के सहायक प्रोफेसर यशवंत कुमार गजाला की डूबने से मौत हो गई है। वह ओड़िसा बालासोर के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार आज सुबह 7:30 बजे के लगभग रोज की भांति अन्य लोगों के साथ वह भी परिसर स्थित स्विमिंग पुल गए। वह रोज वहां जाते थे और स्विमिंग करते थे। आज तैरते -तैरते गहरे पानी की तरफ बढ़ गए। उसके बाद लोग जब तक समझते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जिस समय यह घटना घटी, उस समय दर्जन भर लोग तैर रहे थे। उनका परिवार हावड़ा में रहता है।

**घटना के बाद मची अफरा-तफरी :** घटना के बाद तो संस्थान परिसर में अफरा-तफरी मच गई। लोग परेशान हो गए, पुलिस को तत्काल सूचना दी गई। लाश को एसएनएमएमसीएच के मोर्चरी में रख दिया गया है। परिवार के आने के बाद उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। लगभग एक साल पहले ही उन्होंने यहाँ ज्वाइन किया था। उनकी उम्र लगभग 36 साल बताई गई है। वह खड़कपुर आईआईटी से पास आउट थे। उनका ससुराल भी खड़कपुर में ही है। उनकी पत्नी खड़कपुर गई हुई है। आशंका यह भी है कि पानी में उन्हें हृदयाघात हुआ हो और उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद ही असली कारण का पता चल पाएगा।

## कोयला ट्रकों से रंगदारी को लेकर धनसार में 3 राउंड फायरिंग, भगदड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** धनसार स्थित कांटाघर के पास 12 जून की शाम ट्रक से रंगदारी मांगने व वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच भिड़ंत हो गई। इसी दौरान स्कार्पियो से आए एक युवक ने पिस्टल निकालकर 3 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग के बाद वहां भगदड़ मच गई. सूचना पाकर धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर आरके ठाकुर दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही गोली चलने वाला युवक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। स्कार्पियो पर आधा दर्जन लोग सवार थे। सीआईएसएफ और पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है। धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने कहा कि गोली किस कारण चलाई गई है, स्कॉर्पियो से आए युवक कौन थे, पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। कोलियरी प्रबंधक ने अब तक शिकायत नहीं की है।

## चचेरे भाई ने बहन पर चलाई गोली, रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार को कतरास थाना क्षेत्र के भगत मोहल्ला में उस वक्त सनसनी फैल गई जब पारिवारिक विवाद में चचेरे भाई ने अपने चचेरी बहन को गोली मारकर जख्मी कर दिया। बताते चलें कि राहुल गुप्ता नामक युवक पहले भी कई बार जेल जा चुका है मंगलवार को घर में जमीन मामले को लेकर कहासुनी हो रही थी उसी वक्त राहुल गुप्ता ने अपनी चचेरी बहन तृषा कुमारी उम्र लगभग 15 वर्ष के जांघ में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए । किसी ने कतरास पुलिस को सूचना दी। मौके पर कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह दलबल के साथ पहुंचे एवं आनन-फानन में घायल युवती को उठाकर धनबाद एस एन एम एम सीएच इलाज के लिए भेजा गया। जहां चिकित्सक द्वारा लड़की के पैर से गोली नहीं निकाला जा सका जिसके बाद लड़की को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है एवं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई ।

## बीजेपी विस स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**तमाड़।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा, रांची ग्रामीण के जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में डोडेया मोड़, तमाड़ में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारत सरकार के जनजातीय कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने संबोधन में कांग्रेस के शासनकाल के 55 साल और भाजपा के शासन की 9 सालों का तुलनात्मक व्याख्या कर पिछले 9 सालों में पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को कार्यकताओं से जन जन तक पहुंचाने की बात कही एवं पार्टी के सातों मोर्चा के दायित्व एवं कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर एवं रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। मंच संचालन रांची जिला ग्रामीण के युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेकानंद जयसवाल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अड़की प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा रांची ग्रामीण के जिला प्रभारी विनोद सिंह, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू, पंचायती राज प्रदेश सह संयोजक रंजीत लाहिरी, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाइक, खिजरी सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया सह प्रभारी भास्कर मुखर्जी, बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास, बुंडू ग्रामीण मंडलअध्यक्ष धीरेन महतो, तमाड़ मंडल अध्यक्ष विष्णुपद महतो,युवा मोर्चा अध्यक्ष महावीर सोनी, अपुल राज गुप्ता,विवेक गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता बड़ाईक, सखी देवी, रेखा देवी, पवन जायसवाल,विश्वजीत डे,रंजित महतो सहित सातों मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में हिस्सा लिया।

## दूध व्यवसायी की हत्या, सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता




**झरिया ।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा चार नम्बर बंकर निवासी व दूध बिक्रेता चंद्रदेव यादव उर्फ चांदो की हत्या सोमवार की रात उनके घर पर की गई हैं। धारदार हथियार से हत्या की गई हैं। घटना की खबर मिलने पर थाना प्रभारी बिनोद उरांव पहुचे और पूछताछ करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पुत्री के निशानदेही पर जोड़ापोखर पुलिस होरलाडीह में छापामारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सरकारी जमीन को लेकर पहले पड़ोसियों से विवाद हुआ था। पड़ोसियों द्वारा जबरन जमीन को घेराबंदी करने का विरोध करता था । पत्नी पंती देवी कुछ नहीं बता पा रही है । मृतक का तीन बेटी है।, एक बेटा रंजीत यादव 16 वर्षीय विवाहित बेटी सिंकू देवी, पिकी देवी गांव में है, अविवाहित राधिका कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के सम्बंध में बेटी सिंकू देवी ने बताया कि रात करीब 11 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर होरलाडीह के दो युवक आए थे। और दोनो शराब के नशा में थे। पिताजी को जबरन शराब पिलाना चाहते थे। हो हल्ला मचा तो दोनों भाग गए। पिता की हत्या घर के पीछे गाय घर में की गई है। वह वहीं सोते थे। उस घर में दरवाजा नही है। बोरा का पर्दा लगा रहता था। उसी घर में हत्या की गई है। पुलिस आसपास के लोगो से जानकारी ले रही है।

## ग्रामीण इलाके से हजारों भक्तों की उमड़ रही भीड़

### उत्साहित हैं क्षेत्र की महिलाएं, भक्तिमय हो गया है वातावरण

खबर मन्त्र संवाददाता





कथा सुनाते संत गोपालमणि महाराज और उमड़ी भीड़।

**रातू।** श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र से हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी। इसमें महिला और युवतियों की तादात अधिक थी। वह बेहद उत्साहित नजर आयी। कथा वाचक संत गोपालमणि जी महाराज ने भक्ति का रसपान कराया। लोगों से गो-माता की रक्षा के लिये आगे आने की बात कही। महाराज ने सरकार से गो-माता को राष्ट्र माता की दर्जा दिये जाने की जोरदार वकालत की। हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया।

**कार्यक्रम में ले रहे हिस्सा :** रातू के अलावा मांडर, चान्हो, खलारी, बुढ़मू, ठाकुरगांव, पिठोरिया, कांके, नगड़ी, इटकी, बेड़ो, लापुंग, नामकुम, पिस्का मोड़, हटिया, तुपुदाना व चुटिया आदि। श्रीराम कथा व यज्ञ को लेकर सैकड़ों हाथ उठ रहे हैं। संत महाराज की ओर से उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। वहीं, आयोजन समिति के पदधारी की ओर से चुनरी ओढ़ाकर कर सम्मानित किया जा रहा है।

**भंडारे का ले रहे आनंद :** आरती को लेकर भक्तों में गजब का उत्साह है। महा भंडारा में हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। भीड़ के मद्दे नजर कई स्टॉल लगाये गये हैं। महिला और बच्चों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध है। महिला बल भी तैनात की गयी हैं। स्वयंसेवक भी मुस्तैद हैं।

स्पीड न्यूज

### बाल मजदूरी के खिलाफ कसमार में निकली प्रभात फेरी

**बोकारो/कसमार।** बाल मजदूरी पर रोकथाम हेतु कसमार प्रखंड मुख्यालय में सहयोगिनी संस्था द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि बाल मजदूरी को समाप्त करने के लिए समाज के सभी स्टेकहोल्डर को एक मंच पर आना होगा। साथ ही बच्चों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के आह्वान पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, बचपन बचाओ आंदोलन एवं चाइल्ड लाइन के संयुक्त तत्वावधान में सहयोगिनी द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### बीएसएल ने ग्रामीण खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट का किया वितरण

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा एचआरडी सेंटर के सभागार में बोकारो परिक्षेत्र के ग्रामीण खिलाड़ियों के बीच स्पोर्ट्स किट वितरण का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्लांट के कार्यवाहक निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, ईडी (एफ एंड ए) राजन प्रसाद, सीजीएम मनीष जलोटा एवं हरि मोहन झा उपस्थित थे। जीएम सीआरके सुधांशु ने कार्यक्रम को बोकारो स्टील सीएसआर द्वारा परिधीय क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने वाला एक उल्लेखनीय प्रयास बताया। मुख्य अतिथि श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि बीएसएल इस्पात निर्माण के साथ परिधीय क्षेत्रों में खेल के माध्यम से जीवन स्तर में सुधार लाने और सकारात्मक जीवन स्पंदन प्रदान करने की दीर्घकालिक दृष्टि भी प्रदान करता है।

### कलश यात्रा से शुरू हुआ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**बोकारो/तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के अलुआरा माचाटांड़ गांव स्थित हरिहर धाम में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा मंदिर परिसर से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए दामोदर नदी के दलघटिया पहुंचीं, जहां आचार्यों व पंडितों द्वारा यजमान राजेश कुमार महतो व सविता देवी को संकल्प पाठ, देव देवी आह्वान ,गंगा पूजन आदि विधि संपन्न कराने के उपरांत महिलाएं व युवतियों ने कलश में जल उठाया। मंदिर परिसर में कलश की स्थापना के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। तीन दिवसीय इस अनुष्ठान का समापन 14 जून को होगा। मौके पर शंकर महतो, सुरेन्द्र महतो, भागवत महतो, मधुसूदन तुरी, वंशी तुरी, शिवचरण महतो, राम महतो, फुल कुमारी देवी, ममता देवी, पानतू देवी, पिंकी कुमारी, जोली कुमारी, संध्या कुमारी, सुषमा, आरोही समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बेरमो जिला बनाने को लेकर धरना-प्रदर्शन

**बेरमो।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की तत्वाधान में बेरमो प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जीप अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा जिला परिषद की बैठक में बेरमो को जिला बनाने का प्रस्ताव प्रथमिकता पूर्वक लेकर विधानसभा में भेजा जाएगा। कसमार जिप सदस्य नियुक्ती देवी एवं सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक एस कुमार एवं भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह ने कहा इस बार सदन में बेरमो को जिला का दर्जा नही मिला तो सड़क पर उतरेंगे और लड़कर जिला का दर्जा लेगे।

### कोयला ट्रक व ट्रैक्टर में टक्कर,कोई हताहत नही

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मैकलुस्कीगंज पतरातू मुख्य पथ के हुटाप के पास ट्रैक्टर व ट्रक में टक्कर हो गया। घटना बीती रात्रि लगभग 9:30 की बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार खलारी की ओर से मैकलुस्कीगंज के तरह आ रही कोयला ट्रक जेएच 19 ए 8985 व मैकलुस्कीगंज की ओर से जा रही (विपरीत दिशा) खाली ट्रैक्टर जेएच 01 पीएच 5368 जा रहा था। इतने में हुटाप ग्राम के पास बीच सड़क में आपस मे टक्कर हो गया। जिससे ट्रैक्टर का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही ट्रैक्टर चालक आंशिक रूप से घायल हो गया।

एक नजर में

### भाजपा नेता ने पद्मश्री सिमोन उरांव से की मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली

**बेड़ो।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने मंगलवार को बेड़ो स्थित आवास में पद्मश्री सिमोन उरांव से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। उन्होंने उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि वे पूर्व से लकवाग्रस्त हैं । इस संबंध में उन्होंने बेड़ो के बीडीओ डा प्रवीण कुमार से उनके स्वास्थ्य के संबंध में बातचीत किया। साथ ही चिकित्सा कराने की बात कही। वहीं बीडीओ ने इसे संज्ञान में लेते हुए अशेष बारला को बताया कि सिविल सर्जन से चर्चा कर पद्मश्री की उचित चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी । प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने कहा कि ऐसे सम्मानित व्यक्तित्व को राज्य सरकार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यह राज्य सरकार की जिम्मेवारी होती है । सिमोन उरांव गत सात महीने से ज्यादा समय से बीमार चल रहे हैं । उन्होंने राज्य सरकार से उनके उचित चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराने की गुहार लगाई।

### लाभुको के बीच बत्तख चुजा का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वितिय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत बत्तख चुजा का वितरण किया गया। योजना में 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान है शेष 10 प्रतिशत लाभुक से अंशदान लिया गया। वितरण पशुपालन पदाधिकारी डा संजय उरांव के देखरेख में प्रमुख विनिता कच्छप मुखिया नीरज कुजूर, जतरू उरांव पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, तेजु दास ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नीरज कुजुर कहा कि राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारी दूर करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने लिए यह योजना लागू किया गया है। इस योजना का स्थानीय लाभुक अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है।बतख पालन आमदनी का बेहतर साधन है। बतख पालन कर लोग आत्मनिर्भर बन सकते है। मौके पर पशुधन मित्र बिरसा उरांव,रामु मुंडा,टीआरआईएफ लक्ष्मी कुमारी, पिंकी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसा में एक घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो साईं मंदिर मार्ग पर मंगलवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे हरिहरपुर जामटोली बैर टोली गांव के कच्चा छापर पुल के समीप समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गोविंदपुर लापुंग गांव निवासी 49 वर्षीय नेसार अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा प्रियंका ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल के स्वजनों ने बताया कि वह गड़गांव इटकी आया था। साथ ही अपना घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान बैर टोली गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गिर कर गंभीर रूप घायल हो गए। वहीं। इस हादसे में घायल व्यक्ति का दाहिना पैर घुटना से अलग हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई जितेंद्र प्रसाद यादव पहुंचे और घटना की जानकारी लिया।

### पुनर्वास स्थल को लेकर प्रबंधन एव मोर्चा के सदस्यों ने किया स्थल का निरीक्षण

**खलारी।** केडीएच प्रबंधन के द्वारा रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों के साथ पुनर्वास स्थल को लेकर निरीक्षण किया।केडीएच प्रबंधन एव मोर्चा के पदाधिकारी केडीएच खदान के बगल में कई जगहों का निरीक्षण कर पुर्नवास स्थल का चयन को लेकर दौरा किया।इस दौरान किस जगह पुनर्वास स्थल ठीक रहेगा जहाँ एकसाथ विश्रामपुर के लोगो को विस्थापित कर पुनर्वास दिया जाएगा।प्रबंधन ने कहा कि जहाँ रैयत विस्थापित स्थल का चयन करेंगें वही जगह को पुनर्वास स्थल के लिए फाइल बनाकर मुख्यालय को भेजा जाएगा। प्रबंधन एव मोर्चा के लोगो ने स्थल निरीक्षण कर उस पर चर्चा की।प्रबंधन ने पुनर्वास को लेकर हर तरह से सकारात्मक पहल करने एव पुनर्वास स्थल पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर रैयत विस्थापित मोर्चा के लोगो ने कहा कि विश्रामपुर गांव के जो लोग विस्थापित होंगे उन्हें जमीन समतलीकरण कर एक जगह बसाने का काम प्रबंधन करे ताकि विस्थापितो को उनकी पहचान बनी रहे।और उन्हें सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम करे।इस मौके पर प्रबंधन की ओर से जे अब्राहम ,मैनेजर ,सर्वेयर एव मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष जालीम सिंह, विनय खलखो, दामोदर गंझू, सिपता गंझू, सोमरा गंझू,किसुन गंझू,बालजीत गंझू,जयराम गंझू आदि मौजूद थे।

### मां शारदा उच्च विद्यालय गेतलसूद के 11वीं आर्ट्स और साइंस का रिजल्ट शत प्रतिशत

**सिकिदिरी।** जैक बोर्ड के 11वीं आर्ट्स और साइंस की परीक्षा में मां शारदा उच्च विद्यालय गेतलसूद के सभी छात्र-छात्राएं उतीर्ण हुए। आर्ट्स में ममता कुमारी स्कूल की टॉपर बनी है। वहीं साइंस में प्रेमचंद बेदिया साइंस टॉपर बने है। प्राचार्य ने इसे शिक्षकों और छात्रों के मेहनत का नतीजा बताया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर विद्यालय प्रबन्धन कमेटी के मुख्य संरक्षक राजेन्द्र शाही मुंडा,अध्यक्ष फाल्गुनी शाही, अजय साहू,सचिव बालेश्वर बेदिया, सत्यदेव मुंडा,मानेश्वर मुंडा,प्रधानाध्यापक सन्तोष सिन्हा,शिक्षक अजय कारमाली,टहलु नायक,सिकंदर महतो आदि ने बधाई दी है ।

### शराब व गांजा पीने से मना किया तो दुकानदार का फोड़ दिया सर,थाना में मामला दर्ज

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के भूत नगर डकरा में शराब व गांजा पी रहे व्यक्तियों को मना किया तो दुकानदार के ही सर फोड़ दिया। मामला बीती रात्रि सोमवार का बताया जाता है। जानकरी के अनुसार भुक्तभोगी महेश तुरी (42 वर्ष) पिता-चन्द्रनाथ तुरी जब सोमवार की रात्रि 8 बजे खाना खाकर अपने घर से टहलने के लिए रोड की ओर निकले थे। तभी महेश तुरी की नजर अपने बन्द पड़े दुकान पर कुछ लोगों पर पड़ा, देखा कि बन्द दुकान के बाहर बैठ कर शराब पी रहे है। दुकान के बाहर शराब पीते देख शराब सेवन कर रहे व्यक्तियों के पास पहुंचा। और बन्द पड़े दुकान के बाहर बैठ कर शराब पीने से मना करने लगा। साथ ही उक्त स्थल पर गांजा का भी सेवन कर रहे थे। उसी बीच मेरे मना करने पर मुकेश तुरी, नामक व्यक्ति मुझे गाली-गलौज करते हुए मुझे जाने को कहा कि क्या ये जमीन तेरे बाप का है ? तो जैसे ही मैंने कहा कि हाँ,तभी एक व्यक्ति पीछे से मेरे ऊपर बियर की बोतल से वार कर दिया। जिसका नाम टेनी है व पिता तसलीम अंसारी है। तब लोगों ने मेरी आवाज सुन कर भागते हुए मेरी ओर आऐं और मुझे लहु लुहान देख कर सी. सी. एल. के अस्पताल (डकरा) ईलाज के लिए ले आये। जहाँ पर प्राथमिक उपचार किया गया। जिससे आहत होकर खलारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही। थाना में लिखित शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### एकता मंच के कार्यकारणी सदस्य ने केडीएच के नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात किया

**खलारी।** एकता मंच के कार्यकारणी सदस्य ने केडीएच के नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह और जे अब्राहम से शिस्टाचार मुलाकात किये। केडीएच परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात पीओ ऑफिस में किया गया। इस दौरान एकता मंच का सदस्य नवनियुक्त होने वाले परियोजना पदाधिकारी को पुस्प गुछे देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी ने भी ट्रस्ट एकता मंच के सदस्य को सकारात्मक सहयोग देने का भरोसा दिया। मौके पर जिला परिषद सरस्वती देवी,खलारी पंचायत किरण देवी, पूर्व मुखिया निर्मला उराव, सुरेस साव, फागू गंझू , शाहिद अंसारी, चेयता गंझु, मंगलाल गंझू,इसराइल अंसारी, सिबू महली,रामप्रीत यादव,नसीम अख्तर, लुरका गंझु,अनिल गुप्ता, ललन सिंह, सहित अन्य ग्रामीण विस्थापित उपस्थित थे।

# उम्मीद की रेल


देश में बंदे भारत चलने-चलाने का दौर जारी है। झारखंड और बिहारके पहले बंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रायल रन को लेकर जिस प्रकार की लोगों में उत्सुकता है है उससे यह अंदाज लगता है कि किस प्रकार लोगों को एक बेहतर ट्रेन को लेकर लालसा है। वैसे भी झारखंड राज्य बनने के बाद आज तक रेल के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। राजधानी रांची से देश के महत्वपूर्ण शहरों के लिये सीधी रेल सेवा का अभाव है। जयपुर, अहमदाबाद, भोपाल, देहरादून सहित कई बड़ें शहरों के लिये सीधी रेल सेवा का अभाव है। ऐसे में पटना से रांची के बीच बंदे भारत का ट्रायल रन लोगों के लिये उम्मीद का किरण बन। बंदे भारत भारतीय रेल का नया चेहरा है। इस रेल के निमार्ण और दूसरे देश से खरीदने के प्रयास के बीच देश के इंजीनियरों की बड़ी साधना है। आजादी के 75 साल पूरे होने पर देश में 75 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की योजना है। इस रेल की आधुनिक तकनीक और गति दोनों भारतीय रेल को नयी दशम में ले जाने वाला है। देश के विकास में पर्यटन की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है और इस रेल के संचालन और सभी राजधानियों को इससे जोड़ने की नीति के कारण इस रेल की सफलता की पूरी उम्मीद है। इससे देश के पर्यटन को बढ़ावा मिलने की पूरी उम्मीद है। इसके साथ ही वंदे भारत एक्सप्रेस की गति भी इस पर सफर करने वाले यात्रियों को रोमांचित करता है। रांची से पटना नये रूट भाया हजारीबाग- बरकाखाना चलाने की घोषणा के साथ ही रांची से वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ने भी एक उम्मीद पैदा की है। इस रेल के फेयर को लेकर लोगों को चिंता है कि वह आम लोगों की पहुंच से बाहर होगी। लोगों को उम्मीद है कि रेल मंत्रालय इस रेल को कितना कम से कम लाभ पर चला पता है यह विशेष लोगों की रेल बन जाती है।

# सकरात्मक बदलाव

मॉर्गन स्टैनली की एक रिपोर्ट में पिछले एक दशक में भारत में आए 10 बड़े बदलावों का जिक्र किया गया है। इनमें नौ बदलाव नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए हैं। इन बदलावों में भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण, रियल एस्टेट क्षेत्र के नियमन में सुधार, जन कल्याण योजनाओं के तहत रकम का सफलतापूर्वक अंतरण, आपूर्ति पक्ष में सुधार, दिवालिया संहिता, महंगाई दर के लक्ष्यीकरण में लचीला रुख, सेवानिवृत्ति की बाद की अवधि के लिए बचत को लेकर लोगों का अधिक गंभीर होना और निगमित करों (कॉर्पोरेट टैक्स) में कमी शामिल हैं।ये सभी बदलाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब डिजिटल तकनीक एवं आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। मगर इन बदलावों के बीच राजनीतिज्ञों की मानसिकता नहीं बदली है और यह जस की तस है। वामपंथी-उदार विचारधारा रखने वाले लोग एक ऐसी विचारधारा के पक्षधर हैं जो सरकार की अधिक भूमिका देखना चाहते हैं। हमारे देश में अक्सर चुनाव होते रहते हैं और राजनीतिक सोच दीर्घावधि के बजाय लघु अवधि तक सीमित रह जाती है। यह हाल तब है जब देश में लगभग पिछले 20 वर्षों से (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के 10 वर्ष और मोदी सरकार के लगभग 10 वर्ष) राजनीतिक स्थिरता रही है। राज्यों में राजनीतिक स्थिरता राजकोषीय स्तर पर अस्थिर करने वाली है। राजनीतिज्ञ करदाताओं के पैसे से अपने चुनाव एवं उपचुनाव के लिए आवश्यक संसाधन जुटा रहे हैं। यहां तक कि राजकोषीय दृष्टिकोण से उदार नहीं समझे जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी भी समझ रहे हैं कि चुनावी रेवड़ी के बिना बात बनने वाली नहीं है। केंद्र एवं राज्यों को सरकारी नौकरियों में विस्तार समस्या का हल नहीं है।

# नियंत्रित होना चाहिए बाल श्रम





**- रमेश धमोरा**

बच्चों को जिस उम्र में खेलना-कूदना, पढ़ना चाहिए। उस नन्ही सी उम्र में वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए विभिन्न कल-कारखानों, लोगों के घरों, खेत खलिहान व अन्य स्थानों पर काम करते नजर आते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को कठोर काम करते देखकर लोगों का हृदय द्रवित हो जाना चाहिए, मगर ऐसा होता नहीं है। बहुत से घरों में छोटे बच्चों को घरेलू कामगार के रूप में काम करते देखा जा सकता है। जहां संपन्न परिवारों के बच्चे अच्छे और महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। वहीं उसी घर में एक गरीब मां बाप का छोटा बच्चा उनके घरेलू काम करता नजर आता है। यह समाज ही नहीं देश के विकास की राह में भी सबसे बड़ी बाधा है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरुकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इसके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है।

बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है। उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है। उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करने व उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। बाल मजदूरी और शोषण के अनेक कारण हैं। जिनमें गरीबी, सामाजिक मापदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी शामिल है। यह सब वजह सिर्फ कारण नहीं बल्कि भेदभाव से पैदा होने वाली सामाजिक असमानता का परिणाम है।

देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्टरी में काम कर या अलग-अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों, करोड़ों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं। जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और न ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी हो गए।

> बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश का हर नागरिक शिक्षित नहीं होंगा तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं।

देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए। जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निदेर्शों की आवश्यकता है जिससे बाल श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होकर इसके विरोध में आगे आना चाहिए।

बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक समस्या है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुमान के मुताबिक विश्व में तकरीबन 22 करोड़ बाल श्रमिक हैं। अकेले भारत में ही करीबन दो करोड़ बाल श्रमिक कार्यरत हैं। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिए किया जाता है ताकि उनका आसानी से शोषण किया जा सके। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं।

पूरी दुनिया के लिए बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम की समस्या को काबू में लाने के लिए विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किए जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) संशोधन अधिनियम 2016 के जरिए बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) अधिनियम 1986 में संशोधन किया गया है। ताकि किसी काम में बच्चों को नियुक्त करने वाले व्यक्ति पर जुमार्ना के अलावा सजा भी बढ़ाई जा सके। संशोधित कानून सरकार को ऐसे स्थानों पर और जोखिम भरे कार्यों वाले स्थानों पर समय समय पर निरीक्षण करने का अधिकार देता है जहां बच्चों के रोजगार पर पाबंदी है। संशोधित कानून के जरिए इसका उल्लंघन करने वालों के लिए सजा को बढ़ाया गया है। बच्चों को रोजगार देने वालों को अब छह महीने से दो साल की जेल की सजा होगी या 20,000 से लेकर 50,000 रुपये तक का जुमार्ना या दोनों लग सकेगा। कानून के मुताबिक किसी भी बच्चे को किसी भी रोजगार या व्यवसाय में नहीं लगाया जाएगा।पिछले कुछ वर्षों से केंद्र एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सकारात्मक रही है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम अभी भी एक विकट समस्या बना हुआ है।

खास बात

## चंदेरी दुर्ग का पराक्रम की कहानी

**लोकेन्द्र सिंह**

**मध्य प्रदेश** के जिला अशोकनगर में बेतवा (बेत्रवती) एवं (उर्वसी) नदियों के मध्य विंध्याचल की सुरम्य वादियों से घिरा ऐतिहासिक नगर चंदेरी और उसका दुर्ग (किला) हमारी धरोहर है। यह नगर महाभारत काल से लेकर बुंदेलों तक की विरासत को संभालकर रखे हुए है। यहां समृद्धि, सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत, त्याग, प्रेम और शौर्य, समर्पण, वीरता एवं बलिदान की गाथाओं की अनुभूति होती है। यह छोटा-सा सुंदर शहर अपनी रेशमी साड़ियों (चंदेरी की साड़ियों) के लिए विश्व प्रसिद्ध है। चंदेरी उनको भी लुभाता है, जिन्हें कला और संस्कृति के रंग सुहाते हैं।

आज का चंदेरी, नये और पुराने रंगों के संयोजन से तैयार एक खूबसूरत तस्वीर की तरह नजर आता है। जैसे किसी बुनकर ने रेशम की साड़ी में जगह-जगह सोने के धागों से फुलकारी की हो। किले से ही तीन-चार ऊंची पहाड़ियां नजर आती हैं, जो एक समय में चंदेरी के निगरानी के केंद्र थे। चंदेरी के दर्शनीय स्थलों में त्रिकाल चौबीसी, बत्तीसी बावड़ी, कौशक महल, कटीघाटी, बादल महल, रामनगर महल, सिंहपुर महल, लक्ष्मण मंदिर, शक्तिपीठ जागेश्वरी देवी मंदिर, फुआरी के हनुमान मंदिर की सुंदरता, जामा मस्जिद और शहजादी का रोजा शामिल है। जैन अतिशय क्षेत्र खंदारगिरी और सकलकुड़ी जैसे धार्मिक महत्व के स्थान भी पर्यटकों के मन को शांति और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

उर्वशी नदी के किनारे गुफाओं में बने शैलचित्र भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। ये शैलचित्र इस बात के साक्षी हैं कि चंदेरी प्रागैतिहासक काल से एक जीवंत शहर है। यहां का संग्रहालय महत्वपूर्ण है। चंदेरी का इतिहास महाभारत काल से जुड़ता है। चंदेरी, भगवान श्रीकृष्ण की बुआ श्रुति के पुत्र शिशुपाल की राजधानी थी। उस समय इसका उल्लेख चेदी राज्य के रूप में आता है। पांचवीं-छठवीं शताब्दी में जिन 16 जनपदों का उल्लेख मिलता है, उनमें सातवां महाजनपद चेदी था। वर्तमान चंदेरी शहर से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में आज भी बूढ़ी चंदेरी में प्राचीन शहर के अवशेष बिखरे पड़े हैं।

# तीर्थो की महिमा

विचार-प्रवाह

**बद्रीनारायण सिंह**

**कई** बार एक ही तीर्थ कई धर्म-सम्प्रदायों के तीर्थ के रूप में विकसित हो जाते हैं। जगन्नाथ और दक्षिण के कुछ तीर्थों को छोड़ दें तो ज्यादातर में जाति-पाति का लेखा-जोखा नहीं मिलता। हर जाति और वर्ग के लोग यहां आते हैं। कुछ तीर्थ यात्राएं शुरू से ही समाज के हर वर्ग में प्रचलित रही हैं। कमरु-कमच्छा की यात्रा दलित जातियों में काफी लोकप्रिय है। तंत्र सिद्ध स्थानों में ऊंच-नीच का भाव तो चलता ही नहीं है। मध्य और सीमांत पर बसी जातियों का इन तीर्थों पर रेला लगा रहता है।

इस तरह यात्राओं पर जाने से हम दुनिया देखते हैं। तरह-तरह के लोग, जीवन चचाओं और संस्कृतियों से होकर गुजरते हैं। सोच-विचार की दुनिया बड़ी होती है। तीर्थ हिन्दू धर्म की महान परंपराओं से जुड़े होते हैं। लेकिन यहां होने वाले पूजा-पाठ में स्थानीय सामाजिक समूहों और वनवासी सामाजिक समूहों के स्थानीय कर्म-काण्ड के भी अवशेष दिखते हैं। फूलों और पूजा के चढ़ावे में वहां के उत्पादों की मौजूदगी दिखाई पड़ती है। यह एक तरह से स्थानीय लघु परंपराओं के ग्रेट ट्रेडिशन में समाहन के प्रतीक हैं। कुछ समाज सुधारक संत बड़ी तीर्थ यात्राओं के पक्ष में नहीं रहे हैं। लेकिन वे जहां खुद रहते थे, वहीं कुछ दिन बाद लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। और वे स्थान भी तीर्थ में बदल गए। रविदास, कबीर और स्वामी शिव नारायण जैसे सन्तों के साथ ऐसा ही हुआ। किसी परंपरा को लेकर शुरू हुई हों या किसी संत-महात्मा से जुड़ाव होने पर, तीर्थ यात्राएं हमारे जीवन में संस्कृति और जरूरत दोनों ही रूपों में शामिल रहती हैं।

**केन्द्र** की मोदी सरकान ने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये सेना में भी बेटियों के लिये अवसर का द्वार खोल दिया। इस अवसर के द्वार के कारण आज हमारी बेटियां सियाचीन पर भी देश का झंडा बुलंद कर रही है।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

आपके ट्वीट

**बाल** श्रम एक सामाजिक कुप्रथा है। जनसहयोग के साथ ही इसे समाप्त किया जा सकता है। बच्चों को खेलने और पढ़ने दें, उन्हें आगे बढ़ने दें।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





सारे तीर्थस्थल संपूर्ण भारत की पहचान है, जिसे कांग्रेस नकारता आया है, सांप्रदायिक बताता रहा है।

**–महेश पोद्दार, सांसद**

# विपक्षी एकता के प्रयास की दिशा कितना सही

राजनीति

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

**राजनीति** में कब क्या हो जाए कुछ भी विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता। हालांकि नीतीश कुमार के बारे में राजनीतिक विश्लेषक यह खुले तौर से स्वीकार करने लगे हैं कि नीतीश कुमार अपनी स्वयं की राह पर ही चलते है, ऐसे में वे दूसरे दलों की कितना मानेंगे, इस बारे में राजनीतिक अस्पष्टता का भी आभास होता है। हम यह भली भांति जानते हैं कि बिहार में कभी भाजपा के साथ तो कभी भाजपा के विरोधी दलों के साथ चुनावी मैदान में नीतीश कुमार ने दांव खेला। दोनों ही स्थितियों में नीतीश कुमार अपनी सत्ता को बचाने में सफल भी हुए। यहां यह विश्लेषण का विषय हो सकता है कि नीतीश कुमार ने जब पहली बार बिहार की सत्ता संभाली, तब वह लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के खिलाफ चुनाव लड़े और वही उनके राजनीतिक शत्रु भी थे। केंद्र में जब से भाजपा सरकार में आई है, तब से ही विपक्ष का जनाधार खिसका है। एक दो राज्यों को छोड़ दिया जाए तो आज भी कांग्रेस की स्थिति स्वयं की दम पर चुनाव में विजय प्राप्त करने की नहीं है।


हालांकि अभी हाल ही में कर्नाटक ने कांग्रेस को राजनीतिक आकाश में उड़ने का हौसला दिया है, जिसके आधार पर कांग्रेस केंद्र में सत्ता परिवर्तन की गुंजाइश भी देखने लगी है, लेकिन विसंगति यह है कि कांग्रेस के अंदर ही आपस में उठापटक की नूराकुश्ती चल रही है। इसमें प्रादेशिक नेताओं में भले ही एक दूसरे को पटखनी देने की कवायद हो रही हो, लेकिन इस स्थिति में कांग्रेस को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कर्नाटक में सत्ता का संचालन करने लिए जिस प्रकार से सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच रस्साकशी का खेल चला, उससे कांग्रेस की स्थिति का पता भी चल जाता है। विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए कांग्रेस की कवायद केवल इतनी ही है कि वह क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बनी रहेगी।

इसके बाद भी कांग्रेस का प्रयास यही रहेगा कि यह विपक्षी एकता कांग्रेस के राहुल गांधी के नेतृत्व में हो। लेकिन ऐसा होना असंभव ही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि विपक्ष बिना प्रधानमंत्री पद के दावेदार के चुनाव लड़ सकता है, लेकिन इसके बाद प्रधानमंत्री पद के लिए खींचतान होगी ही, इसे तय माना जाना चाहिए।

राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बात है तो विपक्ष के राजनीतिक दलों के मुखिया अपने आपको दूसरे दल से श्रेष्ठ बताने का खेल भी खेलेंगे। चाहे वह राहुल गांधी हों, नीतीश कुमार हों या फिर ममता बनर्जी, चाहे शरद पवार हों या फिर अखिलेश यादव। या फिर जिनका जनाधार खिसक गया हो, ऐसे वामपंथी नेता ही क्यों न हो। सब के सब स्वयं नेतृत्व करने की सोच रहे होंगे। इसमें अभी प्रमुख नाम ही लिए हैं। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि विपक्षी एकता के प्रयास तभी किए जाते हैं, जब राजनीतिक दल अकेले दम पर कमजोर महसूस करते हैं। उल्लेखनीय है कि एकता के यह प्रयास विपक्ष की कमजोरी को ही प्रदर्शित करने वाले हैं। कम से कम संदेश तो यही जा रहा है। विपक्षी एकता के यह प्रयास कितने सफल होंगे, इसका अनुमान लगाना फिलहाल कठिन है।

अगर यह प्रयास सफल भी हो गए तो क्षेत्रीय राजनीतिक दल भी यह सपने देख सकते हैं कि हो सकता है कि देवेगौड़ा की तरह उनका भी नंबर आ सकता है। इस बारे में कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को लेकर एक अभियान सा चलाया जा रहा है, लेकिन ममता बनर्जी और नीतीश कुमार पीछे रहेंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। यह बात सही है कि आगे बढ़ने के सपने हर किसी को देखना चाहिए, यह स्वाभाविक भी है।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## घाट की उपेक्षा

**उत्तर** भारत के प्रसिद्ध शिव पीठ बैजनाथ का खीरगंगा घाट पूरी तरह उपेक्षित है। इस घाट में अस्थियां विसर्जित करने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। सामान्य स्थितियों में भी यह स्थल लोगों की आस्था का केंद्र है। जो लोग आर्थिक तंगी आदि के कारण हरिद्वार नहीं जा पाते वह पूर्वजों के फूल खीरगंगा में ही विसर्जित करते हैं।

**–वर्तिका शर्मा, देवघर**

## महंगाई की मार

**एक** तरफ कोरोना से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कमरतोड़ महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। बेकारी बढ़ गई है, लोगों की आमदनी कम हो गई है। तेल और पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं। सब्जियों और दालों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। एलपीजी गैस महंगी होती जा रही है। सरकार कहती है महंगाई कम हो रही है। **- श्याम गुप्ता, रांची**

# करवट लेता भारतीय सिनेमा और बदलते दर्शक

सिनेमा

**मृत्युंजय दीक्षित**

**राजा** हरिश्चंद्र से आज तक भारतीय सिनेमा ने न केवल तकनीकी विकास वरन कला और वैचारिक प्रधानता के भी कई दौर देखे हैं । आज की पीढ़ी को एंग्री यंग मैन का समय स्मरण है जब सामाजिक समस्याओं से उकताए लोग सुनहरे पर्दे पर अमिताभ बच्चन को बीस-बीस गुंडों को मारने के काल्पनिक दृश्य देखकर तालियां बजाते अपनी कुंठा से बाहर निकलने का प्रयास करते थे। फिर खान बंधुओं की फिल्मों का समय प्रारम्भ हुआ और एंगर की जगह रोमांस ने ले ली। इन्हीं खान बंधुओं ने ग्रे शेड वाले हीरो को जन्म दिया और अपराध को महिमा मंडित करने लगे और लोग उनके लिए दीवाने होने लगे। इस सबके बीच सामानांतर सिनेमा भी चलता रहा । धीरे-धीरे दर्शकों में यह समझ उभरने लगी कि उनके साथ छल हो रहा है। उन्होंने अनुभव किया कि वामपंथी और तथाकथित सेक्युलर इस महत्वपूर्ण माध्यम का उपयोग वृहद हिंदू समाज और संस्कृति को अपमानित करने और युवा हिन्दू को अपने धर्म और संस्कार से दूर ले जाने के लिए कर रहे हैं ।

इस बीच फिल्म जगत ने कुछ ऐसे कार्य किये जो देशद्रोह की श्रेणी में रखे जा सकते हैं । इन लोगों ने याकूब मेनन जैसे खूंखार आतंकी को बचाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने का अभियान चलाया। आमिर-शाहरुख-नसीर को भारत में डर लगने लगा। अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए ये टुकड़े-टुकड़े गैंग से जा मिले, जिसके बाद दर्शकों के एक बहुत बड़े वर्ग में आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी । बड़े-बड़े स्टार माने जाने वाले लोगों की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर पानी भी नहीं मांगा ।

बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि और प्यार में बदलाव आया। वह अब हिंसा और अश्लीलता से भरपूर बेढंगी कहानियों पर आधारित फिल्मों का पूर्णतः बहिष्कार कर उन्हें सुपर फ्लॉप कर रहा है। वहीं किसी सत्य, ऐतिहासिक घटना व तथ्यों पर आधारित घटनाओं और कहानियों पर बनी फिल्मों का हृदय से स्वागत कर रहा है । उत्तर-दक्षिण और भाषा का भेदभाव लगभग समाप्त हो गया है । रुचि पूर्ण कथ्य किसी भी भाषा में हो, राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति जा जा रहा है । बजट महत्वपूर्ण नहीं रहा। एक तथ्य यह भी है कि सत्य कहने वाली फिल्मों पर जमकर राजनीति हो रही है, भारत विरोधी और छद्म धर्मनिरपेक्षता-वाले लोग जो आज तक भारतीय संस्कृति का उपहास करके पैसा कमाते थे अब सच सामने लाने वाली फिल्मों का प्रदर्शन रोकने के लिए न्यायपालिका के दरवाजे भी खटखटा रहे हैं। एक समय था कि लोग भारतीय सिनेमा के कंटेंट से प्रभावित होते थे किंतु अब भारतीय सिनेमा राजनीति में आए बदलाव से प्रभावित हो रहा है। भारतीय सिनेमा में बदलाव का यह दौर विक्की कौशल अभिनीत फिल्म उरी -द सर्जिकल स्ट्राइक के साथ प्रारम्भ हुआ। इसमें सिंतबर 2016 में भारतीय सेना के पाकिस्तान की नियंत्रण रेखा पार कर सर्जिकल स्ट्राइक की घटना को जीवंत किया गया है। इस फिल्म ने राष्ट्रवाद की ज्वाला धधका दी थी और जनमानस में फिल्म के संवाद बहुत लोकप्रिय हुए । उरी की सफलता ने एक बड़ी लकीर खींच दी । इन्हीं एक-दो वर्षों में तान्हाजी, मणिकर्णिका जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों को अपनी ओर खींचा जबकि आम मसाला फिल्मों की कमाई बंद होने लगी ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत,तीन हुए घायल

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी से कुछ दूरी पर स्थित रामगढ़-पतरातू मुख्य मार्ग पर 13 जून की प्रातः सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं तीन अन्य घायल हो गए। घटना की जानकारी के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा। इस संबंध में बताया जाता है की बोलेरो जेएच 02 पी 3086 पर घुटुवा निवासी चार लोग सवार होकर रामगढ़ की ओर से घुटुवा जा रहे थे। उसी क्रम में तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सीसीएल बरका सयाल चेकपोस्ट के पीलर से जा टकराया। चेकपोस्ट का छज्जा बोलेरो पर गिर पड़ा। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से वाहन से सभी को बाहर निकालकर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सक द्वारा जांच के दौरान बबलू बेदिया घुटुवा निवासी को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दुर्घटना में घायलों का इलाज हो रहा है।

## उपायुक्त द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, आवास, पेयजल, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**कुजू।** नयामोड में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में स्वागत किया। मौके पर किसलय तिवारी ने कार्यकताओं के अंदर जोश भरते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। स्वागत करने वालों मे भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभितेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, संजय कुमार शिवम कुशवाहा आदि शामिल थे।

## दिगवार में नप उपाध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार नगरगढ़ा में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों लगा करीब 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसके बाद ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसे देखते हुए उपाध्यक्ष श्री महतो ने तत्काल नया 63 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों को राहत पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर पवन यादव, तरुण गिरी, नेमन महतो, सुरेश महतो, रेणु देवी, प्रिंस कुमार, सोनी कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोचिंग सेंटर के बच्चों का रिजल्ट अच्छा रहा



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर रंग ला रही है। बड़कागांव प्रखंड के जुगरा गांव में स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले दसवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से पास कर एक नया कीर्तिमान रचा है। 88 .40 प्रतिशत के साथ गौरव कुमार कोचिंग संस्थान में प्रथम स्थान पर रहे, वहीं सुजीत कुमार 85 .40 प्रतिशत के साथ में दूसरे स्थान पर रहे जबकि अर्जुन कुमार 85 प्रतिशत हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। कुल 19 छात्र-छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुयें।

### भाजपा द्वारा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन

# देश में तेजी से हो रहा विकास: जयंत सिन्हा

यूरोप और चीन को पीछे छोड़ते हुए कोडरमा से रांची तक मात्र तीन सौ करोड़ रुपए निवेश कर दो सौ किलोमीटर की नई लाइन बिछाने का काम : जयंत सिन्हा

केंद्र द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाइल नंबर 9090902024 पर ज्यादा से ज्यादा मिस कॉल करवाने का आग्रह किया : जिलाध्यक्ष प्रवीण



संबोधित करते हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** भाजपा की ओर से मंगलवार को होटल ला मेरिटल में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने व संचालन किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी कुशवाहा ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद राम ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मंजुलता दुबे उपस्थित हुई।

मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए कहा की वो खनिज, बालू के साथ धोती साड़ी के नाम से भी जनता का पैसा लूट लेते हैं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के पिछले 9 वर्ष सेवा सुशासन और जनकल्याण से भरे हुए दिखाई देते है।

उन्होंने पिछली सरकारों की अनदेखी के कारण जर्जर हालत में पहुंच चुके पतरातु स्थिति एनटीपीसी प्लांट का जिक्र करते हुए कहा की आज विपक्षी भी भाजपा की इच्छाशक्ति के आगे नतमस्तक होने को मजबूत हुए है। जब हम जर्जर हालत में जा चुके पावर प्लांट में अपनी दूरदृष्टि से चालीस हजार करोड़ का निवेश कर चार हजार मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाला देश का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करने में सफल हुए।

वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजुलता दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश की गरीब महिलाओं को साढ़े तीन लाख का घर बनाकर उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं, रांची से चलकर आई बबिता सिन्हा एवं प्रियांशु सिन्हा का जयंत सिन्हा से स्वागत कर उनको पार्टी में सम्मिलित किया।

संयुक्त मोर्चा में मुख्य रूप से पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, नारायण चंद्र भौमिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी, इलारानी पाठक, महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी, वसुध तिवारी,दिलीप सिंह, राजीव पमदत्त, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू, विजय जायसवाल, रोबिन गुप्ता, रमेश, दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, किसान मोर्चा के मणिशंकर ठाकुर,बबिता सिन्हा, दीप सिन्हा, कुमेल उरांव, नमेंद चंचल, सैय्यद किरमानी,अवितेष सिंह, प्रियांशु सिन्हा, शंभू लाल ठाकुर, प्रिया करमाली,पूनम टोप्पो, नीलम कुमारी,ज्योति मानसाता, चंदन रंजनी, रेखा देवी, सुधा देवी, उठानी देवी, रीति श्रीवास्तव, अमिता सोनी, बबिता सिन्हा, रूप देवी, बबिता सिन्हा, दीनबंधु पोद्दार ब्रजेश पाठक आदि उपस्थित थे।

## जिला कारा समिति की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, उपकारा रामगढ़ के अधिकारियों, जिला कारा सुरक्षा समिति के सदस्यों, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा ओर जल के बिना जीवन अधूरा : विधायक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने मवि बरकट्ठा में डीएमएफटी मद से निर्माण होने वाले स्कूल उन्नयन कार्य और झुरझुरी में नलजल योजना का शिलान्यास किया। मवि में आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बरकट्ठा में विकास कार्य की गंगा बह रही है। रोड, पुल पुलिया से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य पर विकास और व्यवस्था पर पहला फोकस है। लोंगो की समस्याओं को दूर करने का पहल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हो चुका है। कॉलेज में शीघ्र पढ़ाई शुरू कराने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी फंड से बरकट्ठा के कई स्कूलों में उन्नयन कार्य होगा। समारोह को टुकलाल नायक, सेवानिवृत शिक्षक मुरलीधर महतो, शिक्षक शशिभूषण प्रसाद, सुकर ठाकुर, उन्नयन कार्य के एजेंसी तिरुपति इंटरप्राइजेज के रामचंद्र यादव ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता मवि बरकट्ठा के एचएम रामकिशुन प्रसाद और संचालन शिक्षक यमुना साव ने किया। समारोह में भोला प्रसाद, इंद्रदेव यादव, रीतलाल प्रसाद, शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, राजेन्द्र यादव, शिक्षिका कलावती देवी, मनीषा कुमारी, सुमित्रा कुमारी, मधुलाल यादव, मनोज राम, विजय यादव समेत आदि लोग मौजूद थे। वहीं झुरझुरी में नलजल योजना शिलान्यास कार्यक्रम में मुखिया सुमन कुमार, पंस सदस्य मंजू देवी, भीम प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, हीरालाल प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# नशे के दलदल में फंसते जा रहें हैं कोयलांचल के युवा : डॉ.विरेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कांफ्रेस मे जानकारी देते एसडीपीओ डॉ विरेंद्र चौधरी

**भुरकुंडा(रामगढ़)।** अवैध नशा के खिलाफ भुरकुंडा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान रीवर साइड क्षेत्र से साढ़े तेरह केजी गांजा के साथ एक नशा के सौदागार को पकड़ा है। मंगलवार को भुरकुंडा ओपी में पतरातू एसडीपीओ डॉ. विरेंद्र चौधरी ने प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रीवर साइड दुमुहानी में अमित राय की दुकान से साढे छह किलो, रीवर साइड निवासी प्रमोद के घर से तीन किलो और बुधबाजार में गमेश पांडेय की जेनरल दुकान से चार किलो गांजा बरामद किया है। साथ ही गांजा का कारोबार करने वाले गमेश पांडेय को धरदबोचा है। एसडीपीओ श्री चौधरी ने कहा कि इन दिनो बड़े पैमाने पर कोयलांचल के युवा नशे के दलदल में फंसते जा रहें हैं। पुलिस नशा के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। उन्होने कहा कि नशा का कारोबार करने वाले सौदागर धंधा को छोड दें। पुलिस उन्हें किसी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। उन पर कडी कानुनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को गमेश पांडेय को जेल भेज दिया है। प्रेस कांफ्रेस मे ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई मंयक कुमार, एसआई कुदन राव, एसआई अक्षय कुमार आदि मौजूद थें।

## पेटो मचान में लगी भीषण आग

**दारू।** दारू प्रखंड के हरली पंचायत के पेटो निवासी प्रदीप प्रसाद के मचान में अचानक आग लग जाने के कारण पुवाल जल कर हुआ खाक। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे के करीब प्रदीप प्रसाद के घर के बगल में बनी मचान में अचानक आग लग गयी। आग लगने का कारण का पता नही चल पाया। आग लगने के बाद दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया तब तक ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया। करीब एक घंटे के बाद आई दमकल की गाड़ी और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## गरीबो को किया राशन वितरण



**हजारीबाग।** पीजीसी हजारीबाग में महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अंजुला शर्मा एवं पुरुष प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कुमार गौरव के आदेश अनुसार पायल अग्रवाल उपसचिव की अध्यक्षता में बिरहोर टोला डेमोटांड़ में , घर घर जाकर राशन वितरण किया गया। जिसमें दाल, चावल,आलू, सोयाबीन एवं टॉफी का वितरण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यकर्म सारे जिला अधिकारीयों एवं समाजसेवीयों के सहयोग सेपूरा किया गया। जिसमें सभी उपस्थित सदस्य इस प्रकार हैं जिला उपाध्यक्ष पूनम देवी, जिला सचिव फरहद नाज, समाज सेविका रानी कुमारी, प्रीति कुमारी, पम्मी देवी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर साहू, सहायक सचिव मिथिलेश कुमार, समाज सेवी उपेंद्र कुमार, अप्पू राम, विक्रम सिंह, गोलू कुमार।

## अनुशासन की सीख देता है खेल-कूद : डॉ.बिरेंद्र चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रजरप्पा के डीएवी स्टेडियम में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय सब जूनियर एथलेक्टिस प्रतियोगिता में कुरसें निवासी पंकज सिंह व रेखा देवी की 14 वर्षीय पुत्री आस्था सिंह ने रजत पदक जीतकर अपने माता-पिता, गुरू व क्षेत्रवासियों को गौरवान्ति किया है। आस्था की सफलता पर मंगलवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एसडीपीओ श्री चौधरी ने कहा कि खेलो में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। वहीं आस्था सिंह के खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता से बड़ा गुरू के लिए और कोई उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि आस्था ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई 9वीं की छात्रा है।

## विकास कार्यों में अनियमितता, बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुवाकला पंचायत में कई विकास के कार्य संपादित किये जा रहें है। जिनमे घोर अनियमितता का आरोप देखा जा रहा है। जिसे सुनकर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत पहुंच कर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया ।जहां आवास निर्माण कार्य सहित पुल निर्माण कार्य एवं जन वितरण प्रणाली दुकान का भी निरीक्षक किया गया। जन वितरण प्रणाली दुकान सहित पुल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता देखकर नाराजगी व्यक्त की ।बताते चलें कि पुल निर्माण कार्य में बालू का भंडारण उसी स्थान से हो रहा है, जहां पुल को लेकर पिलर दिया जा रहा है। वही से बालू उठाकर पुल ढलाई का कार्य किया जा रहा है ।मौके पर बीडीओ के साथ मुखिया मंगलदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, कमलेश कुमार सहित प्रखंड के कई कर्मी मौजूद रहें।

## वीमेंस क्रिकेट मैच का शुभारंभ



**बरही।** बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से शारदा देवी वीमेंस मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट सीरीज कप का आयोजन प्रखंड मैदान में बीएसए बरही व कुंदन क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। कुंदन क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बतौर मुख्य अतिथि धर्मपाल केशरी मौजूद थे। मैच को सफल बनाने में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, कुंदन कुमार, दीपेश चौरसिया, संतोष शर्मा, बसंत ठाकुर, अर्णव चौरसिया, सुजल कुमार, रितिक कुमार शामिल थे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 70 नए मरीज



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन ने प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत इन मरीजों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# कंपनी समस्या का करे निदान, नहीं तो होगा आंदोलन : किशोरी राणा

अदाणी ग्रुप के खिलाफ रैयत्तों का 61वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** क्षेत्र गोंदलपुरा गांव में ग्रामीणों ने अदाणी ग्रुप के द्वारा जबरन जमीन लेने को लेकर लगातार 61वें दिन धरना प्रदर्शन किया । नव झारखंड फॉउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने अदाणी, एनटीपीसी और त्रिवेणी सैनिक माइनिंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने ग्राम सभा के माध्यम से तय कर लिया है कि वे अपना जमीन अदाणी कंपनी को नही देगी। उसके बावजूद कंपनी यहाँ से जा नही रही। एनटीपीसी एवम सहयोगी कंपनी त्रिवेणी सैनिक द्वारा किये जा रहे खनन, डिस्पैच तथा परिवहन का काम बड़ी तेजी से चल रहा है।

वहीं स्थानीय ग्रामीणों के प्रति कंपनी का रवैया बेहद निराशाजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। किशोरी राणा ने कंपनी को चेताते हुए कहा कि जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्या का निदान करें अन्यथा आंदोलन के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों के आम सभा एंव ग्राम सभा बैठकों को रद्द किया। लेकिन अब अदाणी उस जमीन को जबरन अपने कब्जे में ले रही है । यहाँ तक कि हमारे जन प्रतिनिधि सांसद एंव विधायक भी इस मामले से पीछे हट रहे। आंदोलन के तत्पश्चात सभी पयार्वरण पखवाड़ा के तहत पेड़ो में रक्षा सूत्र बंधा। आंदोलन में मुख्य रूप से पुर्व मुखिया श्री कांत निराला, कृष्णा राणा, मुखिया बासुदेव यादव, देवनाथ महतो, अनिरुद्ध कुमार, मनोज गुप्ता, लखिन्दु ठाकुर, मो. इब्राहिम, इमाम साहब, एंव अन्य सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

**T. Reference No. :- S/R -07/2023-24** **Date 10.06.2023**

| Sl.No. | Name of Work | GROUP NUMBER | Estimated Cost (LAKH.) | Bid Security (LAKH) | Cost of BOQ (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of Defunct T/W of 125mm X 115mm X60 mtr. Deep (Av.) Drilled Tube well complete with installation of India Mark -II H.P. with 32mm dia Medium Class G .I. Riser pipe DTH Rig Machine with 1200 blue UPVC casing Pipe including Platform & Drain Etc. complete in Year 2023-24 | Group No. SRRE-01 | 22.41756 | 112100.00 | 5000.00 |
| | | Group No. SRRE-02 | 22.41756 | 112100.00 | 5000.00 |
| | | Group No. SRRE-03 | 22.41756 | 112100.00 | 5000.00 |
| 2. | Time of Completion | 45 Days | | | |
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | 17.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | 17.06.2033/04.00 PM. | | | |
| 5 | Bid Submission Start Date | 17.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 6 | Document Download / Sale End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 7 | Bid Submission End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | | | |
| 8 | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 24.06.2023/01.00 PM. | | | |
| 9 | Date of Opening of Tender | 26.06.2023/11.00 AM. | | | |
| 10 | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 11 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Office | 0651-3560890 | | | |

नोट :– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR.NO.299909 Drinking Water and Sanitation(23-24):D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

### Office of the Executive Engineer Drinking Water And Sanitation Division, Lohardaga.
**Email Id – eedwsd.lohardaga1@gmail.com**
**Notice for EOI Short Tender**

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission - Grameen), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/Goushala/ in District of Lohardaga, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization.)

On behalf of the Government of Jharkhand the **Drinking Water and Sanitation Department** invites scaled tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Lohardaga, Jharkhand"**
The summary of tender details is as below:

| Sl. No. | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBM(G)/DWSD/Gobardhan/01/2023-24/01 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Address of Communication | OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Division Lohardaga eedwsd.lohardaga1@gmail.com |
| 5 | Mobile Number | 8084784990 |
| 6 | Contact Person | Sri Anup Kumar Hansda |
| 7 | Email Contact | eedwsd.lohardaga1@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 14-06-2023 |
| Last date and time for submission of bids. | 28-06-2023 at 04:00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 03-07-2023 at 03:00 PM |

Note :- Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date, Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date, The **Executive Engineer**, D.W. & S. Division Lohardaga reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel entire process without assigning any reason thereof. Details will be seen on website of https://lohardaga.nic.in

PR 299943 Lohardaga(23-24)D Executive Engineer D.W. & S. Division, Lohardaga

### कार्यालय
### जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गुमला

गुमला जिला अन्तर्गत बिहार/झारखण्ड सहाकारी समितियाँ अधिनियम–1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित एवं वर्त्तमान में कार्यरत समितियों के लिए वर्ष 2023–24 से 2025–26 की अवधि में अपने कार्यक्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित जलकरों के अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित आवश्यक सूचना

**प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि :– 26.06.2023**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 से 2025–26 की अवधि हेतु गुमला जिला के ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है, जिनकी बन्दोबस्ती अवधि 31 मार्च 2023 को समाप्त हो चुकी है या जो पूर्व से अबन्दोबस्त है। संबंधित जलकरों की सूची जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला के सूचनापट्ट पर अंचलवार देखी जा सकती है या कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम–1935 एवं 1996 के अन्तर्गत निबंधित समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तदनुरूप गुमला जिला में कार्यरत सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियाँ/स्वावलंबी मत्स्य जीवी सहयोग समितियों से वर्ष 2023–23 से 2025–26 की अवधि के लिए अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु उपलब्ध (सूचीगत) ऐसे जलकरों जो प्रस्तावत समिति के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित है की सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बन्दोबस्ती (वर्ष 2023–24 से 2025–26) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

प्रस्ताव के साथ निम्नवर्णित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है :–

1. सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा वर्त्तमान कैलेन्डर वर्ष में निर्गत स्वच्छता प्रमाण–पत्र ।
2. आमसभा की कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति ।
3. अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति ।
4. विशेष आमसभा/निर्वाचन कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति ।
5. पूर्व से बन्दोबस्त जलकरों की वितरण सूची (वर्षवार) ।
6. पूर्व के बकायेदार नहीं रहने संबंधी प्रमाण–पत्र ।
7. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति ।
8. सदस्यता सूची सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, राँची के द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति ।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में अवस्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की अर्हता पुरी करती हो, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम् बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती की जाएगी ।

बन्दोबस्ती का प्रस्ताव (स्वच्छता–प्रमाण–पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज के साथ) दिनांक 26.06.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में जमा किया जा सकता है । निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा, उनके खुले डाक से बन्दोबस्ती की प्रकिया प्रारंभ की जाएगी ।

जला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गुमला

PR 299922 Fish(23-24).D

**स्पीड न्यूज**

### दो बाइक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर



**चैनपुर।** छतरपुर के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे प्रशासन ने चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डाक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर गुमला रेफर कर दिया गया। घटना दोपहर साढ़े बारह बजे की है। घायलों में जारी के बितरी गांव के संचित टोप्पो पिता लियोस टोप्पो उम्र 35 वर्ष एवं डुमरी के लोहड़ा गांव निवासी पंकज उरांव है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का धरना



**कुडू, लोहरदगा।** आजसू कुडू ने प्रखंड परिसर में एकदिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ने की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य गंगोत्री देवी, केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, आजसू प्रखंड सचिव अल्पसंख्यक गुड्डू खान, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, साजिद कलाल, सलीम पांडु, विजय उरांव, रमेस बैठा, प्रखंड सचीव प्रमेसर महतो, नवाज खान समेत अन्य थे। धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को सचेत किया कि अब प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार आजसू बर्दाश्त नहीं करेगी। पांच सदस्य टीम ने उपायुक्त के नाम से 7 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा गया।

### कैरो रविदास विकास मंच ने जताया शोक



**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो रविदास विकास मंच ने रविदास मुहल्ला कैरो में रविदास विकास मंच लोहरदगा के मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ समाज को एक सूत्र में बांधने वाले अध्यक्ष चुन्नी राम की आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त जताया। मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा की गयी। रविदास विकास मंच लोहरदगा के आजीवन अध्यक्ष रहे स्व चुनी राम का इस धराधाम को छोड़ कर जाना दलित समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। 80 वर्ष के उम्र में भी समाज के हित के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। शोक सभा में रमेश रविदास, बानेश्वर राम, निरंजन राम, संदीप रविदास, बबलू राम, सुलेन्द्र राम, प्रभु रविदास, जगरनाथ राम, मुन्ना राम, विनोद रविदास, बासुदेव रविदास, अजय राम, संजय बैठा, सोनू राम भी थे।

### सिसई प्रखंड के बालू घाटों पर एसडीओ व जिला खनन पदाधिकारी ने मारा छापा

**सिसई।** सिसई प्रखंड में मंगलवार को एसडीओ गुमला और जिला खनन पदाधिकारी ने अवैध बालू उठाव पर अंकुश लगाने को लेकर छापामारी अभियान चलाया। जिसमे सिसई प्रखंड के नागफेनी से 18250 सीएफटी, जिंदा चट्टीटोली से 90825 सीएफटी और जिंदा पोखराटोली से 41600 सीएफटी अवैध भंडारित बालू को जब्त किया। खनन पदाधिकारी रामनाथ राय ने बताया कि जब्त किया गया बालू भंडारण का नियम अनुसार विभागीय टेंडर कराया जायेगा। ज्ञात हो कि खबर मंत्र में जिले के विभिन्न नदी घाटों से अवैध रूप से हो रहे बालू के अवैध उठाव को लेकर खबर छपी ग थी। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आते हुए सिसई प्रखंड के विभिन्न घाट बालू घाटों में छापामारी अभियान चलाई और भंडारी कर रखा रखे गए अवैध बालू को जब्त किया। मौके पर सीओ सिसई भी शामिल थे।

### आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से लाह की खेती कर किसान हों लाभान्वित : वैद्य



**घाघरा।** हिंडाल्को सीएसआर कार्यक्रम के तहत रुकी पंचायत सचिवालय में वैज्ञानिक विधि से लाह की खेती हेतु कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया। प्रशिक्षण में रांची वन उत्पादकता समिति के पूर्व तकनीकी विशेषज्ञ एसएन वैद्य ने किसानों के बीच तकनीकी जानकारियां, लाह की खेती, बेर, कुसुम, पलास आदि पेड़ों पर किये जाने की बारीकियां से अवगत कराया। खेती बारी के साथ वे अपने घरेलू तथा पारंपरिक कृषि के साथ आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधि से लाह की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि लाह की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त कर किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। मौके पर सीओ प्रणव ऋतुराज, पूर्व उप प्रमुख कृष्णा कुमार, निरज कुमार, अभय भारती, उप मुखिया छोटन बड़ाइक, वार्ड सदस्य अरुणा केरकेट्टा, रुकी, पोढ़हा, जलका, घुठी, बीमरला घोड़ापत्थर आदि गांव के महिला पुरुष किसान मौजूद थे।

### सिसई के करकरी में जलापूर्ति ठप

**सिसई।** प्रखंड के करकरी नदी से जलापूर्ति ठप हो जाने प्रखंड में जलापूर्ति को लेकर हाहाकार मच गया है। लोग आरओ वाटर के भरोसे है जो गरीब व्यक्ति है जिन्हें पानी की किल्लत है वह ईश्वर भरोसे जहां कहीं से पानी लाकर अपनी दिनचर्या की पूर्ति कर रहे हैं। विभागीय लापरवाही के कारण पानी की किल्लत जनता भोग रही है। जिसके कारण पड़ रहे भीषण गर्मी में सिसई वासियों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। लोगों को पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि होना पड रहा है। इसकी सूचना मिलने पर कांग्रेसियों ने करकरी जलापूर्ति का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पर बहुत सारी समस्याओं से अवगत हुए। सिसई प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा विभागीय लापरवाही के कारण जनता पानी जैसी समस्या से त्राहिमाम कर रही। गरीब आदमी सफलाई पानी से अपने घर का हर जरूरत का काम कर लेते थे। अब तो उन्हे एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इतनी गर्मी में पानी के लिए लोग खरीद कर पी रहे है और बाकी जो जरूरत के लिए कई किलोमीटर से पानी लाकर जरूरत को पूरा करने में मजबूर है। अगर पीएचइडी विभाग सही से निगरानी कर पानी का स्टोरेज बना दे तो जनता तक पानी आसानी से पहुंचा सकती है।

# पेशरार में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन

■ उद्घाटन के बाद जनता की समस्याओं से रूबरू हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा/पेशरार।** डॉ रामेश्वर उरांव मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड द्वारा मंगलवार ग्राम में 42.12 लाख रुपए की लागत से बने आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का निर्माण ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल द्वारा किया गया है जिसका निर्माण कार्य 16 नवंबर को प्रारंभ हुआ था।

**समस्याओं के समाधान का आश्वासन:** मौके पर मंत्री ने आम लोगों से कहा कि मड़ुवा की खेती को बढ़ावा देने के लिए अब किसानों को मड़ुवा का बीज भी उपलब्ध कराया जायेगा। झमटवार विद्यालय का जवाखाड़ में मर्ज होने के लोगों की शिकायत पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य के ऐसे 4500 विद्यालयों को, जो बंद हो गए हैं, उन्हें पुन: शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना के संबंध में मंत्री श्री उरांव द्वारा आश्वस्त किया गया कि धोती/लुंगी, साड़ी आबंटन आ गया है, अब लोगों को फिर अपने राशन डीलर से धोती/लुंगी-साड़ी मिल सकेगी। राशन कार्डधारकों को अब राशन दुकान से दाल भी मिलेगा। जो युवा दोपहिया वाहन का इस्तेमाल करते हैं वे राज्य सरकार की पेट्रोल सब्सिडी स्किम का लाभ अवश्य लें। प्रत्येक माह सरकार 250 रुपये का मुफ़्त पेट्रोल दे रही है। मंत्री ने कहा कि पेशरार में 27 स्थानों पर अखड़ा का निर्माण कराया जायेगा। इसमें केरार, दुगु, हुसरू, होन्हे, रुबेद, मक्का, रोरद, जवाखाड़, पुतराग इत्यादि शामिल हैं। साथ ही, 242 परिवारों के लिए 1.67 करोड़ की लागत से बिजली समस्या दूर होगी।




उद्घाटन के दौरान मंच पर उपस्थित मंत्री व अन्य।

**लोगों की मांगें :** कलेश्वर नगेशिया और आनंदपाल नगेशिया ने राशन कार्ड बनवाने की मांग की। जवाखाड़ में अमृत तिर्की के घर के सामने चापाकल की मांग की गयी। सुरेंद्र नगेशिया ने पेशरार के हुलुंग में विद्युत कनेक्शन और स्कूल में चापाकल की मांग की। मंत्री ने कहा कि पेयजल व विद्युत की समस्या दूर होगी। आप पढ़े-लिखे लोगों के संपर्क में रहें। सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें।

### 62 लाख की लागत से बनेगा पड़हा भवन

वित मंत्री श्री उरांव ने पेशरार, कानीटोली में सांस्कृतिक कला केंद्र पड़हा भवन (धुमकुड़िया) का भी शिलान्यास किया। यह भवन 62 लाख रुपये की लागत से बनेगा जिसका निर्माण जिला परिषद, लोहरदगा द्वारा कराया जायेगा। मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा पेशरार प्रखंड कार्यालय परिसर में जनसुनवाई की जिसमें लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। मंत्री द्वारा उक्त समस्यायों के निराकरण का आश्वासन दिया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, युवा नेता रोहित उरांव, प्रमुख सीता देवी, उप प्रमुख करुणा देवी, किस्को प्रमुख सुचित्रा भगत, 20 सूत्री अध्यक्ष किस्को समूल अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष पेशरार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

वित मंत्री ने की जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति योजना की समीक्षा

# समस्या को सुलझाकर नियमित करें आपूर्ति : डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** डॉ रामेश्वर उरांव मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड द्वारा सोमवार को शहरी जलापूर्ति योजना, ग्रामीण जलापूर्ति योजना और विद्युत आपूर्ति की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की।

शहरी जलापूर्ति की समीक्षा में वित मंत्री ने वर्तमान आवश्यकता, वास्तविक जलापूर्ति और अंतर के संबंध में प्रेक्षा की। इसमें प्रशासक, नगर परिषद ने बताया कि वर्तमान जनसंख्या के अनुसार शहर में 4.7 एमएलडी पेयजलापूर्ति की आवश्यकता है और 3.58 एमएलडी जलापूर्ति की जा रही है। अंतर 1.12 एमएलडी है। शहर के अगले तीस वर्षों की पेयजलापूर्ति के लिए वर्ल्ड बैंक एक सर्वेक्षण कर योजना तैयार की है जिसमें विभिन्न विभागों से एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। यह राज्य संपोषित योजना है। वर्तमान में शहर में 400 हैंडपंप हैं और 15 वाटर टैंक हैं। शहर के खराब चापाकलों को ठीक करने के लिए दो टीमें हैं।



**ग्रामीण जलापूर्ति और बिजली विभाग की ली जानकारी :** ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा में मंत्री द्वारा जलजीवन मिशन अंतर्गत मल्टी विलेज स्कीम, सिंगल विलेज स्कीम की समीक्षा की। इसमें मंत्री ने निर्देश दिया कि जो भी योजनाएं पेयजलापूर्ति के अंतर्गत बनी हैं उसका सर्वेक्षण करा लें कि उनमें कितनी ठीक हैं, कितनी नहीं। अगर वे योजनाओं ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति को हस्तगत की गई हैं तो क्या वे योजनाएं अभी भी ठीक हैं। ऐसी योजनाओं की एक सूची बना कर उसे ठीक कराने हेतु प्रस्ताव दें।

# अवैध बालू उत्खनन और पशु तस्करी पर कार्रवाई करें लगायें रोक : एसपी

■ पुलिस लाइन गुमला में अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन
■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** एसपी डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता मैं मंगलवार को पुलिस लाइन चंदौली में अपराध गोष्ठी की गयी। बैठक में भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर राजेश उरांव वा एरिया कमांडर लाजीम अंसारी के मारे जाने पर पुलिसकर्मियों को एसपी ने बधाई दी। बैठक में पुराने वारंटियों की गिरफ्तारी, लंबित कांडों का निष्पादन, गृह भेदन अवैध बालू उत्खनन एवं पशु तस्करी पर रोक लगाने की सख्त हिदायत दी। क्यूआर कोड बास्ट पेट्रोलिंग, रक्षक ई बीट पुलिसिंग के तहत क्षेत्र में निगरानी रखने का भी एसपी ने निर्देश दिया।



बैठक में शामिल एसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारी।

**खास बातें :** बैठक में एसपी ने डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशा पान व नशीले मादक पदार्थ के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वही हत्या, बलात्कार, अप्राकृतिक मृत्यु तत्काल अनुसंधानकर्ता कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी थाना प्रभारियों को एंटी वाहन चेकिंग अभियान चलाना वजन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश एसपी ने दिया। विगत 5 वर्षों से जेल से जमानत पर रिहा अपराधियों उग्रवादियों व उनके समर्थकों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनका सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को एसपी के द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, एसडीपीओ गुमला मनीष चंद्र लाल, एचडी फिल्म बसिया विकास आनंद लागुरी, सभी थानों के थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर आदि उपस्थित थे।

### आम बगीचा के आम फल की हुई नीलामी



**कुडू, लोहरदगा।** कुडू प्रखंड स्थित अंचल सभागार में कुडू साप्ताहिक बाजार रोड स्थित आम बगीचा के फलों को लेकर ओपन टेंडर (नीलामी) हुआ। सीओ प्रवीण सिंह ने बताया कि ये बगीचा अनावाद बिहार सरकार (बिडला जमीन) में स्थित है। ये कुल सात एकड़ में फैली हुई है और तीन सौ बेरासी (382) आम के फलदार पेड़ है। इसकी नीलामी में कुल आठ लोगों ने फार्म भरा। 1,40,101 से बोली शुरू हुई। 16वें राउंड में 4,51,000 की बोली में लवागाई निवासी आजाद खान को आम बगान दिया गया।

### जलापूर्ति बाधित होने पर कांग्रेस नेता ने जतायी चिंता

**गुमला।** सिसई में करकरी जलापूर्ति व्यवस्था ठप होने से प्रखंडवासियों को परेशानी हो रही है। इसपर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने चिंता प्रकट की है। कहा है कि जलापूर्ति बाधित होने का मुख्य कारण विभागीय लापरवाही और अवैध बालू का उठाव है। प्रशासन को इसपर ध्यान नहीं चाहिए। चुंकि बढ़ती गर्मी के बीच पानी की समस्या होने से हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों को दो से तीन किमी दूर से पानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है। प्रशासन पानी का स्रोत तलाश कर पानी स्टोरेज करने की व्यवस्था करें।

### छोटा अजियातु व मनातू में सेविका-सहायिका चयनित

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के छोटा अजियातु और मनातू आंगनबाड़ी में बाल विकास परियोजना के प्रभारी पदाधिकारी सह घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज के उपस्थिति में मंगलवार को सेविका और सहायिका का चयन किया गया। इस क्रम में सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, राजलक्ष्मी लकड़ा ने ग्रामीणों के समक्ष चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। वही छोटा अजियातु में सहायिका पद के लिए 6 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें अधिक अंक प्राप्त किए जयश्री कुमारी का चयन सहायिका के लिए किया गया। जिसके बाद मनातू ग्राम में सेविका पद का चयन के लिए 3 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें अंजनी देवी का चयन ज्यादा अंक प्राप्त होने के कारण सेविका के पद पर चयन किया गया। अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने चयनित सेविका और सहायिका को ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की बात कही। मौके पर प्रमुख सविता देवी शिक्षक ए एनएम मुखिया सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### 41 लाभुकों के बीच 57 लाख का ऋण बंटा

**गुमला।** मंगलवार को नगर भवन गुमला में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच विभिन्न व्यवसायों व आजीविका वाहनों के लिए ऋण वितरण सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सुशांत गौरव शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त के हाथों सांकेतिक रूप से लाभार्थियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराया गया।

## विधायक भूषण तिर्की ने किया झामुमो के सदस्यता अभियान का शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झामुमो सदस्यता अभियान की शुरुआत गुमला जिला में कर दी गई है। झामुमो का गुमला जिले के 169 पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाकर एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक भूषण तिर्की ने सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए अपने कार्यालय में कई नए सदस्यों को जोड़ा। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान में जुड़ जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड और पंचायत में सदस्यता अभियान की जवाबदेही प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड कमेटी की है। आज पूरे झारखंड भर में सदस्यता अभियान का शुरूआत कर दिया गया है गुमला जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र में जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलाने को लेकर संगठन के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश विधायक भूषण तिर्की के द्वारा दिया गया।

›› एक लाख नये सदस्य जोड़ने का रखा लक्ष्य



## चांदसी क्लीनिक के कक्ष में अन्य कार्य करने को प्रशासन ने हटाया

■ स्वास्थ्य विभाग के जांच में पायी गयी थी अनियमितता, जिसके बाद कर दिया गया था सील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के कुरूमगढ़ रोड स्थित चांदसी क्लीनिक को बीते दिनों गुमला उपायुक्त के निदेर्शानुसार चैनपुर प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा सील कर दिया गया था। जिसे मंगलवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा सील खोल दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक जांच टीम गठित कर चैनपुर प्रखण्ड के सभी क्लिनिक एवं प्राईवेट अस्पतालो की जांच की गई थी। जिसमें कई क्लिनिकों पर कमियां पायी गयी थी। जिसका रिपोर्ट गुमला उपायुक्त को सौंपी गयी थी। इसी आलोक में बीते दिनों गुमला उपायुक्त के आदेश के बाद चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी गौतम कुमार, चैनपुर चिकित्सा प्रभारी डा. राजमोहन खलखो ने चैनपुर थाना के साथ मिलकर चांदसी क्लिनिक को अगले आदेश तक सील करने दिया गया था। मौके पर चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमर भी मौजूद थे।



## उपायुक्त ने दूरदराज इलाकों के लोगों की सुनी समस्याएं

**जनता दरबार**

■ समस्याओं के निराकरण हेतु अधीनस्थों को दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव ने जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या सुनी और समस्याओं के निदान हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिया। गुमला प्रखंड के पतिया सिकरिया टोली ग्राम निवासी ने उपायुक्त को आवेदन देते हुए गॉव में जल आपूर्ति हेतु डीप बोरिंग कराने की मांग की। उसने बताया कि गांव का चापाकल खराब और जंग खा रहा है। गांव में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घाघरा प्रखंड के दिरगॉव के ग्रामीणों ने उपायुक्त से गांव तक आने-जाने के लिए सड़क बनाने की मांग की। दिरगॉव सुदुरवर्ती क्षेत्र है जो चारों तरफ पहाड से घिरा हुआ है। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या उपायुक्त के समक्ष रखी।



### आम के पेड़ से पत्थर गिरकर युवक के सिर पर लगा, घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के बाकिर निवासी प्रकाश गोप (35) पत्नी सहित बारिश से बचने के लिए आम पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान तेज बारिश होने लगी तो दूसरी जगह जाने लगा तभी आम के पेड़ से एक बड़ा पत्थर सीधे उसके सर में आकर गिरा। जिसे उसका सर फट गया है। पत्नी ने बताया कि वे दोनों कस्तूरबा स्कूल अपनी बेटी का एडमिशन के लिए आवेदन जमा करने आये थे और वहां से लौटने के दरमियान में बारिश होने लगी। इसी के क्रम में यह घटना घटी और पेढ़ से पत्थर सर पर गिर गया।

## 40° गर्मी में भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही है बिजली

■ बिल के लिए किया जाता है परेशान, उपभोक्ता नाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में गर्मी के कहर के बीच विद्युत व्यवस्था के चौपट होने से स्थिति विकट हो गई है। चौबीस घंटे में कब और महज कितनी देर के लिए उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध हो इसे कोई नही जानता। जहां क्षेत्र में 40 डिग्री गर्मी में लोग जीने को विवश हैं ऐसे में किसानों के खेत मे लगे मिर्चा, टमाटर, धनिया, गोभी की फसल पटवन की अभाव में मरने लगा है तो दूसरी तरफ पढ़ने वाले बच्चों, खाना बनाने वाली गृहणियों व ऑनलाइन से जुड़े कामगारों के लिए किसी सजा से कम नही बन गई है विद्युत व्यवस्था। चाहे आम हो खास सभी के लिए बिजली के नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गयी है। किंतु उपभोक्ताओं बहादुर उरांव, सुसेन महतो, खुदी उरांव, मनिया उरांव, मृदुल तिवारी, सुकरु उरांव, पार्वती देसी, सुधा उरांव सहित दर्जनों किसान व ग्रामीणों का कहना है विभाग की लापरवाही और बिजली व्यवस्था पर किसी जनप्रतिनिधि का प्रयास नहीं करना क्षेत्र के लोगों के लिए दुखद है।

# शिविर का लाभ उठा धर्म, संस्कृति व रीति रिवाज की सुरक्षा का संकल्प लें : पुनीत

■ संभाग स्तरीय महिला चेतना शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड का लोहरदगा संभाग स्तरीय दो दिवसीय महिला चेतना शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड प्रांत सचिव पुनीत कुमार लाल ने कहा कि चेतना शिविर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, महिला उत्पीड़न, नशामुक्ति, महिला कार्य आदि विषयों पर जो भी जानकारी दी गई। उसे अपने गांव एवं समाज के लोगों को बता कर अपनी धर्म संस्कृति परंपरा रीति रिवाज के प्रति जागृत करने का संकल्प ले।ताकि इस चेतना शिविर के आयोजन के उद्देश्य की पूर्ति हो सके। कार्यक्रम के दूसरे दिन सदर अस्पताल गुमला के पी,पी,एम कोऑर्डिनेटर, डॉ हरिशंकर मिश्रा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।



समापन समारोह में शामिल युवतियां।

कार्यक्रम के समापन समारोह में गुमला नगर के श्री अभिनव काबरा के सौजन्य से प्राप्त श्रीमद्भागवत गीता पुस्तक सभी प्रशिक्षणार्थियों को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय चेतना शिविर में चार जिला लोहरदगा सिमडेगा गुमला लातेहार आदि से 20 युवतियां भाग लिये। मौके पर महिला प्रमुख सुलेखा कुमारी, प्रांत महिला प्रमुख सुश्री ललिता कुमारी, सह प्रांत महिला प्रमुख सुश्री निर्मला वर्मा, गुमला विभाग संगठन मंत्री नरेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री खेदू नायक, जिला रोजगार सृजन केंद्र प्रमुख श्री सुरेंद्र प्रसाद गुप्त, शबरी आश्रम प्रमुख सुश्री रीना कुमारी, सचिव श्रीमती चंपा देवी, समिति सदस्य श्रीमती ललिता देवी, श्रीमती कलेश्वरी देवी, जिला महिला प्रमुख सुश्री लक्ष्मी कुमारी, सुजाता मुंडा, संपत्ति कुमारी, कौशल्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, चांदमनी देवी आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा के कंप्यूटर शिक्षकों को पांच महीने से वेतन भुगतान नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आईसीटी संघ के जिला कमेटी का पुनर्गठन एवं अग्रिम में होने वाले कार्रवाई के लिए नियमित आईसीटी इंस्ट्रक्टर (कंप्यूटर शिक्षको) के द्वारा लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में एक आम सभा संघ के संरक्षक रबिंद्र सोनार के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रुप से वेतनमान की वृद्धि और स्थायीकरण के विषय पर एवं विगत 4-5 माह से एडिक सेल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा वेतनमान नहीं देना को लेकर विचार विमर्श किया गया।साथ ही महिला शिक्षिकाओं को मातृत्व अवकाश एवं विशेष अवकाश पर भी चर्चा किया गया।



विचार विमर्श करते कंप्यूटर शिक्षक।

विदित हो कि यह सभी कंप्यूटर शिक्षक वर्ष 2017 से झारखंड के सरकारी विद्यालय में कार्य कर रहे है। लंबे समय से ये शिक्षक राज्य के अलग अलग स्कूलों में कंप्यूटर की शिक्षा दे रहे, है वावजूद इसके इनकी सुविधा, मानदेय, और सेवा स्थायीकरण की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। मजबूरन ये कर्मी अपनी मांग पर बल देते हुए सरकार से गुहार लगाई है। मौके पर जिला अध्यक्ष नवनीत कुमार, सचिव उत्तम कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल, मीडिया प्रभारी फराहन हशन, सदस्य मो शहनवाज, मो दानिश शुभम, कार्तिक, बिपिन कुमार, वसंत कुमार, तारिख अंसारी, शहीद आलम, निखिल कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

स्पीड न्यूज

## महज दस रुपये मांगने पर पिता ने पुत्र की गला दबाकर की हत्या

**चतरा।** जिले के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के करौलीबार गांव में सोमवार को दिल दहलाने वाली हुई एक घटना में पिता बिलेश भुइयां ने अपने 12 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार की केवल दस रुपए मांगने पर उसकी जान ले ली। पुलिस के अनुसार घटना सुबह करीब 9 बजे की है जब आरोपी बिलेश भुइयां और उसकी पत्नी दोनों शराब के नशे में धुत होकर आपस में झगड़ रहे थे। वशिष्ठनगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि जब मृतक की बहन ईंट भट्ठा पर काम करके घर लौटी तो भाई को मृत देखा। पिता से जब पूछने लगी तो मामला सामने आया। बाद में ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मृतक पप्पू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक रोड स्थित राधे राधे कॉम्प्लेक्स के समीप मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति की शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान फिलहाल नही हो पायी है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है व्यक्ति का शव सुबह से ही कॉम्प्लेक्स के बाहर पड़ा हुआ था। जिसके बाद आस पास के लोगों ने तिलैया पुलिस को सूचना दिया। जहां एसआई सुमित साव अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिये। उन्होंने आस पास के लोगों से शव के बारे में पूछताछ किया। जिसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## जन समस्याओं को लेकर प्रदीप यादव मिले श्रम मंत्री से

**डोमचांच (कोडरमा)।** राजद के युवा प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव ने मंगलवार को झारखंड के श्रम कल्याण विभाग सह कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता से शिष्टाचार मुलाकात किये। इस दौरान उन्होंने कोडरमा की जन समस्याओं को मंत्री के सामने रखा और जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने का आग्रह किया। बताते चलें कि प्रदीप यादव डोमचांच के जन समस्याओं के निराकरण करने को लेकर खुद भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाते हैं।

## फुट ब्रिज मांग को लेकर मंत्री हफीजुल हसन को सौंपा ज्ञापन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जामा मस्जिद हसनाबाद तथा मदरसा खादिमुल उलूम हसनाबाद में बीते संध्या झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन का कोडरमा जिला भ्रमण हुआ। जिसमे मस्जिद और मदरसे की मंत्री ने व्यवस्था, साफ सफाई देख कर काफी खुश हुए। वहीं मदरसे के बच्चों को तालीम हासिल करने और देश का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किये। हसनाबाद मस्जिद इंतजामिया के लोगों ने मंत्री से एक फुट ब्रिज की मांग की। वहीं लोगों ने कहा की यहां पर आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं, जिसमे अब तक कई लोगों की जाने जा चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया की संबंधित विभाग से बात किया जायेगा और समस्या का समाधान के लिए पहल की जायेगी। साथ ही उन्होंने मदरसे के बच्चों से बाते कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही खेल के लिए क्रिकेट, बैट और फुटबॉल का वितरण किये। मौके पर मदरसे के मोहतमिम काजी नसीम उद्दीन, मस्जिद के सदर मो. अमजद, सेक्रेटरी सलीम अहमद, हाजी मो. कासिम, कारी तौहीद, हाजी मास्टर मुस्तफा, हाफिज मकसूद, मौलाना अख्तर, नौशाद आलम, पिंकू सहाय, मुख्तार आलम, फैयाज कैसर, मो. हिदायत, इरसाद, सैफ अली समद, मो गुलजार, मो. सद्दाम आदि मौजूद थे।

# देश के विकास के लिए गांव का विकास बहुत जरूरी : राज्यपाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को जिले के म्यूरहण्ड प्रखण्ड के करमा पंचायत सचिवालय पहुंचे। महामहिम के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से नवाजा गया। जिसके उपरांत झारखंडी परंपरागत नृत्य और गीत के साथ उन्हें मंच पर आसीन कराया गया। उपायुक्त अबु इमरान ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। एसपी राकेश रंजन ने सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को पौधा देकर स्वागत किया। तत्पश्चात, डीसी अबु इमरान ने राज्यपाल को जिला का संछिप्त परिचय देने के उपरांत जिला में किये गए विभिन्न कार्यों से अवगत कराते हुए शिक्षा, खेल, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में किये गए सभी कार्यों का उल्लेख किया। जन संवाद कार्यक्रम के तहत मौजूद लोगों के विचारों से अवगत होने के उपरांत राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया गया। राज्यपाल अंग्रेजी में संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के काम में कोई भी अवरोध नहीं होना चाहिए। करमा जैसे छोटे छोटे पंचायत, गांव विकसित होगा तो प्रखंड विकसित होगा। जब प्रखंड विकसित होगा तो जिला विकसित होगा और जब जिला विकसित होगा तो राज्य का विकास होगा और तभी देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद आज जिले के लोगों को व्यापक सुविधाएं मिल रही हैं ।



### केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का किया जिक्र

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की सोच थी कि देश में भुखमरी नहीं रहें और 1988 के बाद देश से भुखमरी नहीं रहीं। उन्होंने चतरा जिले में उज्वला योजना, जल जीवन मिशन योजना आदि संचालित योजनाओं का जिला में स्थिति का उल्लेख करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।

### काजल को वीरता प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



उक्त कार्यक्रम में काजल कुमारी पिता पचन भुईयां को अदम्य साहस दिखाते हुए डूबते हुए बच्चे को बचाने के वीरता पूर्ण कार्य के लिए सम्मानित करते हुए वीरता प्रशस्ति पत्र दिया गया। मयूरहण्ड प्रखंड के हुसियां गांव में 07 मई को तीन साल का शिवम खेलने के दौरान कुएं में गिर गया और गहरे पानी में डूबने लगा था। इस पर नजदीक खड़ी उसकी 13 वर्षीय मौसी काजल अपनी जान की परवाह किये बगैर कुएं में कूद कर बच्चे की जान बचाई थी।




● सदर अस्पताल और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

● स्वावलंबी ग्राम अरकोशा पुनर्वास में राज्यपाल ने जनता के साथ किया संवाद

**कोडरमा।** झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे, जिले में अपने दौरे की शुरूआत सदर अस्पताल पहुंच कर किया। सदर अस्पताल में राज्यपाल श्री कृष्णन ने विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया, निरीक्षण के क्रम में उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, महिला, पुरुष वार्ड, पैथोलॉजी, ओटी समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों की दी जा रही सुविधाओं के बाबत जानकारी ली। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों से मिल कर दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और मरीजों के बीच आयुष्मान किट का वितरण किया। इसके बाद राज्यपाल का काफिला जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विधालय पहुंचा, जहां स्कूली छात्राओं ने पारंपरिक रीतिरिवाजों से राज्यपाल का भव्य स्वागत किया। राज्यपाल श्री कृष्णन स्कूली व्यवस्था का जायजा घूम घूम कर लिया और उपलब्ध शिक्षा व्यवस्था से रूबरू हुए, पत्रकारों से बातचीत के क्रम में राज्यपाल ने कहा कि कोडरमा जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़िया कार्य हो रहा है, आने वाले दिनों में इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के नेतृत्व में जिला प्रशासन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय बनाकर सकारात्मक कार्य कर रहे हैं, इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। सदर अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें खुशी हुई कि कोडरमा जैसे छोटे जिले में सदर अस्पताल में नर्सिंग होम की फीलिंग्स हो रही है, यदि इसी तरह अस्पताल के व्यवस्थाओं में सुधार होते रहा तो यह हॉस्पिटल आने वाले दिनों में देश के शीर्ष हॉस्पिटलों में शामिल होगा। इसके पूर्व राज्यपाल के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसपी कुमार गौरव, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डॉ. अनिल कुमार डॉ. कुलदीप कुमार, डीपीएम महेश कुमार, समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### गांव के विकास के लिए मैं हमेशा आपके के साथ हूं : राज्यपाल



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के स्वालम्बी ग्राम अरकोशा पुनर्वास में मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन जनता के साथ संवाद किया। योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ-साथ राज्यपाल गांव के विकास से भी रुबरु हुए। इस दौरान राज्यपाल प्रखंड के अरकोसा गांव पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से हाथ से बनाया गया टोपी को ग्रामीणों द्वारा भेंट की गई। वहीं मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। जहां कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन राज्यपाल को पुष्प गुच्छ देकर समान्नित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। लाभुकों से सीधी बात भी किये। राज्यपाल अंग्रेजी में संबोधन कर रहे थे तो डीसी आदित्य रंजन हिंदी में अनुवाद कर रहे थे। बोले जब गांव का विकास होगा, तभी आप का विकास संभव है। सभी लोग मिलकर अपने गांव का विकास करें, इसमें किसी भी तरह की जरूरत हुई तो मैं हमेशा आपके लिए तत्पर हूं। उन्होंने कहा राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद मैंने योजना बनाया की गांव के लोगों को राजभवन तक आना नही पड़े, राजभवन खुद गांव तक पहुंचे। यह बातें राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन ने मंगलवार को मरकच्चो में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा। वहीं महिलाओं से आह्वान किया कि आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें क्योंकि, शिक्षा से बढ़कर कोई भी धन नहीं है। मौके पर लाभुकों के बीच लगभग 3 करोड़ 87 लाख की परिसम्पतियों का वितरण किया गया।

# टांगों में बांधकर अफीम की तस्करी, दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** अफीम तस्करी पर पुलिस की पैनी नजर है।परंतु अफीम तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि चतरा पुलिस लगातार छापामारी कर अवैध अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में तस्करों को गिरफ्तार कर रही है। इसी कड़ी में विगत 12 जून को एक किलोग्राम अफीम के साथ 27 वर्षीय अंगलेश कुमार दांगी पिता इन्द्रदेव दांगी और 25 वर्षीय कृष्णा कुमार दांगी, पिता-भुनेश्वर दांगी को गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी केदार नाथ राम,पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चतरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम ने बताया कि गिरफ्तारी पुलिस टीम में वशिष्ठनगर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक गुलाम सरवर , सहायक अवर निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद याद के अतिरिक्त पुलिस जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली कि चतरा से गया जाने वाली जयमंगला बस में दो अफीम तस्कर अफीम के साथ गया की ओर जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री रंजन से प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक (मु०) चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी बशिष्ठनगर थाना एवं सशस्त्र बल शामिल थे। उक्त छापामारी दल द्वारा जयमंगला बस को मोरेनवा टोल प्लाजा के पास रोक कर जाँच की गई। जांचोपरांत व्यक्ति अंगलेश कुमार दांगी, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता इन्द्रदेव दांगी और कृष्णा कुमार दांगी, उम्र 25 वर्ष, पिता-भुनेश्वर दांगी, दोनो ग्राम-दारियातु, थाना सदर, जिला-चतरा को संदिग्ध स्थिति में पाये जाने पर विधिवत उनकी बदन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अंगलेश कुमार दांगी के दोनो पैर में घुटना से नीचे एनकलेट लगाया हुआ पाया गया। जब एनकलेट को उतारा गया तो दोनो एनकलेट के अन्दर कुल 01 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुआ। जो कृष्णा कुमार दांगी के साथ बिक्री करने हेतु ले जा रहे थे। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार तस्करों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि उक्त दोनो व्यक्ति लावालौंग तरफ अफीम का खेती किये थे। उसी से निकाला गया अफीम को बिहार राज्य के डोभी बिक्री के लिए जा रहे थे। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक किलोग्राम अवैध अफीम, पैर में पहनने वाला दो पीस इंकलेट , दो मोबाइल शामिल है। गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ वशिष्ठनगर थाना काण्ड सं0-31/2023 दिनांक-12.06.2023 धारा 17( ) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मंत्री मिथिलेश आज करेंगे एक साथ 400 योजनाओं का मेगा शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में गढ़वा प्रखंड के डुमरो, नारायणपुर गांव में एनएच 75 बाईपास के समीप बुधवार को एक साथ करीब 400 योजनाओं का मेगा शिलान्यास किया जाएगा। इन योजनाओं का शिलान्यास गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। इस मेगा शिलान्यास कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

जानकारी देते हुए मंत्री से ठाकुर ने बताया कि इस मेगा शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कल्याण विभाग, भवन निर्माण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की लगभग 400 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि योजनाएं बहुत सारी हैं। समयाभाव के कारण इनका शिलान्यास नहीं हो पा रहा था। अब एक ही साथ सभी योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे शिलान्यास पर विशेष फोकस नहीं करते हैं। बल्कि जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो यही उनकी प्राथमिकता होती है।



# सीओ को धमकी भरा संदेश थाने में दिया आवेदन

**डोमचांच (कोडरमा)।** अंचल की अंचलाधिकारी मां देव प्रिया ने थाने में आवेदन देकर अजय कृष्ण नामक व्यक्ति की ओर से मोबाइल पर धमकी दिए जाने को लेकर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। थाने को दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि अजय कृष्ण 6 जून को उनके मोबाइल पर धमकी भरा संदेश दिया था, जिसमें लिखा हुआ था कि काम अभी तक नहीं हुआ है, काम होगा कि ईडी विभाग रांची में जाकर लिखित दें। उन्होंने कहा कि अजय कृष्ण द्वारा उन्हें पूर्व में भी तरह-तरह से मानसिक दबाव देते हुए प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया है। पूर्व में भी 21 अप्रैल को प्रखंड व अंचल कार्यालय के चारदीवारी व प्रखंड सह अंचल कार्यालय से सटी पानी टंकी की चारदीवारी पर उनके विरुद्ध कई तरह के नारे लिखे गए थे। इसमें भी अजय कृष्ण की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। सीओ ने कहा है कि उनकी ओर से 21 अप्रैल को भी थाना में अजय कृष्ण के विरुद्ध साक्ष्यों के साथ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया था। पुनः एक माह के बाद अजय कृष्ण ने उन्हें धमकी भरा संदेश भेजा है। पूर्व में थाना में उसके विरुद्ध दिए गए आवेदन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से उसका मनोबल काफी बढ़ा हुआ है।


## डीएवी भवनाथपुर में कला संकाय की पढ़ाई शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डीएवी भवनाथपुर से पढ़कर अब तक डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधक तो बहुत बने हैं। परंतु अब आने वाले समय में यहां से आईएएस, बीडीओ, सीओ आईपीएस भी बनेंगे क्योंकि डीएवी भवनाथपुर में यहां के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के साथ-साथ अब कला संकाय की पढ़ाई शुरू कर दी गई है। कला संकाय में जयंती पाठक पिता शरदेंदु पाठक का नामांकन लेकर विद्यालय के इतिहास में पहली बार कला संकाय की शुरूआत की गई है। कला संकाय की शुरूआत करने के लिए लगभग चार वर्ष पूर्व ही विद्यालय के शिक्षक सह सीसीए इंचार्ज संजय राय भट्ट तथा शिक्षक शौकत अली ने कला संकाय की शुरूआत करने की प्रयास की गई थी। परंतु आगामी वर्षों में कोविड 19 आने के कारण यह कार्य पूरा नहीं हो सका। परंतु इस वर्ष नए प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, सेल आरएमडी के महाप्रबंधक मनोज कुमार, खान प्रबंधक बी पाणिग्रही के सकारात्मक पहल से इस वर्ष कला संकाय की शुरूआत की गई है। इससे शिक्षक के साथ-साथ क्षेत्र के बच्चे और अभिभावक भी काफी खुश हैं। प्राचार्य ने कहा कि अब बच्चों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही अभिभावकों का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

# प्रमुख ने की जविप्र दुकानदारों के साथ बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को केतार प्रमुख चन्द्रावती देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से गरीबों को मिलने वाली साड़ी, धोती, राशन, आधार सिडिंग सहित अन्य मामलों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को नसीहत देते हुए प्रमुख ने कही कि आप लोग अपनी कार्यशैली में तत्काल सुधार लाएं। आपलोगों के द्वारा प्रत्येक लाभुकों से राशन कटौती की सूचना प्राप्त है। आप जहां से वितरण सामग्री का उठाव करते हैं, वहां भी मैं (गोदाम में) जा कर आपलोगों का जायजा ली हूं। वहां से आपलोगों का कोई कटौती नहीं किया जाता है, तो फिर आपलोग यहां लाभुकों से कैसे कटौती कर सकते हैं। अगर ऐसी शिकायत पुनः दोबारा मिलती है तो संबंधित डीलरों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आपलोग ससमय सामग्री का उठाव करते हुए समय पर सभी लाभुकों के बीच सामग्री का वितरण करना सुनिश्चित करें। बीडीओ मुकेश मछुआ ने भी कहा कि मैं आपलोगों से अपेक्षा करता हूं कि आपलोग सही ढंग से सामग्री का वितरण करें। यह जो अनाज आता है गरीबों के हक के लिए आता है, आपलोग मानवता का परिचय देते हुए कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि बिक्रमा सिंह, बीसूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष सुशील कुमार पाठक, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद, प्रमोद कुमार, प्रभुनारायण गुप्ता, गुड्डी देवी, सुनील बैठा, अरुण बैठा, गोपाल बैठा, श्यामसुंदर बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## एसआइ पद के प्रशिक्षण ले रहे एक जवान की तबीयत बिगड़ने से मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नईटांड़ ग्राम मेसोंधा निवासी मथुरा यादव (झारखंड पुलिस) जो पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पदमा में एसआई पद के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था। प्रशिक्षण के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने से उसकी अचानक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेसोंधा गांव सहित आसपास के दर्जनों गांव में मातम छा गया। वहीं परिजनों को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि मथुरा यादव की मौत हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह जमशेदपुर में पदस्थापित था एवं पीटीसी पदमा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था तभी अचानक बेहोश हो गया। जिसके बाद इलाज के लिए रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष निर्मला देवी, राजकुमार यादव सहित कई नेता मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि दिया एवं शव यात्रा में शामिल हुए। मौके पर पवन सिंह, विरेंद्र मोदी, सुभाष यादव, भीम यादव, भोला यादव, बंसी महतो, प्रदीप साव, अजीत चैधरी, विजय यादव आदि लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के समाधान पर विधायक का जताया आभार

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़लौंगा गांव में पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुवे खबर मन्त्र संवाददाता द्वारा इस समस्या की समाधान हेतु प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था। जिसे देख जनप्रतिनिधि गम्भीर हुए। इस दौरान भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने कुड़लौंगा गांव जाकर समस्या को देखा एवं वहाँ के लाचार एवं गरीब ग्रामीणों से रूबरू हुए। जहां सही पैमाने पर पेयजल की घोर संकट पाया गया, वही सासंद प्रतिनिधि ईश्वरदयाल पांडेय, सिमरिया विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने त्वरित पहल करते हुवे सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास से ग्रामीणों के समक्ष टेलीफोनिक माध्यम से समस्या को सुनाया, जिसपर विधायक ने गम्भीरता से लेते हुए दूसरे दिन ही पानी समस्या समाधान की भरोसा दिया। दूसरा दिन मंगलवार होते ही अपनी बातों को सार्थक पहल साबित करते हुवे कुड़लौंगा गाँव में बोरींग करवाया गया। ततपश्चात ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के प्रति आभार जताया। मौके पर पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता अविनाश कुमार, एसडीओ फैसल अंसारी समेत अन्य उपस्थित थें।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के मायर टोला स्थित तीखे मोड़ पर दो बाइकों की आपसी जोरदार टक्कर में मुकुंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम सुलेखा कुमारी और उनके पति राजकुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में दोनों पति-पत्नी इलाज के लिए भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है। घायलावस्था में एएनएम सुलेखा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए बाईक से अपने पति के साथ आ रही थी। इसी क्रम में मायर टोला स्थित तीखे मोड़ पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाईक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक के साथ हम दोनों 50 फीट तक सड़क पर घसीटाते चले गये। ये तो गनीमत रही कि मेरे पति काफी धीरे बाईक चला रहे थे, और हेलमेंट लगाए हुए थे। वैसे धक्का मारने के बाद बाइक चालक और सवार दो अन्य लोग फरार हो गए जबकि बाईक को ग्रामीणों की सहयोग से कब्जे में ले लिया है।

## जन शिक्षण संस्थान ने जी20 जनभागीदारी कार्यक्रम का किया आयोजन

**गढ़वा।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार एवं एनएसडीसी (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) के निदेर्शानुसार जन शिक्षण संस्थान विकास भारती गढ़वा के तत्वावधान में एक से 15 जून तक जी20 जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 15 दिनों तक जिले भर में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में भिन्नझभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उद्यमिता प्रतियोगिता, डिबेट कंपटीशन, फाइनेंशियल लिटरेसी, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, प्लेसमेंट ड्राइव, पौधारोपण कार्यक्रम, स्लोगन राइटिंग कंपटीशन, कैरियर काउंसलिंग, कौशल प्रशिक्षण के लाभ, भविष्य एवं कठिनाइयां, योगा कंपटीशन, कहानी लेखन, डिजिटल साक्षरता आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यक्रम जनशिक्षण संस्थान गढ़वा के सहायक निदेशक अनिर्बन राय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जून दिन बुधवार को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन शिक्षण संस्थान कार्यालय गढ़वा में किया जाएगा।

## मुखिया ने पंचायत सेवक पर लगाया कोविड-19 का बकाया पैसा गबन करने का आरोप, जांच का विषय

# भुगतान कराने को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन

➲ **पंचायत सेवक ने कार्यालय खर्च बता कर रख लिए कोविड के पैसे : आशा देवी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत की पूर्व मुखिया आशा देवी ने कोविड-19 के दौरान पंचायत में बनाए गए कोविड सेंटर का पैसा गबन करने का आरोप पंचायत सेवक अरविंद कुमार रवि पर लगाया है। पूरे मामले में उन्होंने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव को मांग पत्र सौंप बकाए पैसा का भुगतान कराने की मांग की है। दिए गए आवेदन में पूर्व मुखिया ने बताया है कि फरवरी 2023 में कोविड-19 का आया हुआ पैसा जनसेवक सह पंचायत सेवक अरविंद कुमार रवि ने एफटीओ के माध्यम से अपने खाते में डलवा लिया और हमें सिर्फ 40,000, (चालीस हजार) रूपए ही दिए। शेष पैसे की मांग करने पर पंचायत सेवक द्वारा कहा जाता है कि पचास प्रतिशत कार्यालय खर्च में रखा गया है। मुखिया ने बताया की कोविड के समय प्रवासी मजदूरों को रखने के लिए मंगरा पंचायत में समुचित व्यवस्था के साथ दो क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाया गया था। जिसमें एक मंगरा पंचायत सचिवालय और दूसरा आवासीय विद्यालय हेंदेहास था। जिसकी उपयोगिता भी बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में जमा की गई थी। उन्होंने बताया कि किराना व्यवसाई और टेंट मालिक अपने पैसे के लिए बार-बार घर का चक्कर लगा रहे थे। जिसका भुगतान हमने अपने घर के पैसा से किया है। बावजूद इसके पंचायत सेवक द्वारा हमारा पैसा ही हमें नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जिले के उपायुक्त से फरवरी 2023 में हुए कोविड के पैसे की एफटीओ की जांच कराते हुए शेष पैसे का भुगतान कराने की मांग की है। बता दें की ऐसा ही मामला बरवाडीह प्रखंड के अन्य पंचायतों से भी आया है। बहरहाल किस नियम के तहत पंचायत सेवकों ने अपने खाते में एफटीओ करवाया है, यह जांच का विषय है। इस संबंध में पंचायत सेवक अरविंद कु.रवि का पक्ष जानने के लिए उनसे दूरभाष पर कई बार संपर्क करने की कौशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा। बता दें कि पिछले कई दिनों से जिले के सभी जनसेवक हड़ताल पर है, और जनसेवक अरविंद कु रवि कई वर्षो से बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में प्रभारी पंचायत सेवक भी रहें है।



आशा देवी (पूर्व मुखिया, मंगरा)

## एक नजर में

### सड़क हादसे में पति-पत्नी हुए घायल, पति रिम्स रेफर



सड़क हादसे में घायल व्यक्ति।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के चतरा रांची मुख्य मार्ग पर बरछिया चौक के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया जिससे पति पत्नी घायल हो गए। दोनों घायलों को बारियातू पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए बालूमाथ अस्पताल थाना के वाहन से पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बाईक में सवार होकर पति-पत्नी हेडुम लावालौंग निवासी भुनेश्वर तुरी उम्र लगभग (55) वर्ष एंव विमली देवी उम्र लगभग (50) वर्ष दोनो हेडुम लावालौंग से नगर मंदिर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे कि इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होने से दुर्घटना हो गई। जिन्हे बारियातू पुलिस वाहन के मदद से सहायक पुलिस अवर निरीक्षक बालेश्वर गंझू एवं पुलिस जवानों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर ईलाज के लिए भुवनेश्वर तुरी को रिम्स रेफर कर दिया है।

### पठन पाठन सामग्री का किया वितरण



पठन पाठन सामग्री वितरण करते संस्था के लोग।

**लातेहार।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक अमल दास जी के निदेर्शानुसार मंगलवार को चंदवा प्रखंड के हुटाप ग्राम मे 20 बालिकाओ के बीच पठन पाठन सामाग्री का वितरण किया गया। वहां उपस्थित सभी ग्रामीणो को प्रखंड प्रभारी मंजु सिह ने बताया कि सुकन्या ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगो को मदद करना, पठन-पाठन समाग्री वितरण करना, महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगरबत्ती, मोमबती, पापड़ का प्रशिक्षण देना, बालिकाओ के शादी मे आथिर्क सहयोग करना, खेलकूद मे प्रोत्साहित करना, ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर पंचायत प्रभारी सरस्वती देवी, लक्ष्मी कुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का 11वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं ने 11वीं कक्षा के आट्र्स विषय के परीक्षा में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 100% सफलता प्राप्त किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 64 छात्राएं 11वीं कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमें से 100% छात्राओं ने सफलता प्राप्त किया जिसमें विद्यालय की तीन टॉपर छात्राएं पहले स्थान पर ज्ञानती कुमारी 79.6% अंक,दूसरे स्थान पर ज्योति कुमारी 79.2% अंक एवं तीसरे स्थान पर गुंजा कुमारी 78.4% अंक प्राप्त किया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 2023 में कक्षा 8,9 एवं 11वीं के साथ-साथ मैट्रिक एवं इंटर की सभी परीक्षाओं में विद्यालय की 100% छात्राओं ने सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। विद्यालय के शिक्षकों ने सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया है।

### आंध्र प्रदेश मजदूरी का काम करने गया युवक लापता



मजदूर टुनू उरांव फाइल फोटो।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित जान्हों पंचायत के मंधनिया गांव निवासी टुनु उरांव उर्फ मंदिप मजदूरी का काम करने के लिए 29 मई 2023 को आंध्र प्रदेश राज्य के अडोनी जिला कुनुल गया हुआ था। जिसके बाद टुनू उरांव 9 जून को अपने गांव वापस आने के लिए कुनूल जिला से चला था लेकिन उक्त व्यक्ति के परिवार वालों का कहना है कि अभी तक वह घर वापस नहीं पहुंचा है परिवार वालों ने उसके साथ रहने वाले साथियों से पता किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है उक्त मजदूर को घर वापस नहीं आने से उसके पूरे परिवार वाले परेशान है सभी लोग किसी अनहोनी होने से डर रहे हैं। परिवार वालों ने टुनू उरांव के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर 9905875925, 6309372450, 8969345307 मोबाइल नंबर पर फोन करके सूचना देने के लिए लोगों से अपील किया है। सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### 50% अनुदान पर किसानों को मिलेगा धान बीज



उद्घाटन करते जिप सदस्य प्रियंका कुमारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को 50% अनुदान पर किसानों को धान बीज उपलब्ध कराने के लिए लैम्प्स केंद्र खोला गया। इस केंद्र का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने फीता काटकर किया। मौके पर जानकारी देते हुए लैंपस के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि मानसून से पहले किसानों को बिछड़ा तैयारी को देखते हुए सरकार द्वारा धान का बीज उपलब्ध कराया गया है। यह बीज किसानों को 50% अनुदान पर मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से इसका लाभ लेने की अपील की। किसान लैंपस केंद्र आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। मौके पर बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला, कांग्रेस नेता मो. जुबेर, प्रितलाल यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार, जीतू उरांव, बीटीएम परमानंद कुमार, बीरबल प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल सवार ने ट्रैक्टर को पीछे से मारा धक्का, दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ- सेरेगड़ा पथ पर जरी चौक के समीप सोमवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे एक मोटरसाइकिल में सवार प्रेम साव 45 वर्ष पिता स्वर्गीय सोहर साव एवं दिनेश्वर साव 52 वर्ष पिता यादो साव दोनों ग्राम नगडा थानां बालूमाथ आगे जा रहे ट्रैक्टर को धक्का मार दिया और दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव अपनी कार से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच दोनों घायलों को बीच सड़क पर देख मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को अपने कार से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद प्रेम साव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रेम साव एवं दिनेश्वर साव दोनों एक मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर नगड़ा से सेरेगड़ा की तरफ जा रहा था। इसी बीच आगे से जा रही एक ट्रैक्टर को धक्का मार दिया और दोनों घायल हो गए।

### खराब पड़े कई चापानल को किया मरम्मत, ग्रामीणों को मिली राहत



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के बारियातू, सिबला व गोनिया पंचायत क्षेत्र मे मुखिया के पहल पर खराब पड़े चापानल को मरम्मत कराया गया। बारियातू मुखिया सरिता देवी ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीणों द्वारा नाचना के गाड़ी व बकुलीयाडीह ने चापानल खराब होने की सूचना मिली थी, जिसे देखते हुए चापानल मरम्मत करवा पेयजल सुविधा बहाल करा दी गई। इधर सिबला मुखिया सुरेश उरांव व गोनिया मुखिया रानो देवी ने मुराइन, भाटचतरा, राजगुरु के जिरहुला मे खराब पड़े चापानल को मिस्त्री निरंजन यादव व रामकेवल टाना भगत को भेजकर मरम्मत कराया गया। चापानल मरम्मत किए जाने से पेयजल के लिए राहत मिली है।

## समस्या : मंगरा पंचायत में आधे दर्जन से अधिक सोलर जलमिनार पड़ी है खराब

# सांसद प्रतिनिधि ने बीडीओ से की जल्द से जल्द मरम्मती कराने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खराब पड़ी सोलर जलमिनार।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा लगाया गया कई सोलर जलमिनार पिछले एक वर्षो से अधिक समय से खराब पड़ा हुआ हैं। जिस कारण ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत झेलनी पड़ रही है। उधर स्थानीय निवासी सह सांसद प्रतिनिधि विवेक कु.सिंह ने बताया कि जलमिनार की मरम्मती कराने को लेकर कई बार विभाग को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद विभाग द्वारा इसकी मरम्मती नहीं कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि मंगरा में कृष्णा सिंह के घर के पास, निरंजन परहिया के घर के पास और अर्जुन राम के घर के पास जलमिनार खराब है। अमडीहा में प्रेम परहिया और रामबदन सिंह के घर के पास खराब है। वहीं डोरामी में विजय सिंह के घर के पास और कल्याणपुर के दक्षिण टोला में जल मीनार खराब पड़ी हुई है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि इस भीषण गर्मी में इन खराब पड़े सोलर जलमीनार की सुध लेनेवाला कोई नहीं है। ग्रामीणों कि माने तो लाखों रुपए की लागत से बनी सोलर जलमीनार कुछ महीने के बाद से ही खराब हो गई है। जलमीनार निर्माण कार्य में लगाई गई राशि का दुरूपयोग किया गया है। जबसे जलमीनार खराब हुई है, लोगों को पानी पीने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवेक सिंह ने बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से मंगरा पंचायत में खराब पड़े जलमिनारो की जल्द से जल्द मरम्मती कराने की मांग की है।

## पीवीयूएनएल ने 17 दिव्यांगों को ट्राईसाइकल का वितरण



ट्राईसाइकल लेते दिव्यांग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पतरातु विद्युत ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के द्वारा मंगलवार को चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में दिव्यांगजनो के बीच सामग्री वितरण को लेकर शिविर आयोजित किया। शिविर में बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, बनहरदी कोयला खनन परियोजना के एजीएम (आई/सी) राजीव रंजन व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से चंदवा प्रखंड के अंतर्गत बनहरदी कोयला खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले 17 दिव्यांगों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कंपनी के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा किया कहा कि पीवीयूएनएल के द्वारा किया गया यह प्रयास दिव्यांगजनो को काफी राहत देगी व जीवन की कुछ कठिनाईयों को कम करने में सहायक सिद्ध होगा। मौके पर पर्यवेक्षिका मीरू झा, ज्योति बाला, मुखिया संगीता लकड़ा, बनहरदी कोयला खनन परियोजना, आइसीडीएस के अधिकारी, पर्यवेक्षक, पीवीयूएनएल-बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अधिकारी भी वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

### राजसात जप्त वाहनों की नीलामी संपन्न, 24 लाख, 65 हजार में हुई हाइवा जेएच 04टी-2862 की नीलामी

**लातेहार।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में राजसात वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग द्वारा निकाली गई निविदा की नीलामी मंगलवार को समहारणालय सभागार में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई एवं विभाग के द्वारा निर्धारित राशि के एवज में की गयी। नीलामी में जे के मिनरल्स एंड डेवलपर्स कंपनी, संदीप कुमार कनौडिया एवं अभय कुमार सिंह संवेदको ने भाग लिया। संवेदको द्वारा 22 लाख से बोली आरंभ की गई। जिसके बाद संवेदक जे के मिनरल्स एंड डेवलपर्स कंपनी ने 24 लाख, 65 हजार की अधिकतम बोली लगाकर राजसात हाईवा वाहन निबंधन संख्या जेएच04टी-2862 की खरीददारी की। नीलामी की राशि संवेदको को दस दिनों के अंदर विभाग में जमा करवाना होगा। नीलामी में उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### चंदवा के 33 स्कूलों में पानी की समस्या, निदान की मांग

➲ **उप-प्रमुख ने की डीसी से की स्कूल खुलने से पूर्व चापाकलों को दुरुस्त कराने की मांग**

**चंदवा।** चंदवा के 17 पंचायतों के विभिन्न गांव में स्थित करीब 166 स्कूलों में से 33 स्कूलों में पानी की समस्या है। गनियारी, रोल, आरा, दूबी, नकटी, सांसग, बैलगढ़ा आदि गांव समेत 33 गांव के स्कूलों में चापानल की जरूरत, रिपेयरिंग, मोटर की खराबी, पानी नही निकलता है तो कही बोर ही धस गया है। स्कूलों में पानी की समस्या को लेकर उप-प्रमुख अश्वनी मिश्र ने चिंता जाहिर की है। अश्वनी मिश्र ने लातेहार उपायुक्त से आग्रह किया है कि स्कूल खुलने में कुछ दिनों का समय शेष है। इसी समय स्पेशल टीम गठित कर सभी स्कूलों में पानी की समस्या से निदान दिलाएं। क्योंकि उमस भरी गर्मी में यदि पानी नहीं मिला तो बच्चों को भारी परेशानी होगी। बता दें कि इन दिनों नल जल योजना के तहत कई जगहों में चापानल और जलमीनार लगाया जा रहा है। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में ही पानी की समस्या हो रही है जबकि यहाँ सबसे अधिक आवश्यकता है।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घायल व्यक्ति।

**बालूमाथ।** बालूमाथ मे मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए । जिसमें गंभीर रूप से दो घायलों को प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। पहली घटना बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर लावागड़ा ग्राम के समीप घटी। जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुलशन गंझु 26 वर्ष पिता गाजो गंझु श्रधाबार थाना बारियातु निवासी हेरहंज के नवादा ग्राम से बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान लावागड़ा ग्राम के समीप एक तीखे मोड़ में एक अनियंत्रित बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी और फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया। वहीं दूसरी घटना बालूमाथ चतरा मुख्य पथ पर बरछिया ग्राम के पास घटी जहां बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भुनेश्वर तूरी 55 वर्ष पिता नेमा तूरी और उसकी पत्नी बिमली देवी 50 वर्ष दोनों लावालौंग जिला चतरा निवासी बाइक में सवार होकर चंदवा स्तिथ नगर मंदिर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान बरछिया ग्राम के पास झपकी लग जाने के कारण बाइक असंतुलित हो गया। जिससे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेश कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। दुर्घटना में भुनेश्वर तुरी को सर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसे बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## लातेहार जिले में 20 कनीय अभियंता का हुआ तबादला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यों की महत्ता को देखते हुए कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लातेहार के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंड में पदस्थापित 20 तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता समकक्ष) का तबादला कर दिया गया।स्थानांतरण किये गए सभी कनीय अभियंता को 3 दिनों के अंदर अपने जिम्मे का संपूर्ण प्रभार देते हुए नव पदस्थापना प्रखंड में योगदान देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**ईन कनीय अभियंताओं का हुआ है तबादला**

तबादला किये गए कनीय अभियंता में बाबूलाल उरांव लातेहार से बालूमाथ, मो. राशिद लातेहार से बालूमाथ, संदीप कुमार लातेहार से बरवाडीह, मुनेश्वर उरांव लातेहार से मनिका, नरेश प्रजापति चंदवा से हेरहंज, शिव मोहन उरांव चंदवा से बरवाडीह, विवेक कुमार चंदवा से सरयू, अजय उरांव बालूमाथ से मनिका, संजय कुमार बालूमाथ से चंदवा, प्रभात उरांव बारियातू से चंदवा, संदीप कुमार भगत बारियातू से चंदवा, अभिषेक कुमार अंबेडकर हेरहंज से मनिका, सनी कुमार सिंह मनिका से महुआडांड़, अविनाश मिंज मनिका से बारियातू, प्रभात सरोज मनिका से महुआडांड़, आलोक उरांव बरवाडीह से लातेहार, भरत पाल टोप्पो बरवाडीह से गारू व संजय कुमार बरवाडीह से लातेहार, निर्मल कुमार मोदी गारु से लातेहार व आशीष कुमार का महुआडांड़ से बतियातु तबादला किया गया है।

# लातेहार जिला में बड़े पैमाने पर ग्राम रोजगार सेवकों का तबादला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लातेहार के द्वारा लातेहार जिले में बड़े पैमाने पर ग्राम रोजगार सेवकों का तबादला कर दिया है। जिले के विभिन्न प्रखंड में पदस्थापित 107 ग्राम रोजगार सेवकों का तबादला एक किया गया। तबादला किये गए सभी ग्राम रोजगार सेवकों को 1 सप्ताह के अंदर अपने जिम्मे का संपूर्ण प्रभार यथा अभिलेख, पंजी आदि का देते हुए नव पदस्थापना प्रखंड में योगदान देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**इन ग्राम रोजगार सेवकों का हुआ तबादला**

तबादला किए गए ग्राम रोजगार सेवकों में जितेंद्र कुमार यादव को लातेहार से चंदवा, मंजू देवी को लातेहार से चंदवा, सत्येंद्र उरांव को लातेहार से बरवाडीह, दीनदयाल सिंह को लातेहार से महुआडांड़, बबीता देवी को लातेहार से मनिका, सुरेश उरांव को लातेहार से गारू, राजकुमार उरांव को लातेहार से चंदवा, प्रदीप सिंह को लातेहार से चंदवा, सुशीला देवी को लातेहार से बरवाडीह, विशाल प्रसाद को लातेहार से हेरहंज, रेखा कुमारी को लातेहार से बालूमाथ, धनदेव सिंह को लातेहार से सरजू, मोहम्मद अख्तर हुसैन को लातेहार से बरवाडीह, उषा जायसवाल को लातेहार से मनिका, संजीव भगत को लातेहार से महुआडांड़, उमेश पाठक को लातेहार से मनिका, मेराजुल हक को लातेहार से हेरहंज, सुरेंद्र राम को महुआडांड़ से मनिका, देवनिस ठिठिया को महुआडांड़ से गारू, चंदन कुमार को महुआडांड़ से मनिका, परमेश्वर उरांव को महुआडांड़ से बालूमाथ, राजेश प्रसाद को महुआडांड़ से बालूमाथ, प्रेमलाल ठिठियो को महुआडांड़ से गारू, रामराज उरांव को महुआडांड़ से मनिका, अरविंद कुमार को महुआडांड़ से बरवाडीह, अनिमा टोप्पो को महुआडांड़ से मनिका, परमेश्वर सिंह को महुआडांड़ से बरवाडीह, मोहम्मद महताब आलम को महुआडांड़ से लातेहार, रेनू देवी को महुआडांड़ से लातेहार, असगर अंसारी को महुआडांड़ से मनिका, नौशाद अंसारी को महुआडांड़ से बरवाडीह, मुनेश्वर सिंह को सरजू से लातेहार, अनिल कुमार रवि को सरजू से महुआडांड़, सीताराम मिस्त्री को बालूमाथ से चंदवा, शत्रुघ्न महतो को बालूमाथ से चंदवा, सुरेंद्र कुमार पासवान को बालूमाथ से बारियातू, हीरालाल सिंह को बालूमाथ से बारियातू, रानी कुमारी को बालूमाथ से बारियातू, उपेंद्र यादव को बालूमाथ से लातेहार, निरंजन कुमार को बालूमाथ से बारियातू, अनिल उरांव को बालूमाथ से चंदवा, सुजीत सिंह को बालूमाथ से बारियातू, सत्येंद्र पासवान को बालूमाथ से बरवाडीह, मो. शमशुल हक को बालूमाथ से महुआडांड़, जितेंद्र रजक को हेरहंज से बरवाडीह, त्रिवेनी राम को हरेहंज से बरवाडीह, राहुल राज को हेरहंज से बरियातू, विक्रम कुमार रवि को हेरहंज से चंदवा, परमजीत कुमार को हेरहंज से बालूमाथ, नंदकिशोर रंजन को मनिका से हेरहंज, अरुण कुमार को मनिका से बरवाडीह, सुरेंद्र उरांव को मनिका से बरवाडीह, अमित कुमार को मनिका से लातेहार, मनोज कुमार को मनिका से बरवाडीह, मो. नौशाद आलम को मनिका से हेरहंज, सुरेंद्र यादव को मनिका से बारियातू, प्रिया कुमारी को मनिका से लातेहार, मो. ताजिर को मनिका से लातेहार, पूनम देवी मनिका से लातेहार, मुकेंद्र राम को मनिका से लातेहार, उमाशंकर गुप्ता को मनिका से महुआडांड, मंसूर आलम को मनिका हेरहंज, मंजर हुसैन को मनिका से लातेहार, रेखा कुमारी को बारियातू से बालूमाथ, संतोष कुमार यादव को बारियातू से मनिका, अविनाश रंजन को बारियातू से बालूमाथ, राजदेव सिंह को बारियातू से लातेहार, आजाद कुमार वर्मा को बरियातू से बालूमाथ, नईम खा को बरियातू से सरजू, शिव प्रसाद को बारियातू से चंदवा, कमलेश कुमार सिंह को गारू से महुआडांड़, संतोष कुमार को गारू से महुआडांड़, राजन प्रसाद को गारू से चंदवा, अनूप समुदावर को गारू से चंदवा, आनंद किशोर प्रजापति को गारू से चंदवा, दीपा कुमारी को चंदवा से लातेहार, रविंद्र यादव को चंदवा से लातेहार, संजय उरांव को चंदवा से बालूमाथ, कलेश्वर साव को चंदवा से बालूमाथ, विश्वरंजन शर्मा को चंदवा से गारू, विजय कुमार सिंह को चंदवा से बरवाडीह, सुमन कुमारी को चंदवा से मनिका, उषा कुमारी को चंदवा से लातेहार, अरविंद ठाकुर को चंदवा से बारियातू, मुन्नीलाल उरांव को चंदवा से बालूमाथ, सुखदेव भगत को चंदवा से बालूमाथ, मुकेश अग्रवाल को चंदवा से महुआडांड़, ज्योतिष पाल खलकों को चंदवा से महुआडांड़, सुरेंद्र कुमार राम को चंदवा से बरवाडीह, मनोज कुमार यादव को बरवाडीह से लातेहार, जयंती कुमारी को बरवाडीह से बालूमाथ, कंचन बाला को बरवाडीह से मनिका, ताहिर हुसैन को बरवाडीह से लातेहार, मोहम्मद आलम अंसारी को बरवाडीह से बरियातू, आरती कुमारी को बरवाडीह से गारु, सुमन कुमारी को बरवाडी से गारु, शीतल कुमारी को बरवाडीह से लातेहार, सतनारायण राम को बरवाडीह से मनिका, बद्री कुमार को बरवाडीह से महुआडांड़ तबादला किया गया है।

# शास्त्री बोला: खिलाड़ी फैसला करें, आइपीएल जरूरी या डब्ल्यूटीसी

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत को मिली करारी हार के बाद दिग्गज क्रिकेटरों के बीच छिड़ी बहस के बीच भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि यह खिलाड़ियोंपर निर्भर करता है कि वे आइपीएल जैसे व्यावसयिक टूनार्मेंट को चुनते हैं अथवा डब्ल्यूटीसी सरीखे प्रतिष्ठित मैचों की तैयारी में अपना समय और ऊर्जा खपाते हैं। शास्त्री ने कहा, देखिए ऐसा कभी नहीं होने वाला है कि आपको किसी मैच या सीरीज की तैयारी के लिए 20-21 दिन मिले। अंतिम बार ऐसा 2021 के इंग्लैंड दौरे पर हुआ था, जब भारतीय टीम पहले टेस्ट से तीन सप्ताह पहले वहां पहुंच गयी थी। इसका भारत को फायदा भी हुआ और वे सीरीज में 2-1 से आगे थे। लेकिन यह तभी संभव हो पाया था, जब कोरोना के कारण आइपीएल का दूसरा हाफ टल गया था। तभी इतना समय मिल पाया था।

## फ्रैंचाइजियों के लिए कुछ शर्ते होनी चाहिए

उन्होंने कहा, 'हमें यथार्थ में जीना होगा। आपको ये 20 दिन कभी नहीं मिलेंगे और अगर ऐसा होता है तो आपको आइपीएल छोड़ना होगा। यह अब खिॉलाड़ियों और बीसीसीआइ पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि बीसीसीआइ भी इस पर ध्यान देगा। अगर हर बार डब्ल्यूटीसी का फाइनल आईपीएल के एक सप्ताह बाद जून में पड़ता है तो फाइनल में पहुंचने वाले फ्रैंचाइजियों के लिए कुछ शर्ते होनी चाहिए। गौरतलब है कि डब्ल्यूटीसी चैंपियनशिप के फाइनल में हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि डब्ल्यूटीसी फाइनल जैसे मैचों की तैयारियों के लिए आदर्श रूप से



कम से कम 20-25 दिन चाहिए होते हैं जबकि आइपीएल के बाद टीम को तैयारी का अवसर नहीं मिला। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने भी डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले व्यस्त शेड्यूल का हवाला दिया था और कहा था कि एक कोच के तौर पर वह ऐसी तैयारियों से बिल्कुल भी खुश नहीं हो सकते, लेकिन सच्चाई यही है कि उन्हें इससे अधिक समय मिल भी नहीं सकता है। उन्होंने कहा था, शेड्यूल बहुत टाइट है। जब आप यहां पर तीन सप्ताह पहले आते हो और दो अभ्यास मैच खेलते हो, तब आपकी तैयारी बेहतर होती है। लेकिन यह सुविधा हमारे पास नहीं है। हालांकि यह कोई बहाना या शिकायत भी नहीं है। भारतीय घरेलू क्रिकेट में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बेहतरीन कर रहे है, उन्हें बस ढूंढ़ने और सही मौका देने की जरूरत है।

## भविष्य को देखते हुए योजना बनानी होगी

उन्होंने कहा, 'थिंक-टैंक और चयनकताओं को भविष्य को देखते हुए योजना बनानी होगी। ऑस्ट्रेलिया ऐसा कई वर्षो से करता आ रहा है। वे सिर्फ आज नहीं बल्कि अगले तीन साल की टीम बनाते हैं। वे इसका इंतजार नहीं करते कि अचानक से कुछ खिलाड़ी संन्यास लें या खराब फॉर्म में आएं और उनके पास कोई विकल्प ही ना रहे। उनकी टीम में युवा और अनुभव का मिश्रण है। वहां के युवा खिलाड़ी, अनुभवी खिलाड़ियों से तेजी से सीखते हैं। वहां का टीम प्रबंधन कठिन निर्णय भी लेता है, जिसको कई लोग पसंद नहीं करते, लेकिन वह टीम के हित में होता है। तभी उनकी टीम इतनी मजबूत है। यही योजना भारत को भी बनानी होगी। कप्तान रोहित भी कहीं ना कहीं शास्त्री की बातों से सहमत नजर आते हैं। उन्होंने फाइनल के बाद पोस्ट मैच में कहा था, हमें कुछ सवालों का जवाब ढूंढ़ना होगा। घरेलू क्रिकेट में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें बस ढूंढ़ने, तराशने और सही समय पर सही मौका देने की जरूरत है।

### कुछ खिलाड़ियों को आराम भी दिया जा सकता है

भारत को अगले डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से करनी है। इस साल अक्तूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन को खिलाड़ियों का वकर्लोड मैनेजमेंट भी करना है। इसका मतलब यह भी है कि वेस्टइंडीज दौरे पर कुछ खिलाड़ियों को आराम भी दिया जा सकता है। शास्त्री का मानना है कि यह सही मौका है जब कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जाए, जो आगे अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भी ले सकें। उन्होंने भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकताओं से कुछ कठिन निर्णय' लेने की भी बात कही।

### वेस्टइंडीज दौरे में नये चेहरों को मौका मिलने के आसार

**नयी दिल्ली।** आइपीएल के हाल ही में संपन्न सत्र में अपने हुनर का लोहा मनवाने वाले रिंकू सिंह और यशस्वी जायसवाल जैसे चेहरों को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांच मैचों की एक दिवसीय श्रृखंला में मौका मिलने की पूरी संभावना है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में मिली हार के बाद स्वदेश लौटी भारतीय टीम करीब एक महीने के विश्राम के बाद जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे की शुरूआत करेगी। कैरीबियन टीम के खिलाफ भारत दो टेस्ट मैच,तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेलेगा।

## बारिश व शैंपेन में भीग कर मैनचेस्टर सिटी ने मनाया जीत का जश्न




एजेंसी

**मैनचेस्टर।** बारिश और शैंपेन में भीगते हुये मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ियों ने हजारों प्रशंसकों के बीच खुली बस में शहर की परेड के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल खिताब जीतने का जश्न मनाया। परेड की शुरूआत में खराब मौसम और बारिश के कारण विलंब हुआ लेकिन प्रीमियर लीग, एफए कप और चैंपियंस लीग खिताबों से लैस दो नीली बसें शहर की सड़कों पर घूमती रही जिसमें खिलाड़ी, सिगार पीजे मैनेजर पेप गार्डियोला बैठे थे। उनकी टीशर्ट पर लिखा था , ट्रेबल विनर्स। गार्डियोला ने कहा, इस बारिश में ही यह परेड होनी थी वरना यह मैनचेस्टर नहीं है। हमें धूप नहीं , बारिश चाहिये थी और यह परफेक्ट है। सिटी ने इंटर मिलान को 1.0 से हराकर चैंपियंस लीग फाइनल जीता। यह उनका पहला चैंपियंस लीग खिताब है लेकिन टीम छह साल में पांच प्रीमियर लीग खिताब और दूसरा एफए कप जीत चुकी है।

### 16 साल के कोरोउ सिंह को बनाया भारत का कप्तान

**खाओ याइ (थाईलैंड)।** प्रतिभाशाली मिडफील्डर कोरोउ सिंह को आगामी एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिये भारत का कप्तान बनाया गया । 16 वर्ष के सिंह ने सैफ अंडर 17 चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 17 एशियाई कप क्वालीफायर में गोल किये। इसके अलावा स्पेन और जर्मनी में दुनिया के शीर्ष क्लबों की जूनियर टीमों के खिलाफ टीम के अभ्यास मैचों में भी उम्दा प्रदर्शन किया। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा ,ह्यह्य एएफसी अंडर 17 एशियाई कप जैसे बड़े टूनार्मेंट में भारत की कप्तानी करना बड़ी जिम्मेदारी है। हमारा मानना है कि कोरोउ हर तरह से इसके काबिल है। भारतीय टीम इस समय थाईलैंड में अभ्यास कर रही है और 14 जून को बैंकाक जायेगी। एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में उसे वियतनाम (17 जून), उजबेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से खेलना है ।

### श्रेयंका ने मारा पंजा, भारत ने हांगकांग को नौ विकेट से हराया



**मांगकॉक (हांगकांग)।** उभरती हुई ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल ने दो रन देकर पांच विकेट चटकाए, जिससे भारत की अंडर-23 महिला टीम ने महिला एमर्जिंग एशिया कप में अपने अभियान की शुरूआत हांगकांग की अनुभवहीन टीम के खिलाफ नौ विकेट की आसान जीत के साथ की। पहली महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से प्रभावी प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रही 20 साल की श्रेयंका की ऑफ स्पिन गेंदबाजी के सामने हांगकांग की टीम 14 ओवर में सिर्फ 34 रन पर सिमट गई। हांगकांग की ओर से सलामी बल्लेबाज मारिको हिल ने 19 गेंद में 14 रन बनाए। अंडर-19 विश्व कप भारत की स्टार खिलाड़ी बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप (दो रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर पार्शवी चोपड़ा (12 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाये। इसके जवाब में भारत ने जी त्रीशा की नाबाद 19 रन की पारी की बदौलत 5.2 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सिंधू व प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में, त्रीशा-गायत्री की जोड़ी बाहर

**जकार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 प्रतियोगिता के पहले दौर में स्थानीय दावेदार ग्रिगोरिया मारिस्का तुंजुंग के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की। पिछली दो प्रतियोगिताओं के पहले दौर से बाहर होने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इंडोनेशिया की विरोधी खिलाड़ी को 38 मिनट में 21-19, 21-15 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सिंधू की ग्रिगोरिया के खिलाफ पिछले तीन मैच में यह पहली जीत है। उन्हें इंडोनेशिया की इस खिलाड़ी के खिलाफ इसी साल मैड्रिड मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में हार का सामना करना पड़ा था। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर खिसकी सिंधू के खिलाफ ग्रिगोरिया ने पहले गेम में अच्छी शुरूआत करते हुए 9-7 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुछ अच्छे अंक जुटाये और ग्रिगोरिया की लगातार तीन गलतियों से ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बना ली और फिर गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू बेहतर लय में नजर आईं। ग्रिगोरिया ने भी काफी गलतियां की जिसका फायदा उठाकर सिंधू गेम और मैच जीतने में सफल रही। सिंधू की ग्रिगोरिया के खिलाफ 10 मैच में यह आठवीं जीत है जबकि उन्हें दो बार हार का सामना करना पड़ा है। सिंधू की आगे की राह आसान नहीं होगी क्योंकि अगले दौर में उन्हें तीसरी वरीय ताइ जू यिंग से भिड़ना है। ताइवान की खिलाड़ी ने सिंधू के खिलाफ पिछले लगातार आठ मुकाबले जीते हैं और भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 18-5 है। फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय भी जापान के केंटा निशिमोटो को 50 मिनट में सीधे गेम में 21-16 21-14 से हराकर अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहे। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले सातवें वरीय भारतीय प्रणय अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे।

### महिला हैंडबॉल टीम पहुंची कजाखिस्तान

**नयी दिल्ली।** कप्तान निधि शर्मा के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम बुधवार से शुरू होने वाली छठीं एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिये कजाखिस्तान के अलमाटी पहुंच गयी। टीम का उपकप्तान मेनिका को बनाया गया है। आगामी 14 से 20 जून तक आयोजित इस चैंपियनशिप में भारतीय टीम के दल प्रमुख डा.आनन्देश्वर पाण्डेय बनाए गए है। रवानगी से पूर्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, कोषाध्यक्ष डा.तेजराज सिंह व महासचिव ए. जगनमोहन राव ने भारतीय टीम के चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में उमड़ने लगे...

राज्य के कई हिस्सों में प्री मानसून बारिश की संभावना है। 14 और 15 जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी तथा मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 16 एवं 17 जून को राज्य के पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही 16 एवं 17 जून को राज्य के दक्षिणी (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां) तथा उतर पश्चिमी (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा) भागों में कहीं-कहीं उष्ण लहर की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं राज्य के पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं कहीं गर्जन/वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति 30-40 किमी/घंटा) चलने की संभावना है। राज्य में 16 जून तक गर्मी का प्रकोप रहेगा। इसके साथ ही राज्य में कहीं-कहीं तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। **संताल परगना के कई जिलों में हुई बारिश :** सबसे अधिक 30.5 मिली बारिश साहिबगंज में हुई। इसके अलावा राजमहल, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा, गोड्डा, जामतारा, रामगढ़ आदि शहरों में हल्की बारिश हुई। यहां कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण संताल परगना में गर्मी से राहत मिली। साहिबगंज का तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया। गोड्डा और देवघर के साथ संताल के अन्य जिलों के तापमान में तीन से चार डिग्री तक की कमी आयी। राज्य में सबसे अधिक गर्मी जमशेदपुर में महसूस की गई। यहां अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रहा। यहां न्यूनतम तापमान 31.0 डिग्री के करीब है। इससे यहां रात को भी गर्मी की बेचैनी सता रही है। राजधानी का अधिकतम तापमान 39.4 और न्यूनतम 28.0 डिग्री दर्ज किया गया।

### नौजवानों के भविष्य को...

जबकि हम देश के सामान्य लोगों के लिए नित नए अवसर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में कुछ राजनीतिक दलों ने लोगों को भाषा के नाम पर एक-दूसरे से भिड़ने के लिए, देश को तोड़ने के लिए भाषा को एक हथियार बनाया, लेकिन हम भाषा को, लोगों को रोजगार देने, उन्हें सशक्त करने का माध्यम बना रहे हैं। हमारी सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि किसी को अपना सपना पूरा करना हो तो कोई भी भाषा उसके सामने दीवार ना बने। **उनका रेट कार्ड है हमारा सेफ गार्ड :** प्रधानमंत्री ने कहा, उनका रास्ता है रेट कार्ड, जबकि हम युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को सेफ गार्ड करने पर काम कर रहे हैं। रेट कार्ड आपकी काबिलियत को, आपके सामर्थ्य को, आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं। हम आपके सेफ गार्ड में लगे हैं जो आपके सपनों के लिए जीते हैं। आपके संकल्पों को साकार करने के लिए काम करते हैं। आपकी हर इच्छा, आकांक्षा, आपके परिवार की हर इच्छा, आकांक्षा, उसको सेफगार्ड करने में हम लगे हैं। अब देश तय करेगा देश के नौजवानों का भविष्य रेटकार्ड के भरोसे चलेगा कि सेफगार्ड व्यवस्था के अंदर सुरक्षित तरीके से पनपेगा। **मातृभाषा में परीक्षा पर जोर :** पीएम ने कहा, केंद्र सरकार आज जिस तरह मातृभाषा में भर्ती परीक्षा पर जोर दे रही है, प्रवेश परीक्षाएं पर जोर दे रही है, उसका भी सर्वाधिक लाभ मेरे देश के बेटे-बेटियों को मिल रहा है, हमारे नौजवानों को हो रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा होने से युवाओं को आसानी से अपनी योग्यता साबित करने का अवसर मिला है। आज तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत में, सरकारी व्यवस्थाओं और सरकारी कर्मचारियों के काम करने का तरीका भी तेजी से बदल रहा है। एक समय था, जब देश के सामान्य नागरिक सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते थे। आज सरकार अपनी सेवाएं लेकर, देश के नागरिकों के घर तक पहुंच रही है। अब जनता की अपेक्षाओं को समझते हुए, क्षेत्र की आवश्यकताओं को समझते हुए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। विभिन्न सरकारी दफ्तर और विभाग, जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए काम करने पर जोर, ये हमारी प्राथमिकता है।

### चेशायर होम रोड जमीन...

गौरतलब हो कि 12 मई, 2023 को इडी ने निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की 82 करोड़ की संपत्ति को सीज कर ली थी। इन संपत्तियों में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, एक डॉयग्नोस्टिक सेंटर, प्लांट और मशीनरी के साथ ही रांची में जमीन और दो प्लॉट शामिल है। इडी ने झारखंड पुलिस और सतर्कता ब्यूरो झारखंड द्वारा दर्ज कई एफआइआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग जांच शुरू की थी। जांच में पता चला था कि मनरेगा घोटाले से की गयी काली कमाई की रकम पूजा सिंघल और उसके रिश्तेदारों से संबंधित विभिन्न बैंक खातों में जमा की गयी थी और इस धन का उपयोग संपत्तियों में खरीद निवेश के लिए भी किया गया था। **कब-कब लाया था डॉलर :** 26 जून, 2009 एडी 25000, 17 अगस्त, 2010 एडी 19000, छह नवंबर, 2010 एडी 9900, 24 दिसंबर, 2010 एडी 1650, चार मार्च, 2011 एडी 500, 19 अगस्त, 2011 एडी 8500, 24 अक्टूबर, 2011 एडी 9900।

### हर सक्षम नागरिक...

जिस-जिस घर का सर्वे होगा उसकी पहचान के लिये घर के बाहर इस आश्य का एक स्टीकर भी चिपकाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आयोग का महिला, दिव्यांग, बुर्जुग, थर्ड जेंडर, सेक्स वर्कर और आदिम जनजाति को मतदाता सूची से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से जोड़ने की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने से अब त्रुटि की गुंजाइश हद तक खत्म हो गयी है। यही कारण है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये 28 दिन के भीतर स्पीड पोस्ट से वोटर कार्ड मतदाता के पते पर पहुंच जाता है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि झारखंड में महिला पुरूष मतदाता अनुपात लगोार सुधर रहा है। एक हजार पुरूष मतदाता के अनुपात में पहले 909 महिलायें थीं, जो अब 946 हो गया है। उन्होंने कहा कि पांच जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के पहले पूर्व पुनरीक्षण गतिविधि के अलावा अन्य जरूरी कार्यों का निपटारा कर लिया जायेगा। इस महती कार्य के लिए सभी से अपील की गयी है। ताकि कोई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

### जिला परिषद के पति सहित दो को गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी थाना पुलिस व पटना मद्य निषेध टीम ने संयुक्त कारवाई करते हुए स्प्रिट जब्ती मामले में जिला परिषद के पति सहित दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पीपराकोठी जिला परिषद नीतू गुप्ता के पति जीवधारा के रंजीत गुप्ता व किशुनपुर के नागेंद्र पूरी शामिल हैं। उक्त दोनों साल 2021 में गया जिला के रामपुर थाना में 8200 लीटर स्प्रिट बरामदगी के मामले में मुख्य अभियुक्त थे। मामले में कोटवा के एक अन्य आरोपी को गत एक माह पूर्व गिरफ्तार किया गया था।मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर बेलवतिया से एक शादी से लौटने के क्रम में दोनों को एक कार से गिरफ्तार किया गया।

### डीएमसीएच को मिला नीतीश सरकार का तोहफा, नये बेड के लिए 2546 करोड़ स्वीकृत

**दरभंगा।** बिहार में सत्तारूढ़ जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सह बेनीपुर विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने आज कहा कि राज्य में नीतीश सरकार के विकास कार्य हर तरफ दिखाई देते है। श्री चौधरी ने मंगलवार को यहां कहा कि नीतीश सरकार के द्वारा दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच), दरभंगा में नये अस्पताल में 2100 बेड के लिए 2546.41 करोड़ रुपये की मंजूरी इसका ज्वलंत उदाहरण है जिसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पात्र है। इसके निर्माण से दरभंगा और आसपास के एक दर्जन जिलो में स्वस्थ्य सेवा की ब्यबस्था बेहतर हो जायेगी।

### विभिन्न हादसे में तीन लोगों की मौत, 14 घायल

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चौदह लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के हुलास गांव के ठक्कन चौक पर स्कूटी और मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें स्कूटी पर सवार आदित्य राज 25 वर्ष एवं अभिनव कुमार 27 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दोनों ही मृतक सरकारी कर्मचारी थे जो इस जिले के अलग-अलग स्थानों पर कार्यरत थे। मृतक आदित्य राज वैशाली जिले और अभिनव कुमार पटना जिले का रहने वाला था। मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग भी घायल हो गये।

### सारण : हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तेरहएडीजे तेरह रघुबंश नारायण ने मांझी थाना कांड संख्या 301/21 के सत्रवाद 2/22 में सजा की बिंदु पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपने पड़ोसी की हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त को सश्रम कारावास और जुमार्ना की सजा सुनाई है।

### 6 गौवंश सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**किशनगंज।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 19 वीं वाहनी ठाकुरगंज की एफ समवाय की वाह्य सीमा चौकी टावलवीटा के जवानों द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर विशेष गश्त के दौरान गौवंश तस्करी करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए भारत-नेपाल सीमा 06 गौवंश (भैस) लदे एक बोलेरो (पिकअप) सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इन गौवंश को बोलेरो में भर कर अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। बोलेरो पिकअप संख्या-BR-07जीबी-4178 में 03 भैंसों सहित 03 भैंस के बच्चे लदे थे। गिरफ्तार किये गए तस्करों में सुरेश राय, पिता-बुधु राय, मथूआधर्मपुर, पोस्ट-खेरी दिलमानपुर बोहर, थाना-खानपुर, जिला-समस्तीपुर निवासी और राकेश राय, पिता-जगदीश रॉय शामिल थे।

## कैबिनेट : एमएलए-एमएलसी के फंड बढ़ाए जाने समेत कुल 12 एजेंडों पर मुहर

**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई बैठक में विधायकों-विधानपरिषदों के फंड बढ़ाये जाने समेत कुल 12 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि विधायकों-विधान पार्षदों को हर साल मिलने वाले फंड में बढ़ोतरी कर दी गई है। अब सभी विधायक हर साल चार करोड़ रुपये की योजनाओं की अनुशंसा कर सकेंगे। अब तक सभी विधायक-विधान पार्षद तीन करोड़ तक की योजनाओं की अनुशंसा करते थे। नीतीश सरकार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से प्रति विधान मंडल सदस्य हर साल तीन करोड़ की सीमा तक योजनाओं की अनुशंसा करते थे लेकिन निर्माण सामग्री में बढ़ोतरी की वजह से पूर्व के प्रावधान में बदलाव किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रति विधानमंडल सदस्य हर साल चार करोड़ रुपये




की सीमा तक योजनाओं की अनुशंसा कर सकते हैं। सिद्धार्थ ने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 2500 बेड का बनाया जाएगा। पूर्व से चार सौ बेड के सर्जिकल ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। शेष 2100 बेड के भवन का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए 2546 करोड़ 41 लाख रुपये खर्च होंगे। इस राशि से भवन निर्माण के साथ-साथ उपकरणों की खरीद एवं 5 साल तक के लिए रख-रखाव होगा। कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि दक्षिण- उत्तर बिहार के कुल 61 किलोमीटर सड़क निर्माण को लेकर 234 करोड़ तीस लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। राजगीर में लगने वाले मलमास मेले के लिए 22 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। बिहार आकस्मिकता निधि से पैसा खर्च होगा। वाणिज्य कर विभाग के 9 बड़े अंचल पटना मध्य, पटना दक्षिणी, दानापुर, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, गया, मुजफ्फरपुर पश्चिमी तथा सारण अंचल छपरा के विभाजन की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग का नाम बदला गया है। नया नाम होगा विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग। किशनगंज में आठ एकड़ गैर मजरूआ जमीन को नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावास निर्माण के लिए निशुल्क हस्तांतरित किया गया है। दरभंगा शहर में जल निकासी के लिए 235 करोड़ 20 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि बुडको को कार्यकारी एजेंसी तय किया गया है।

## प्रेम विवाह करने वाले प्रेमी की गड्ढे में मिली लाश

**बेगूसराय (हि.स.)।** बेगूसराय में प्रेम प्रसंग में विवाह करने वाले प्रेमी की हत्या कर शव फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के सुरो गांव की है। मृतक की पहचान सुरो निवासी फूलचंद सहनी के पुत्र राहुल कुमार सहनी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि करीब छह माह पहले राहुल प्रेम प्रसंग अपने पड़ोस की ही एक लड़की को भगाकर ले गया तथा शादी कर ली थी। शादी कर कुछ दिन बाहर रहने के बाद दोनों गांव आ गए तथा राहुल पत्नी के साथ ससुराल में ही रहने लगा। ससुराल में ही रहकर वह ट्रक चलाकर भरण पोषण कर रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार को राहुल को गांव में देखा गया था। उसके बाद



लोगों को लगा कि ट्रक ड्राइवर रहने के कारण कहीं बाहर गया होगा। इसी बीच मंगलवार को कुछ बच्चे जब बगीचा की ओर जा रहे थे तो गड्ढे में एक शव देखकर ग्रामीणों को सूचना दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, इसके बाद शव की पहचान हो सकी। शव पाए जाने की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के गले पर गहरे जख्म का निशान हैं तथा चेहरा भी जलाया गया है। आशंका जताई जा रही है कि धारदार हथियार से गला काटकर हत्या करने के बाद पहचान मिटाने के लिए तेजाब डालकर चेहरे को जलाया गया है। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि शव पाये जाने की सूचना मिलते ही बछवाड़ा थानाध्यक्ष की टीम पहुंची तथा शव का पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### सिलिंडर विस्फोट से लगी आग में दर्जन भर दुकान जलकर राख

**पूर्वी चंपारण।** जिले बनकटवा प्रखंड के नहर चौक स्थित एक मिठाई दुकान में मध्य रात्रि सिलिंडर विस्फोट से आग लग गयी। जिसकी चपेट में आने से करीब दर्जन भर दुकान जल कर राख हो गई।वही सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशामक गाड़ियों ने स्थानीय ग्रामीणो के सहयोग से भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान में रखा गया सिलिंडर विस्फोट कर गया और आग ने कई दुकानों को अपनी आगोश में ले लिया। आग से पीड़ित दुकानदारों में अखिलेश सिंह, मेराज, त्रिभुवन बैठा, बाइक रिपेयरिंग दुकानदार सरोज, मिठाई दुकानदार मुकेश साह व सैलून भुनेश ठाकुर शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ श्रीराम मंदिर के दरवाजे का कार्य

**अयोध्या।** रामसेवकपुरम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगलवार को निमार्णाधीन राम मंदिर के भूतल में लगने वाले दरवाजों को तैयार करने के लिए कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि मंदिर में कुल 42 दरवाजे लगाए जाने हैं, जिसमें भूतल पर गर्भगृह समेत 18 दरवाजे लगने हैं।

### तमिलनाडु के बिजली मंत्री के घर इडी का छापा

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी और उनके भाई अशोक के आवास पर छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह छापेमारी बालाजी के चेन्नई और करुर स्थित आवास पर की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इडी के अधिकारियों ने मनी लांड्रिंग मामले में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी और उनके भाई अशोक के गृहनगर करूर स्थित आवास पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक इडी की यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

### मिजोरम में 31 करोड़ की हेरोइन बरामद पांच गिरफ्तार

**आइजोल।** मिजोरम में छह किलोग्राम हेरोइन जब्त की गयी है। इसकी कीमत 31 करोड़ रुपये आंकी गयी है। इस संबंध में पड़ोसी देश म्यांमार का एक और असम के कछार जिला निवासी चार कुल पांच ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

### कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले की नियंत्रण रेखा के समीप दोबनार माछिल इलाके में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के दौरान दो आतंकियों को मार गिराया है। क्षेत्र में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है।

### बेस्ट बेकरी हमला मामले में दो आरोपी बरी

**मुंबई।** मुंबई की सेशन कोर्ट ने मंगलवार को गुजरात के 2002 के बेस्ट बेकरी भीड़ हमला मामले में दो आरोपितों को निर्दोष बरी कर दिया है। इस मामले में भीड़ के हमले में 14 लोग मारे गए थे। इस मामले में आज फैसला सुनाते हुए सेशन कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश एम.जी. देशपांडे ने आरोपित हर्षद सोलंकी और मफत गोहिल को सभी आरोपों से बरी कर दिया। जानकारी के अनुसार, 01 मार्च 2002 को गोधरा कांड के दो दिन बाद भीड़ ने वड़ोदरा में बेस्ट बेकरी पर हमला किया, उसे लूट लिया और जला दिया था।

# रूस के एस-350 ने यूक्रेन में किया पहला शिकार

## बिना किसी इंसानी मदद के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लक्ष्य को किया तबाह

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के एस-350 मिसाइल सिस्टम ने पहली बार यूक्रेन में एक वास्तविक लक्ष्य को नष्ट किया है। रूस का दावा है कि यह इकलौता ऐसा डिफेंस सिस्टम है, जो हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी नष्ट कर सकता है। रूस के इस एलान ने पश्चिमी देशों की टेंशन बढ़ा दी है। रूस के एस-350 वाइटाज मिसाइल सिस्टम की तुलना अमेरिकी पैट्रियट से की जाती है।

रूस का दावा है कि एस-350 कम ऊंचाई पर उड़ रहे लक्ष्य को आसानी से मार गिरा सकता है, जबकि अमेरिकी पैट्रियट ऐसा नहीं कर सकता। रूस ने एस-350 मिसाइल सिस्टम को बेंगलुरू के येलहंका वायु सेना अड्डे पर आयोजित एयरो इंडिया 2023 अंतरराष्ट्रीय एयर शो में भी प्रदर्शित किया था।

रूस के उद्योग मंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा परिसर एस-350 वाइटाज ने यूक्रेन में मास्को के विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में युद्ध संचालन के दौरान पहली बार एक वास्तविक हवाई लक्ष्य को स्वचालित रूप से नष्ट कर दिया है। मंटुरोव ने कहा कि अभी हाल ही में ओबुखोव प्लांट ने घोषणा की है कि एस-350 वाइटाज एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम ने पहली बार ऑटोमेटिक मोड में स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन के क्षेत्र में एक लक्ष्य को हिट किया है। इस दौरान मिसाइल सिस्टम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया है। इस दौरान इसने बिना किसी इंसानी मदद के काम किया है।

**हाइपरसोनिक मिसाइलों को नष्ट कर सकता है एस-350 :** मंटुरोव ने दावा किया कि एस-350 वाइटाज वर्तमान में दुनिया में एकमात्र ऐसा एयर डिफेंस सिस्टम है, जो हाइपरसोनिक मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। यह सिर्फ रूसी सेना के पास मौजूद है। रूस ने इसी साल मई में एस-350 वाइटाज को पहली बार यूक्रेन में मिलिट्री ऑपरेशन वाले इलाकों में तैनात किया था। यह सिस्टम यूक्रेनी लड़ाकू विमानों और ड्रोन को स्वतः पता लगाने, ट्रैकिंग करने और नष्ट करने में सक्षम है।

### नाटो के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू



**बर्लिन (हि.स.)।** जर्मनी के आसमान पर इस समय 250 लड़ाकू विमान गरज रहे हैं। नाटो के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। युद्धाभ्यास 'एयर डिफेंडर-2023' का समापन 23 जून को होगा। नाटो के इस युद्धाभ्यास को रूस के खिलाफ सबसे बड़ी जंगी तैयारी माना जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में 25 देशों के करीब 10,000 सैनिक और 250 विमान हिस्सा ले रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस दौरान यह सैनिक और विमान रूस पर छद्म हमले का अभ्यास करेंगे। इस युद्धाभ्यास के लिए अकेले अमेरिका ने 2000 एयर नेशनल गार्ड और लगभग 100 विमानों को भेजा है। इस 'एयर डिफेंडर-2023' में गैर नाटो देश स्वीडन और जापान के लड़ाकू विमान भी हिस्सा ले रहे हैं। युद्धाभ्यास के आयोजन के प्रमुख भागीदार जर्मन वायुसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इंगो गेरहार्ट्ज ने कहा कि यह अभ्यास एक संकेत है। हमारे लिए सबसे ऊपर अपने नागरिकों की रक्षा है। नाटो देशों के लिए हम जल्द प्रतिक्रिया देने की स्थिति में हैं। ऐसे अभ्यासों से हम हर लिहाज से गठबंधन का बचाव करने में सक्षम होंगे। गेरहार्ट्ज ने कहा कि उन्होंने 2018 में अभ्यास का प्रस्ताव दिया था, लेकिन तब के किसी न किसी वजह से अभ्यास टलता रहा और इसे अब आयोजित किया जा रहा है।

# बाइडन परिवार 21 जून को मोदी के लिए रात्रिभोज आयोजित करेगा

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 21 जून को एक आत्मीय रात्रिभोज की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। यह जानकारी देते हुए अमेरिका के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि इसके एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में राजकीय रात्रिभोज का आयोजन किया जायेगा।

जो बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने मोदी को एक आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान 22 जून को साउथ लॉन्स में एक स्वागत समारोह आयोजित किया जायेगा और बाद में रात को यहीं पर राजकीय रात्रिभोज का आयोजन होगा। इसमें मनोरंजन का विशेष प्रबंध होगा। अभी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है कि इस रात्रिभोज का आयोजन कहां किया जायेगा। जानकारी के अनुसार, अमेरिका पहुंचने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वह वाशिंगटन डीसी जायेंगे। मोदी की यात्रा के दौरान 22 जून का दिन व्यस्त रहेगा। दिन के आखिर में राजकीय भोज का आयोजन किया जायेगा। अनुमान के अनुसार, इस राजकीय भोज में उन लोगों को आमंत्रित किया गया है, जो अमेरिका और भारत के बीच संबंधों के हितधारक हैं।

# बैरकपुर कैंप में पाकिस्तानी नागरिक की तैनाती का दावा, हाइकोर्ट में याचिका

### कलकत्ता हाइकोर्ट ने सीआइडी को तुरंत कार्रवाई का दिया निर्देश

**कोलकाता (हि.स.)।** भारतीय सेना के बैरकपुर कैंप में पाकिस्तानी नागरिक की तैनाती का मामला सामने आया है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ में एक याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि दो पाकिस्तानी नागरिक इस समय बैरकपुर के सैन्य शिविर में काम कर रहे हैं। कलकत्ता हाइकोर्ट ने सीआइडी को शिकायत पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में चिंतित न्यायाधीश ने कहा, ऐसी आशंका है कि आइएसआइ भारतीय सेना में लोगों को शामिल करने की कोशिश कर रही है। यह एक गंभीर आरोप है। जीओसी आंतरिक कमान, सेना और सैन्य पुलिस को भी इस मामले में पार्टी बनाने का आदेश दिया गया है। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि भारतीय सेना में पाकिस्तानी नागरिकों को भर्ती किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। याचिकाकर्ता का दावा है कि दो पाकिस्तानी नागरिक बंगाल के बैरकपुर कैंप में काम कर रहे हैं, आरोप है कि यह नियुक्ति कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा के जरिये की गयी है। दावा किया जाता है कि इसके पीछे पुलिस और प्रशासन के एक हिस्से का सहयोग रहा है। पुलिस सहित प्रशासन के अधिकारियों पर फर्जी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बनवाकर सहयोग करने का आरोप है। जस्टिस मंथा चिंता जताते हुए कहा, यह एक गंभीर आरोप है। देश की सुरक्षा में खलल डालने का आरोप है। ऐसी आशंका है कि आइएसआइ लोगों को भारतीय सेना में शामिल करने की कोशिश कर रही है। सीआइडी की प्रारंभिक रिपोर्ट तलब की गयी है। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को है।

### ट्विटर के पूर्व सीइओ के बयान को केंद्रीय मंत्री ने बताया सफेद झूठ

**नयी दिल्ली।** ट्विटर के पूर्व सीइओ जैक डोर्सी के बयान से देश की राजनीति को एक और मुद्दा मिल गया है। सरकार ने डोर्सी के बयान को सफेद झूठ बताया है। ट्विटर के पूर्व सीइओ ने सोमवार को एक यूट्यूब पॉडकास्ट में कहा था कि किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार की ओर से कंपनी पर दबाव डाला गया था। सरकार आलोचना करने वाले पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई चाहती थी। धमकी भी दी गयी थी कि उसके कर्मचारियों पर छापे मारे जायेंगे और उन्हें जेल भेजा जायेगा।

# जी-20 देशों के विकास मंत्रियों सहित 200 मेहमान तथागत की प्रथम उपदेश स्थली देख हुए अभिभूत

### डॉ जयशंकर के नेतृत्व में मेहमानों ने सारनाथ में किया भ्रमण

**वाराणसी (हि.स.)।** जी-20 समिट के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को विदेशी मेहमानों ने ऐतिहासिक सारनाथ का भ्रमण किया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के नेतृत्व में तथागत की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ पहुंचे दुनिया के 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के विकास मंत्री सहित लगभग 200 मेहमानों का स्वागत 'हुड़क मजीरा और मयूर लोकनृत्य से किया गया। मेहमानों ने पुरातात्विक उत्खनित स्थल के अलावा धर्मराजिका स्तूप, अशोक की लाट और मूलगंध कुटी मंदिर का अवशेष देखा। धमेख स्तूप पर लगभग 26 सौ वर्ष पूर्व बनी कलाकृतियों को मेहमान अपलक देखते रहे।

वहीं, सारनाथ म्यूजियम में भगवान बुद्ध के अवशेषों और भारत के राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ को देख अभिभूत नजर आये। गाइड से मेहमान प्राचीन धरोहरों की जानकारी लेते रहे। खुद विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर भी बीच-बीच में गाइड की भूमिका में दिखे और मेहमानों को भारत के प्राचीन धरोहरों के बारे में बताते रहे। सारनाथ में जलपान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी कर मेहमान दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

ऐतिहासिक सारनाथ में जी-20 के मेहमानों के भ्रमण को देखते हुए नदेसर स्थित होटल से सारनाथ तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। सुरक्षा कारणों से आशापुर चौराहे से सिंहपुर अंडरपास तिराहे तक नो इंट्री जोन रहा। जी-20 की फ्लीट के लिए पूरे सड़क को खाली कराया गया था।

# किसानों के मोर्चे के कारण अमृतसर-दिल्ली मार्ग जाम



**चंडीगढ़ (हि.स.)।** हरियाणा सरकार तथा आंदोलनकारी किसानों के बीच मंगलवार को भी बातचीत के माध्यम से समाधान नहीं हुआ। करीब तीस घंटे से अमृतसर-दिल्ली मार्ग बंद होने के कारण हजारों यात्री परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को कुरूक्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों तथा किसानों के बीच दो बार बातचीत हुई, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया। इसके चलते कुरूक्षेत्र में जाम के साथ-साथ तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस बीच, अंबाला व आसपास के जिलों से पुलिस बल को कुरूक्षेत्र में तैनात कर दिया गया है।

सूरजमुखी की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा गिरफ्तार किये गये किसानों की रिहाई की मांग को लेकर किसान आंदोलन पर हैं। किसानों ने सोमवार दोपहर दो बजे से कुरूक्षेत्र में जाम लगाकर अमृतसर-दिल्ली मार्ग को रोका हुआ है। इस बीच, मंगलवार को जिला उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों के साथ किसान नेताओं की दो बार बैठक हुई। शाम को हुई बैठक में अधिकारी समय पर नहीं पहुंचने से गुस्साए किसानों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। कुछ समय बाद दोबारा बैठक शुरू हुई, जिसमें कोई सहमति नहीं बनी। किसान नेता राकेश टिकैत बैठक से यह कहते हुए बाहर निकले कि अब अब बड़ा प्रदर्शन करना पड़ेगा, तभी सरकार मानेगी।

### शांति सैनिकों की सुरक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग जरूरी : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्रों में तैनात संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवाचार और अधिक से अधिक सहयोग समय की मांग है। श्री सिंह ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना तंत्र के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को यहां भारतीय सेना द्वारा आयोजित एक विशेष सेमिनार को संबोधित करते हुए यह बात कही।

# विजय वर्मा से अफेयर की चर्चाओं पर तमन्ना भाटिया ने तोड़ी चुप्पी



**मनोरंजन** जगत में कई ऐसे अभिनेता हैं, जो अपने पेशेवर जीवन के साथ-साथ अपनी लव लाइफ के कारण भी हमेशा चर्चा में रहते हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और एक्टर विजय वर्मा भी ऐसे ही एक्टर्स में से हैं। दोनों के एक-दूसरे को डेट करने की काफी चर्चा है। कई बार दोनों को साथ देखा गया है। जब भी दोनों को एक साथ स्पॉट किया जाता है, तो उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब धूम मचाते हैं। फाइनली इस पर खुद तमन्ना ने चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आप किसी के प्रति आकर्षित हैं, क्योंकि वह आपका को-स्टार है। मेरे कई को-स्टार हैं। यदि कोई किसी के लिए कुछ महसूस करता है, तो यह निश्चित रूप से अधिक व्यक्तिगत होता है। फिर इसका उसके द्वारा किये जाने वाले कार्य से कोई लेना-देना नहीं है। इस इंटरव्यू में विजय के बारे में बात करते हुए तमन्ना ने कहा, वह जिस तरह के इंसान हैं, मैं वास्तव में अपनी जिंदगी में किसी को चाहती हूं। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। जब आप एक साथी की तलाश कर रहे होते हैं, तो आपको व्यक्ति के आधार पर अपने बारे में बहुत कुछ बदलना पड़ता है। लेकिन, मैंने अपने लिए एक दुनिया बनायी है और यहां एक शख्स है, जो मुझे बदले बिना मेरी दुनिया को समझता है। तमन्ना ने विजय वर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा, वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनकी मैं बहुत परवाह करती हूं और हां वह मेरी खुशी का स्रोत हैं। अब कहा जाता है कि उन्होंने विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते को लॉक कर दिया है।

# शाह ने की आपदा प्रबंधन को आठ हजार करोड़ की तीन योजनाओं की घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में देश में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी ढांचे और मौजूदा व्यवस्था तथा तंत्र को मजबूत बनाने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की तीन बड़ी योजनाओं की घोषणा की है।

पहली योजना के तहत राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए पांच हजार करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की जायेगी। इसका उद्देश्य अग्निशमन तंत्र तथा ढांचे को अत्याधुनिक तथा पुख्ता बनाना है। दूसरी योजना के तहत शहरी बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे, के लिए 2,500 करोड़ रुपये की परियोजना चलायी जायेंगी। इनसे बाढ़ से निपटने की व्यवस्था को पुख्ता बनाने के साथ-साथ ठोस समाधान की दिशा में भी कार्य किया जायेगा। तीसरी योजना में भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन योजना शुरू की जायेगी।




# फोर्ब्स की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज 45वें और स्टेट बैंक 77वें स्थान पर




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। फोर्ब्स की नवीनतम ग्लोबल 2000 सूची में आरआइएल आठ पायदान की छलांग के साथ 45वें स्थान पर पहुंच गयी है। इस सूची में किसी भी भारतीय कंपनी के मुकाबले यह सर्वोच्च स्थान है।

बिजनेस मैग्जीन फोर्ब्स ने 2023 के लिए दुनिया की शीर्ष 2000 कंपनियों की सूची जारी की है। फोर्ब्स ने इसे चार कारकों, बिक्री, लाभ, संपत्ति और बाजार मूल्यांकन के आधार पर तैयार किया है। इस सूची में अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन 2011 के बाद पहली बार शीर्ष पर है, जिसकी कुल संपत्ति 3700 अरब डॉलर है। सऊदी तेल कंपनी अरामको दूसरे स्थान पर है।

फोर्ब्स की सूची में कुल 55 भारतीय कंपनियों को शामिल किया गया है। सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज को 109.43 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री और 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर के लाभ के साथ 45वां स्थान मिला है। समूह का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार तक फैला हुआ है। आरआइएल सूची में जर्मनी के बीएमडब्ल्यू समूह, स्विट्जरलैंड के नेस्ले, चीन के अलीबाबा समूह, अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल और जापान की सोनी से आगे है।

सूची के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 77वें स्थान (2022 में 105वां स्थान), एचडीएफसी बैंक को 128वां स्थान (2022 में 153वां स्थान) और आइसीआइसीआइ बैंक 163वें स्थान (2022 में 204वां स्थान) पर है। सूची में ओएनजीसी 226वें, एलआईसी 363वें, टीसीएस 387वें, एक्सिस बैंक 423वें, एनटीपीसी 433वें, लार्सन एंड टुब्रो 449वें, भारती एयरटेल 478वें, कोटक महिंद्रा बैंक 502वें, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 540वें, इंफोसिस 554वें और बैंक ऑफ बड़ौदा 586वें स्थान पर हैं।

## वाणिज्य की खबरें

# शेयर बाजार में दिखा जोश, निवेशकों को 2.07 लाख करोड़ का फायदा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मजबूत ग्लोबल सकेतों और महंगाई के मोर्चे पर राहत मिलने की खबर ने मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में जोश भर दिया। खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार आज 0.6 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स आज एक बार फिर 63 हजार अंक के स्तर को पार करके बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी ने भी 187,00 अंक ऊपर जाकर आज के कारोबार का अंत किया। दिनभर के कारोबार में आई तेजी के कारण शेयर बाजार के निवेशकों को एक दिन में ही 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा हो गया।

बीएसइ का सेंसेक्स आज सपाट स्तर पर 54.43 अंक की मामूली बढ़त के साथ 62,779.14 अंक के स्तर पर खुला। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 418.45 अंक उछल कर 63,143.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसइ के निफ्टी ने आज 30.30 अंक की बढ़त के साथ 18,631.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 114.65 अंक की मजबूती के साथ 18,716.15 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

### सेंसेक्स 63 हजार और निफ्टी 18,700 अंक के पार पहुंचे

### बढ़ती कीमतों पर सरकार की नजर, खाद्य सचिव ने की राज्यों के साथ बैठक

**नयी दिल्ली।** गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए मंगलवार को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण सचिव संजीव चोपड़ा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सोमवार को अधिसूचित गेहूं स्टॉक लिमिट आदेश एवं उसके अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही, केंद्र ने पहले चरण में 15 लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल को बाजार में उतारने के सरकार के फैसले के बारे में भी बताया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने कल थोक विक्रेताओं, व्यापारियों, खुदरा व्यापारियों, बड़ी श्रृंखला और प्रोसेसर पर गेहूं की स्टॉक सीमा लागू कर दी थी। खुले बाजार में बिक्री योजना (घरेलू), ओएमएसएस (डी) के तहत गेहूं और चावल को बेचने का भी फैसला किया गया है। इन उपायों का उद्देश्य कीमतों को कम करना और जमाखोरी और अटकलों को रोकना था।



# 30 सालों की बंधक बनी जिंदगी से आजाद बूढ़ा पहाड़ के ग्रामीण



## कुबेर सिंह की विशेष रिपोर्ट

**मौत से पहले मिली नई जिंदगी, जहां लोग नहीं जानते थे पीएम-सीएम का नाम अब बदल रही तस्वीर**

लातेहार का बूढ़ापहाड़ की सुनसान वादियों में 30 साल के बाद एक बार फिर नई सुबह की उम्मीदें जगी हैं। करीब तीन दशक तक माओवादियों के कब्जे में रहने वाले बूढ़ा पहाड़ की तस्वीर अब बदलने लगी है। कुछ महीने पहले तक बूढ़ापहाड़ पर कोई नहीं जाता था। दम तोड़ते सपने, आखिरी सांसें गिनती उम्मीदें और दिन के उजाले में भी पसरा सन्नाटा बूढ़ा पहाड़ में बसे लोगों की नियति बन चुकी थी। उज्ज्वला योजना की प्रसिद्धि के बीच जलावन के लिए लकड़ियां बेचने कोसों दूर जाती कुपोषित बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीर, सड़े पानी में मछलियां ढूंढते छोटे-छोटे बच्चे सरकार की हर बच्चे को निःशुल्क शिक्षा योजना की सच्चाई चीख-चीख कर कहानी बयां करती थी। दिन भर पेड़ की छांव में ताश के पत्ते में उलझे युवा सरकार के हर व्यक्ति को रोजगार के दावे पर भी दावं लग गया था। ऐसे में राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन की पहल ने अब बूढ़ा पहाड़ को जवान बना दिया है।

### बूढ़ा पहाड़ की सच्चाई को बता पाना था मुश्किल

**झारखंड** और छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ को खुद अपनी सच्चाई बता पाना भी मुश्किल लग रहा था। बूढ़ा पहाड़ 30 सालों तक अपने ही राज्य के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक था। बंदूकों की तड़तड़ाहट के बीच कब मौत आ जाए, ग्रामीणों को नहीं पता था। लेकिन, अब वहां के ग्रामीणों को मौत से पहले ही एक नई जिंदगी मिल गई। जब प्रतिनिधियों ने सीएम हेमंत सोरेन को वहां की दशा बताई तो वे खुद वहां पूरे पुलिस-प्रशासनिक महकमे के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया।

### तेज हुई आर्थिक गतिविधियां

**बूढ़ा पहाड़** की तलहटी में बसे नवाडीह, चरहु और तिसिया समेत कई ऐसे गांव थे, जहां माओवादियों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया था, जहां उनकी मर्जी के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता था। खौफ का ऐसा मंजर था कि सरकारी अधिकारी-कर्मचारी तो दूर सुरक्षाबल के जवान भी इलाके में नहीं जाते थे। बूढ़ा पहाड़ की सुबह कभी आइडी ब्लास्ट और गोलियां की तड़तड़ाहट से शुरू होती थी। अब बूढ़ा पहाड़ के विभिन्न गांवों में सुबह की शुरूआत स्कूल जाने वाले बच्चों की चहचहाहट से होती है। बूढ़ा पहाड़ के कुछ गांवों में रहने वाले बच्चे सीआरपीएफ की 172वीं बटालियन में भी पहुंच कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सीआरपीएफ उन्हें निःशुल्क शिक्षा के साथ खेलकूद के सामान भी उपलब्ध कराया है।

### जनजीवन हो रहा सामान्य

**बूढ़ा पहाड़** इलाके में बसे विभिन्न गांवों में अब बाजार सजने लगे हैं। सुरक्षाबलों की मौजूदगी ने माओवादियों का खौफ खत्म कर दिया है। सुरक्षाकर्मी भी बुनियादी जरूरतों के सामानों की खरीदारी गांव में ही कर रहे हैं। सामानों की बिक्री होने से गांव के लोगों को आर्थिक मदद मिली, सुरक्षा बलों के कैंप में दूध, दही, सब्जी और अन्य सामान गांव से पहुंच रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ से ग्रामीण आत्मनिर्भर बन रहे हैं। वहीं तालाब, डोभा और सड़क निर्माण समेत अन्य योजनाओं के कारण स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है। जिसके कारण पूरे इलाके में आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। लातेहार के एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में श्रमदान कर बूढ़ा पहाड़ के गांवों तक पहुंचने के लिए तीन पुलिया का निर्माण किया गया। कच्ची सड़क की भी मरम्मत की गई। अब ग्रामीण आसानी से साइकिल,मोटरसाइकिल से आवागमन करने लगे है। जबकि सड़क पहले से बेहतर होने के कारण ग्रामीण दुकानदार जरूरत के सामान भाड़े के वाहन से गांव तक ले जाने लगे हैं।

बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों के बंकर से मिले डेढ़ टन चावल और 60 से ज्यादा लैंड माइंस

झारखंड और छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों के ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बंकर करीब 60 से ज्यादा लैंड माइंस और डेढ़ हजार किलो के करीब चावल मिला था।

बूढ़ा पहाड़ बेहद दुर्गम इलाका था। जिस तरह लंका दहन के लिए राम सेतु का निर्माण किया गया था।कुछ उसी तरह बूढ़ा पहाड़ पर पहुंचने के लिए ओणम सेतु बनाया गया।

वो 1990 का दौर था. देश के कई हिस्सों में नक्सलवाद के पांव जमे हुए थे। ऐसा ही एक हिस्सा था- बूढ़ा पहाड़। झारखंड का बूढ़ा पहाड़, जो छत्तीसगढ़ की सीमा से सटता है और बड़ा ही दुर्गम इलाका है। वहां पहुंच काफी मुश्किल थी और यही वजह थी कि नक्सलियों ने यहां अपना गढ़ बना रखा था। आईडी बम लगाकर सुरक्षाबलों की हत्या कर देना, पुलिस मुखबिरी के नाम पर गांव के लोगों को मार डालना नक्सलियों के लिए आम था। अपने अभेद्य किले से नक्सली न केवल झारखंड में खूनी खेल खेलते थे, बल्कि बिहार और छत्तीसगढ़ में भी नक्सल ऑपरेशन की रणनीति तैयार करते थे। यह एक तरह से नक्सलियों का बेस कैंप था। तीन दशक के बीच नक्सलियों के खिलाफ कई बार पुलिस की ओर से अभियान चलाए गए।

### जब 2018 में रोकना पड़ा था ऑपरेशन

झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा के बीच स्थित बूढ़ा पहाड़ लंबे समय तक नक्सल गतिविधियों का केंद्र रहा। भौगोलिक रूप से दुर्गम इस क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की पहुंच बेहद मुश्किल थी। ऐसे में बूढ़ा पहाड़ कई दशकों तक नक्सलियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना रहा। 2018 में जब नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया गया तो इसमें सुरक्षाबलों को जान गंवानी पड़ी थी।

जून में अभियान के दौरान जब पुलिस की टीम बूढ़ा पहाड़ पर चढ़ाई करने की कोशिश कर रही थी, तब नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस विस्फोट के कारण 6 जवान शहीद हो गए थे जिस कारण ऑपरेशन को बीच में रोकना पड़ा। इसके बाद भी प्रयास किए गए, लेकिन अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी।

### ओणम सेतु बनाकर पहुंचे

बूढ़ा पहाड़ बेहद दुर्गम इलाका था। जिस तरह लंका दहन के लिए राम सेतु का निर्माण किया गया था। कुछ उसी तरह बूढ़ा पहाड़ पर पहुंचने के लिए ओणम सेतु बनाया गया। यह पहाड़ पर नक्सलियों के गढ़ तक पहुंचने का एक पहाड़ी रास्ता है। चूंकि ओणम त्योहार के दिन इसका निर्माण हुआ, इसलिए इसे ओणम सेतु नाम दिया गया। इसके साथ ही टेटुक नाले में भी पुल बनवाया गया। ओणम सेतु बनाने के साथ ही नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में तेजी आ गई थी।

### ऑपरेशन ऑक्टोपस से भागे नक्सली

वर्ष 2021 में एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया। एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने आईजी अभियान और एसटीएफ के डीआईजी के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई थी। पुलिस की टीम पहाड़ के निचले हिस्से में कैंप स्थापित करने लगी।

## सीएम हेमंत का किया शुक्रिया

### 100 करोड़ की योजनाओं से ग्रामीणों को मिल रही मदद

**करीब** तीन दशकों तक माओवादियों के लिए सेफ जोन रहे बूढ़ा पहाड़ के लिए राज्य सरकार की ओर से लगभग 100 करोड़ की लागत से कई योजनाएं शुरू की गई है। बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना के तहत ग्रामीणों को मिनी ट्रैक्टर, पंपसेट, बीज, कृषि उपकरण और राशन किट भी देने की घोषणा की गई है। तालाबों का जीर्णोद्वार, तालाब निर्माण, गाय और बकरी पालन समेत 100 से अधिक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

## माओवादियों के अर्थतंत्र को तगड़ा झटका



अमोल होमकर

**माओवादियों** ने करीब 30 वर्षों तक बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा बनाए रखा। बूढ़ा पहाड़ इलाके से ही माओवादी छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के विभिन्न इलाकों में नक्सली वारदात को अंजाम देते थे, फिर सुरक्षित ठिकानों में छुप जाते थे। इलाके में जो भी सरकारी योजनाएं चलती थी, उसका एक हिस्सा माओवादियों के पास चला जाता था। लेकिन अब बूढ़ा पहाड़ इलाके से माओवादियों का कब्जा समाप्त हो चुका हैं, इससे उनके अर्थतंत्र को भी तगड़ा झटका लगा है। सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के अलावा पैसे के अभाव में संगठन अब धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। (आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता झारखंड)

## झारखंड के इस पहाड़ को बूढ़ा पहाड़ क्यों कहते हैं?



**क्या आप जानते हैं कि झारखंड के इस पहाड़ को बूढ़ा पहाड़ क्यों कहते हैं, आखिर बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों का सबसे बढ़ा गढ़ क्यों है, जहां नक्सली चिंतामुक्त होकर शासन-प्रशासन के लिए चुनौती पेश करते हैं। झारखंड पुलिस ने अब इसी पहाड़ से नक्सिलयों की ओर से लगाए गए 120 आइईडी बम बरामद किया है।**

### नक्सलियों के लिए मुफीद जगह है बूढ़ा पहाड़

झारखंड के जंगल में यह सबसे पुराना और बड़ा पहाड़ है। इसीलिए इसे बूढ़ा पहाड़ कहते हैं। यह नक्सलियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है। यह काफी वीहड़ और दुर्गम क्षेत्र में स्थित है। इसलिए यहां नक्सली आसानी से रहते हैं। यह क्षेत्र कभी नक्सलियों का सबसे बड़ा गढ़ था। यहां नक्सली आइईडी बम लगाकर रखते हैं। ताकि सुरक्षा बल आते ही विस्फोट में मारे जाएं। जानकारी के मुताबिक यहां से बरामद किए गए सभी आइईडी को मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया। इसके बाद आगे भी जंगलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पूरी कार्यवाही को सीआरपीएफ की 172 बटालियन और 203 कोबरा बटालियन सहित झारखंड पुलिस के साथ मिलकर अंजाम दिया गया।

### ऑक्टोपस अभियान में मिले थे 200 बम

गौरतलब है कि इसके पहले भी इसी इलाके से करीब 200 आइईडी बरामद किए गए थे। दरअसल पिछले महीने बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने के लिए चलाए गए ऑक्टोपस नामक अभियान के दौरान जब से बूढ़ा पहाड़ पर सीआरपीएफ की बटालियन ने अस्थाई कैंप स्थापित किया है, तब से नक्सली अपने इस सुरक्षित ठिकाने को छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। यही वजह है कि जवानों द्वारा काफी बड़े इलाके में फैले इस जंगल के क्षेत्रों में लगातार सर्च अभियान चलाकर विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

# आखिर 30 साल बाद दुर्गम, दुर्दांत बूढ़ा पहाड़ पर पहुंची 'सरकार'

**दुर्गम, दुर्दांत बूढ़ा पहाड़ पर आखिरकार 30 साल बाद 'सरकार' के कदम पड़ ही गए. घने जंगलों में छिपा ये पहाड़ वो इलाका था जहां कभी नक्सलियों की अदालतें लगती थी और कुख्यात नक्सली अरविंद का हुक्म चलता था। माओवादी अपने फैसले सुनाते थे और जंगल में रहने वाली गरीब आदिवासी जनता इन फैसलों का पालन करने को मजबूर थीं।**

**पुलिस यहां आती नहीं थी। अधिकारी तो आस-पास भी नहीं फटकते थे। पुलिस-अधिकारी आते भी कैसे? घने जंगलों, गुफाओं से घिरे इस पहाड़ तक आने का कोई रास्ता ही नहीं था। ऊपर से माओवादियों का आतंक। राज्य सरकार के कानून यहां तक आते आते बेमानी हो जाते थे।**







# हेमंत सरकार की इच्छाशक्ति, पुलिसबलों का पराक्रम और आम लोगों का शासन- प्रशासन पर विश्वास नक्सल मुक्त हुआ बूढ़ा पहाड़

### बूढ़ा पहाड़ की जिओग्राफी

बूढ़ा पहाड़ झारखंड में स्थित एक क्षेत्र है। राज्य की राजधानी रांची से लगभग 150 किमी दूर नक्सल प्रभावित रहे लातेहार और गढ़वा जिलों के साथ स्थित 'बूढ़ा पहाड़' को 30 साल के बाद सुरक्षा बलों ने 'लाल आतंक' से मुक्त कराया था। इस क्षेत्र की सीमाएं झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से भी मिलती है। छत्तीसगढ़ में जब नक्सली खदेड़े जाते हैं तो वे इधर ही भागते हैं।

### लातेहार का दूसरा नाम था लाल गलियारा

बता दें कि नक्सलवाद से प्रभावित देश के 9 राज्यों के लगभग 60 जिलों के क्षेत्र को लाल गलियारा कहा जाता था। इन क्षेत्रों में नक्सलियों के आतंक को ही लाल आतंक कहा जाता था। हाल के सालों में रेड टेरर का असर काफी कम हुआ है।

नक्सलियों का मांद बन चुके बूढ़ा पहाड़ से उन्हें खदेड़ने के लिए अप्रैल 2022 में स्थानीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने ऑपरेशन चलाया। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भिड़ंत में 14 नक्सली मारे गए थे। अधिकारियों के मुताबिक इस ऑपरेशन के दौरान 590 नक्सलियों ने या तो सरेंडर किया या फिर वे गिरफ्तार कर लिए गए। नक्सलियों के खिलाफ अप्रैल में शुरू हुआ ये मिशन सितंबर में पूरा हुआ। जब सीआरपीएफ ने इस पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा दिया।

### ऑपरेशन ऑक्टोपस, ऑपरेशन बुलबुल और ऑपरेशन थंडर

सीआरपीएफ डीजी ने इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए कहा था कि झारखंड के बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त कराने के लिए ऑपरेशन ऑक्टोपस ऑपरेशन बुलबुल और ऑपरेशन थंडर चलाया गया था। जब ये पहाड़ नक्सलियों के चंगुल से मुक्त हुआ तो गृह मंत्री अमित शाह ने खुद ट्वीट कर इसके लिए सीआरपीएफ को बधाई दी थी. अमित शाह ने कहा था कि पहली बार बूढा पहाड़, चक्रबंधा और भीमबांध के दुर्गम क्षेत्रों से माओवादियों



को सफलतापूर्वक निकालकर सुरक्षाबलों के स्थाई कैंप स्थापित किए गए हैं।

गांव वालों में नक्सलियों का खौफ न हो इसलिए सीआरपीएफ ने इस जगह पर एक स्थायी कैंप बनाने का फैसला किया है। यहां नक्सलियों द्वारा बिछाए गए लैंड माइंस में कई बार झारखंड पुलिस और सुरक्षा बल चपेट में आए हैं। 2018 में जब पुलिस ने इस पहाड़ पर चढ़ने की कोशिश की थी तो नक्सलियों ने लैंड माइन ब्लास्ट किया था। इस ब्लास्ट की चपेट में कई पुलिसकर्मी आए थे।

साल 2021-22 में इस पहाड़ आखिरी धावे के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने रणनीति बनाई थी। इसके तहत पहले बूढ़ा पहाड़ के तराई वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने कैंप स्थापित किया और माओवादियों पर हमला किया। इसके बाद नक्सली अपने मांद से निकलने को मजबूर हो गए और सुरक्षा बलों की चंगुल में फंसने को मजबूर हो गए।

### 1990 से था नक्सलियों का कब्जा

पुलिस के अनुसार 1990 के दशक से बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों का कब्जा था। तब तो स्थिति और भी गंभीर थी। घने जंगल और भी ज्यादा थे। यहां हमेशा सेंट्रल कमेटी के नक्सलियों का अड्डा होता था। पुलिस ने बीच बीच में कई अभियान चलाए लेकिन कभी भी इस पहाड़ पर सुरक्षा बलों का कब्जा नहीं हो सका।

### पर्वतों को पार कर चोटी पर पहुंचना आसान नहीं

दरअसल पर्वतों को पार करके भी बूढ़ा पहाड़ की चोटी पर पहुंचना अभी भी आसान नहीं है। यहां या तो हवाई मार्ग से पहुंचा जा सकता है चॉपर के सहारे या फिर यहां के स्थानीय ग्रामीणों की तरह नंगे पांव।

### क्या कहा था हेमंत सोरेन ने

झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि यहां के लोगों को बंदूके नही बल्कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

झारखंड सरकार के अधिकारियों ने कहा कि 100 करोड़ रुपये की बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना (बीपीडीपी) गढ़वा में टिहरी पंचायत के 11 गांवों और लातेहार में अक्सी पंचायत के 11 गांवों को कवर करेगी। इस 100 करोड़ की रकम से यहां सरकार ने 175 योजनाएं शुरू की है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर इस राशि को बढ़ाकर 500 करोड़ किया जाएगा।